Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-261
रायपुर, बुधवार 14 मई 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज़

### न्यायमूर्ति गवई लेंगे उच्चतम न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ

**नयी दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई उच्चतम न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के



इतिहास में यह एक उल्लेखनीय मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश के जी बालकृष्णन के बाद अनुसूचित जाति समुदाय से न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुँचने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। उनकी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के सेवानिवृत्त होने के बाद हुई है। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया।

### बंगलादेश में जल्द कराये जायें चुनाव : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने बंगलादेश में लोकतंत्र का दायरा निरंतर सीमित होने पर गहरी चिंता व्यक्त



करते हुए कहा कि वहां जल्द से जल्द निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराये जाने चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में बंगलादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाये जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में एक तरीका होता है जो वहां नहीं अपनाया जा रहा। उन्होंने कहा कि बंगलादेश में लोकतंत्र का दायरा निरंतर सिकुड़ रहा है और लोकतांत्रिक आजादी को रोका जा रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि भारत का मानना है कि और उसका आह्वान है कि बंगलादेश में जल्दी से जल्दी निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराये जायें।

### मुनाफावसूली से ढह गया बाजार

**मुंबई।** विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर तूफानी तेजी के बाद ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से शेयर बाजार ढह गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1281.68 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 81,148.22 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद हुआ।

# भारत दुश्मन को मिट्टी में मिलाना जानता है

## भारतीय सेना पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों और उनके ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया

पायनियर संवाददाता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान को भारतीय सेना ने मिशन सिंदूर के माध्यम से यह बता दिया कि जरूरत पड़ी तो घर में घुसकर मारेंगे। ज्ञात हो पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतर संचालित आतंकवाद के ठिकानों और आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया। मिशन सिंदूर के दौरान 100 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने के खबर है। सेना के शौर्य और साहस पर हर भारतवासी गौरवांतित है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि अब बात सिर्फ पीओके पर होंगी। भारत न्यूक्लीयर दबाव नहीं सहेगा। वहीं मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदमपुर एयरबेस पहुंचकर वीर जवानों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। हमारी तीनों सेनाओं और सशस्त्र बलों का पराक्रम दुनिया भर में आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का पर्याय बना है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है लेकिन अगर उसकी ओर से किसी तरह का आतंकवादी या सैन्य दुस्साहस किया जाता है तो भारत उसे मिट्टी में मिलाने में कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान ने इस वायु सेना स्टेशन पर लड़ाकू विमानों तथा ड्रोन से असफल हमले का प्रयास किया था। मोदी ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली एस 400 के समक्ष जवानों को संबोधित कर पाकिस्तान के उस झूठ का भी पर्दाफाश कर दिया जिसमें इस प्रणाली को नष्ट करने का दावा किया गया था।



मोदी ने वायु यौद्धाओं के निरंतर भारत माता की जयघोष के नारों के बीच उनकी जमकर सराहना की और कहा कि उनकी वीरता और गौरव की कहानी ऑपरेशन सिंदूर की गूंज अब दुनिया भर में सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा, यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है लेकिन यदि मानवता पर हमला होता है तो यह भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी जानता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के विरूद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है यदि अब कोई आतंकी हमला होगा तो भारत उसका पक्का जवाब देगा। उन्होंने कहा, एयर स्ट्राइक के समय सबने देखा है और आपरेशन सिंदूर अब भारत का न्यू नार्मल है। हमने तीन सूत्र तय कर दिये हैं। यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ तो हम अपने तरीके और शर्तों पर तथा अपने समय पर जवाब देंगे। दूसरा भारत न्यूकलियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। भारत आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग अलग नहीं देखता और अब दुनिया भी भारत के इस नये रूप को देखते हुए आगे बढेगी। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय केवल उद्घोष नहीं है यह उन सैनिकों की कसक है जो मां भारती के लिए जान की बाजी लगा देती है, यह उस हर नागरिक की आवाज है जो देश के लिए कुछ करना चाहता है। यह मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी। उन्होंने कहा, जब हमारे वीर जय बोलते हैं तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब फौज न्यूकलियर ब्लेकमेल की हवा निकाल देती है और भारत के ड्रोन तथा मिसाइल सनसनाती हुई दुश्मन के यहां जाती हैं तो दुश्मन को भी सुनाई देता है भारत माता की जय । पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उन्होंने कहा कि यह बुद्ध की भी धरती है और गुरू गोविंद सिंह की भी धरती है। धर्म की स्थापना के लिए सशस्त्र उठाना हमारी परंपरा है जब हमारी बहनों का सिंदूर छीना गया तो हमारी सेनाओं ने आतंकियों को उनके घर में घुसकर कुचलकर दिया। जो कायरों की तरह छिपकर आये थे लेकिन वे भूल गये कि उन्होंने जिसे ललकारा वह हिन्द की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा है। उन्होंने कहा कि सौ से अधिक आतंकवादियों की मौत से आतंकवाद के आकाओं को समझ में आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अंजाम तबाही होगा। उन्होंने वायु यौद्धाओं की सराहना करते हुए कहा कि जब-जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, भारत के इतिहास की चर्चा होगी तो आपके अध्याय की भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वह वीरों की इस धरती से वायु सेना, नौसेना , सेना और बीएसएफके वीरों को सलाम करता हूं।

### कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं : भारत

भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत एवं पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने संबंधी बयान को मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि जम्मू-कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय तरीके से हल करने की नीति है और दोनों के बीच एक ही मुद्दा लंबित है कि पाकिस्तान को अवैध रूप से कब्जाए गये भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति के जम्मू-कश्मीर को लेकर की गयी टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हमारा लम्बे अरसे से यही राष्ट्रीय पक्ष रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय तरीके से ही हल करना है। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जैसा कि आप जानते हैं, लंबित मामला केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्ज़ा किए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है।

## सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने फिर मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए जिसमें क्रमशः 93.66 प्रतिशत और 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है। परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की दसवीं और बारहवीं- दोनों ही परीक्षाओं ने लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। बारहवीं में छात्राओं की सफलता दर 91 प्रतिशत रही जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। दसवीं की परीक्षा में उत्तीण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने दसवीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार दसवीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अनुपात 99.49 प्रतिशत के साथ सबसे ऊंचा रहा। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.45 प्रतिशत सफलता दर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी (स्वतंत्र) स्कूलों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उत्तीण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.17 प्रतिशत रहा। दसवीं में केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) में 91.53 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों में 89.26 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

## अब गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा सबके बनेंगे पक्के मकान : शिवराज

पायनियर संवाददाता ᐸ अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान अम्बिकापुर में आयोजित 'मोर आवास मोर अधिकार' कार्यक्रम में शामिल हुए। अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। चौहान ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को उनके पूर्ण हो चुके आवास की चाबी सौंपी और उन्हें शुभकामनाएं दी। केन्द्रीय मंत्री ने आवास का निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों के आवास का भूमिपूजन कर उन्हें आवास स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के नवनिर्मित 51 हजार आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश भी करवाया और उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व सहायता समूह की दीदियों, लखपति दीदियों को सम्मानित किया तथा अमृत सरोवर पोर्टल का शुभारंभ किया। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोई गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा।

### जशप्योर के उत्पादों की केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने की सराहना

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और स्वावलंबन की भावना से ओतप्रोत जशप्योर ब्रांड के उत्पादों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री चौहान ने जशप्योर के उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



'जशप्योर' न केवल एक ब्रांड है, यह छत्तीसगढ़ी माटी की महक, आदिवासी बहनों की मेहनत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का प्रतीक बन चुका है। दरअसल मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री साय ने शिवराज सिंह को जशपुर जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार की गई जशप्योर ब्रांड की खाद्य पदार्थों से सुसज्जित विशेष परंपरागत टोकरी भेंट की। छत्तीसगढ़ की पहचान बन चुके जशप्योर ब्रांड की यह टोकरी केवल उपहार नहीं थी, बल्कि आत्मनिर्भरता, परिश्रम और स्वदेशी कौशल का एक जीवंत प्रतीक थी। छींद कांसा की हस्तनिर्मित टोकरी में सजाए गए उत्पादों में डेकी, कुटा, जवां फूल चावल, टाऊ पास्ता, महुआ कुकीज, रागी, मखाना लडडू, महुआ गोंद लडडू, महुआ च्यवनप्राश, ग्रीन टी, शहद और हर्बल सिरप जैसे विविध उत्पाद शामिल थे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई और प्रत्येक वस्तु की जानकारी बड़े उत्साह से ली। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों में केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि हमारे जनजातीय समुदाय का परिश्रम और गौरव झलकता है।

## भूपेश ने उठाए सवाल: नक्सल मामलों पर गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने किए अलग-अलग दावे



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि बीजापुर में नक्सल ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं और तथ्यों के आधार पर जो सच सामने आ रहा है उससे लगता है कि नक्सल ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ सरकार का कोई नियंत्रण नहीं बचा है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा पद पर बने रहने के काबिल नहीं हैं और उनको तत्काल इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। नक्सलियों के खिलाफ हर लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का खुला और बिना शर्त समर्थन है। पर नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में सरकार अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती। बीजापुर के घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े किए हैं जिससे संदेह पैदा हो गया है। भूपेश बघेल ने कहा कि 8 मई को रात में घटना घटित हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया कि ऑपरेशन संकल्प में 22 नक्सली मार गिराए हैं। उसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कोई ऑपरेशन संकल्प नहीं चल रहा है और ऐसी कोई संख्या नहीं है, यह झूठ है। लेकिन पता चला कि बीजापुर ज़िला अस्पताल में 22 शव पोस्टमार्टम के लिए पहुँचे हैं। बीजापुर की स्थानीय मीडिया, बस्तर की मीडिया और प्रदेश की भी मीडिया को अस्पताल में नहीं जाने दिया गया।

➢शेष पेज 12 पर...

### स्टेट अफेयर्स की ऐसी हालत की कल्पना नहीं की जा सकती

## अवैध रेत खनन: हाईकोर्ट ने जताई चिंता, कहा प्रदेश की ऐसी हालत?

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर/ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



विधानसभा रामानुजगंज के सरहदी क्षेत्र कन्हर नदी से अवैध रेत खनन रोकने गए कांस्टेबल को रेत माफिया ने कुचल कल मार डाला। जिसकी खबर सुर्खियों में रही। मामले को बिलासपुर हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया। अवकाशकालीन पीठ में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि यह बहुत ही गंभीर बात है। स्टेट अफेयर्स की ऐसी हालत की कल्पना नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने तत्काल अवैध खनन पर रोक लगाने को कहा है। बलरामपुर रामानुजगंज जिले के सनावल थाना मे पदस्थ आरक्षक शिव बचन सिंह कन्हर नदी में थानेदार दिव्याकांत पांडे के निर्देश पर रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने गये थे। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने आरक्षक को रौंद दिया। जिसके चलते आरक्षक शिव बच्चन सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना को मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने गंभीरता से लेते हुए उन्होने अवकाशकालीन पीठ में सुनवाई करते हुए घटना की निंदा की। चीफ जस्टिस ने कहा कि अवैध खनन रोकने निर्देश के बाद भी प्रदेश की यह हालत है। निश्चित रूप से यह घटना दिल दहला देने वाली है। घटना बहुत ही गंभीर है। समझा जा सकता है कि स्टेट अफेयर्स की ऐसी हालत है। बिलासपुर हाई कोर्ट ने मामले में खनिज सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 9 जून 2025 को होगी।



बलरामपुर जिले में रेत माफिया बेलगाम

अवैध रेत खनन रोकने गए पुलिसकर्मी को ट्रैक्टर से कुचल

क्या कहा सनवाल थाना प्रभारी ने

## कर्नल सोफिया पर टिप्पणी करने वाले मप्र के मंत्री को बर्खास्त करें मोदी : खरगे

पायनियर संवाददाता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर अभद्र टिप्पणी करने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अपशब्द कहने वाले मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तत्काल बर्खास्त करना चाहिए। खरगे ने कहा, भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री ने हमारी वीर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में बेहद अपमानजनक, शर्मनाक और ओछी टिप्पणी की है। पहलगाम के आतंकी देश को बाँटना चाहते थे लेकिन इस पर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरा देश 'ऑपरेशन सिंदूर'के दौरान एकजुट था। उन्होंने कहा, भाजपा की मानसिकता महिला विरोधी रही है। पहले पहलगाम में शहीद नौसेना ऑफ़िसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया, फिर विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बेटी को तंग किया और अब भाजपा के मंत्री हमारी वीरांगना सोफिया कुरैशी के लिए ऐसी अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। मोदी को तुरंत ऐसे मंत्री को बर्खास्त कर देना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने 21,000 करोड़ रुपये के ड्रग तस्करी में जमानत देने से किया इनकार



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 21,000 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थों की कथित तस्करी के मामले में गिरफ्तार दिल्ली के एक व्यवसायी को जमानत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता को राहत देने से इनकार कर दिया। अपने आप में देश की सबसे बड़ी मानी जा रही तस्करी मामले में संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पाया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आतंकवाद के वित्तपोषण का आरोप समय से पहले लगाया गया था। पीठ ने जमानत याचिका खारिज कर दी, लेकिन आरोपी हरप्रीत सिंह तलवार उर्फ कबीर तलवार को छह महीने बाद जमानत के लिए अदालत जाने की अनुमति दी। पीठ ने विशेष अदालत को इस मुकदमे के शीघ्र निपटारे के लिए मामले को महीने में दो बार सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

## पंजाब के अमृतसर में ज़हरीली शराब पीने से 14 श्रमिकों की मौत, छह की हालत नाजुक

वार्ता ᐸ अमृतसर
www.dailypioneer.com



पंजाब के अमृतसर में मजीठा क्षेत्र के तीन गांवों में ज़हरीली शराब पीने से भट्ठा पर काम करने वाले 14 श्रमिकों की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। अमृतसर की ज़िला उपायुक्त साक्षी साहनी ने मंगलवार को बताया कि मृतकों में भंगाली , थरियावाल और मुरारी कलां गांव के लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार की है। उन्होंने बताया कि शराब पीने से कुछ लोगों की मौत हो गई और रात तक मृतकों की संख्या बढ़ने पर लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती छह लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। पी गई शराब के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। मजीठा थाना के प्रभारी (एसएचओ) आबताब सिंह ने बताया कि जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत होने की जानकारी मिलने पर इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस सिलसिले में मुख्य आरोपी प्रभजीत सिंह सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभजीत नकली शराब की आपूर्ति करने वाले गिरोह का सरगना है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम कुलबीर सिंह उर्फ जग्गू, जो मुख्य आरोपी प्रभजीत का भाई है। साहिब सिंह उर्फ सराय निवासी गांव मारड़ी कलां, गुरजंट सिंह और निंदर कौर पत्नी जीता निवासी गांव थीरेवाल को भी पकड़ा गया है।

# प्रत्येक बजटीय घोषणा को पूरा करने के लिए अधिकारी बनाएं टाइम लाइन : भजनलाल

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य बजट को प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए समर्पित बताते हुए प्रत्येक बजटीय घोषणा को पूरा करने के लिए टाइम लाइन बनाकर काम करने के निर्देश दिए हैं। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट की प्रत्येक घोषणा को पूरा करने के लिए अधिकारी टाइमलाइन बनाते हुए काम करें। अधिकारी उसी तय सीमा में काम को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 2047 तक विकसित राजस्थान के संकल्प को ध्यान में रखते हुए अपने प्रत्येक बजट में राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए विभिन्न प्रावधान किए हैं। हम प्रदेश के युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर, सशक्त एवं खुशहाल बनाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बजटीय घोषणाओं की प्रगति का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित कर रही है, जिससे जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि राज्य के युवाओं को रोजगार मिले। इस दिशा में लगभग एक लाख 88 हजार सरकारी पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण पहुंच सुनिश्चित कर रही है। इसी क्रम में शीघ्र ही वन विभाग में विभिन्न कार्मिकों, पटवारी, स्कूल शिक्षक तथा कांस्टेबल के पदों पर भर्ती की जाएगी। कार्मिक विभाग द्वारा इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है। शर्मा ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों सहित सभी चिकित्सा संस्थानों में बेहतर प्रशासनिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए हॉस्पिटल मैनेजर का पद सृजित किया जाएगा। विभाग में कार्यरत चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफको विशेष प्रशिक्षण दिया जाए जिससे उनकी प्रबंधन दक्षताओं में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि मा योजना तथा आरजीएचएस पोर्टल को इंटीग्रेटेड हैल्थ मैनेजमेंट सिस्टम के तहत इंटीग्रेट किया जाए। साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर ई-हैल्थ रिकॉर्ड के कार्य में गति लाई जाए। शर्मा ने कहा कि अन्न को राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल किया जाए जिससे इसके उपयोग को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा कि अन्न की पोषण क्षमता एवं उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए मिड-डे मील तथा मां बाडी केन्द्रों पर पायलट बेसिस पर अन्न आधारित उत्पाद शुरू किए जाएं जिससे बच्चों में सुपोषण तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी आयोजनों में स्वयं सहायता समूह तथा राजीविका की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को उपयोग में लाया जाए जिससे न केवल उन उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि उनकी आय में वृद्धि भी होगी।

## मई में हिमाचल में मौसम ठंडा और सुहावना, 18 प्रतिशत से अधिक हुई बारिश

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मई के पहले पखवाड़े में प्रदेशवासियों को गर्मी से राहत मिली और तापमान सामान्य से कम और अधिक बारिश से सुहावना रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में सात से आठ दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होने से सामान्य से 18 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। राज्य में एक से 13 मई तक औसत बारिश 34.1 मिमी दर्ज की गई, जबकि आमतौर पर इस महीने में बारिश 28.9 मिमी होती है। मई की शुरुआत में हालांकि बारिश सामान्य से ज़्यादा रही। राज्य के सिरमौर जिले में सबसे अधिक 75.9 मिमी औसत बारिश रिकॉर्ड की गयी, जो सामान्य से 291 प्रतिशत अधिक है, इसके बाद सोलन में 70.4 मिमी (सामान्य से 216 प्रतिशत अधिक), बिलासपुर में 47.7 मिमी (सामान्य से 208 प्रतिशत अधिक) और हमीरपुर में 47 मिमी (सामान्य से 157 प्रतिशत अधिक) बारिश हुई। राज्य के ऊंचाई वाले जनजातीय जिले में हालांकि सूखे रहे हैं। किन्नौर में केवल 5.7 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 81 प्रतिशत कम है, जबकि कुल्लू में 21.3 मिमी (सामान्य से 35 प्रतिशत कम) और लाहौल-स्पीति में 17.5 मिमी (सामान्य से 36 प्रतिशत कम) बारिश दर्ज की गई। राज्य में इस समय पर्यटन स्थलों में मौसम बहुत सुहावना है। कई स्थानों पर तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है, जिससे पर्वतीय इलाकों में मौसम सुहावना बन गया है। मनाली में आज न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से 2-3 डिग्री नीचे है। पिछले 24 घंटों में मध्य और उच्च पर्वतीय जिलों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने शिमला, चंबा, कुल्लू और मंडी के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और गरज के साथ छींटें पड़ने का अनुमान जताया है। शिमला, मनाली और डलहौजी जैसे सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में तापमान गिरने और मध्यम बारिश होने के कारण पर्यटकों के लिए मौसम अनुकूल है। अधिकारियों ने हालांकि कुछ स्थानों में छिटपुट बारिश की के मद्देनजर भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों में लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है।

# अपात्र आवेदकों पर सख्त कार्रवाई करेगा आयोग

एजेंसी ◄ अजमेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा डिप्टी कमांडेंट भर्ती-2025 के अंतर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की रेंडम जांच में भारी संख्या में अपात्र आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करना उजागर हुआ है। आयोग सचिव ने बताया कि जांच में यह पाया गया कि इस भर्ती के लिए प्राप्त अधिकांश आवेदकों ने अनिवार्य योग्यता (थल सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन) नहीं होने के बावजूद आवेदन कर दिया है। अब आयोग ऐसे अभ्यर्थियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाने जा रहा है। हालांकि अभी भी आयोग द्वारा 13 से 28 मई तक वांछित योग्यता विहीन अभ्यर्थियों को आवेदन वापस करने का अवसर दिया गया है। आयोग द्वारा गत 18 मार्च 2025 को डिप्टी कमांडेंट (गृह रक्षा विभाग) के चार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी कर 22 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थे। इसमें अनुसूचित जाति के दो, अनुसूचित जनजाति का एक तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए एक पद विज्ञापित किया गया था। ऐसे में इस भर्ती में केवल इन श्रेणियों के अनिवार्य योग्यताधारी अभ्यर्थियों को ही आवेदन करना था। विज्ञापन में इन सभी बातों का स्पष्ट उल्लेख होने के बाद भी अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा भी इस भर्ती में नियम विरुद्ध 10 हजार से अधिक लोगों ने आवेदन कर दिये गये हैं। रेण्डम रूप से राज्य के प्रत्येक जिले के ऐसे कतिपय आवेदन-पत्रों की सूची आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर जारी की गयी है। आयोग सचिव ने बताया कि किसी भी पद पर भर्ती विज्ञापन के संबंध में वांछित योग्यता धारित नहीं होने के बावजूद आवेदन करने से आयोग के श्रम, समय एवं संसाधनों का अपव्यय होता है। अतः ऐसा करने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा भविष्य में ली आने वाली समस्त परीक्षाओं से वंचित कर दिया जायेगा एवं उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए असत्य वचन पत्र के लिए भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 217 के तहत कानूनी कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी।

# नई शिक्षा नीति भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा की संवाहक : बागड़े

एजेंसी ◄ अलवर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि विश्वविद्यालय ज्ञान पुंज हैं, यहां विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ उनके समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। बागड़े राजस्थान में अलवर के राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि समाज में बदलाव आ रहा है, जिससे महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके अपनी श्रेष्ठता साबित कर रही हैं। विद्यार्थियों के लिए केवल परीक्षा में पास होना या डिग्री लेना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें आजीविका के लिए हुनरमंद होना भी जरूरी है। बागड़े ने कहा कि बौद्धिक क्षमता बढ़ने से पीढ़ियां आगे बढ़ती हैं। यही भाव नयी शिक्षा नीति में समाहित है। नयी शिक्षा नीति संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा की संवाहक है। नयी शिक्षा नीति भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आधुनिक तकनीक को समाहित किए हुए है जिसको समय की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक के ज्ञान के अलावा नये-नये शोध एवं तकनीकी ज्ञान से अवगत कराए। बागड़े ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों की प्राथमिक स्तर से ही नींव मजबूत की जानी चाहिए। इससे बच्चों का उत्तरोत्तर शिक्षा के साथ समग्र विकास संभव होगा। उप-मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने समारोह में पदक एवं उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षान्त समारोह विद्यार्थियों को उपाधि एवं पदक प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है। समारोह में पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी कड़ी मेहनत, सच्ची लगन एवं दृढ निश्चय के साथ पढ़ाई करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करके देश की सेवा में अपनी भागीदारी निभाएं। विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं स्थानीय विधायक टीकाराम जूली ने दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए महाविद्यालय में शोध कार्य के लिये विधायक निधि कोष से धन उपलब्ध कराने की घोषणा की।

## आबकारी विभाग ने दो लाख 590 लीटर वॉश किया नष्ट, 1122 मामले दर्ज

**उदयपुर।** राजस्थान में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए अप्रैल माह में दो लाख 590 लीटर वॉश नष्ट किया एवं 1122 मामले दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने यहां बताया कि राज्य में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए यह प्रभावी कार्यवाही की गई। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 504, देशी मदिरा की 6965, अवैध मदिरा की 5588, बीयर की 1871 बोतल, 21 किलोग्राम भांग सहित 20 लीटर स्प्रिट सीज किया गया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि राज्य में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत अप्रैल माह में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 1122 मामले दर्ज करते हुए 625 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध मदिरा परिवहन के तहत 24 दुपहिया वाहन,तीन हल्के चार पहिया वाहन सहित 27 वाहनों को सीज किया गया है।

## मजीठा शराब कांड को लेकर पंजाब भाजपा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलेगा : सुनील जाखड़

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मजीठा में जहरीली शराब से 17 लोगों की मौत पर आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग खुद शराब घोटाले में जेल काट चुके हैं, वही अब चंडीगढ़ में सरकारी कोठियों में बैठकर पंजाब सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मिलकर जांच की मांग करेगी कि जिन लोगों के पास कोई संवैधानिक पद नहीं है, वे पंजाब की बैठकों का संचालन कैसे कर रहे हैं। जाखड़ ने कहा कि जिन लोगों ने दिल्ली में शराब नीति बनाई थी, उनके प्रभाव से ही पंजाब की यह नीति बनी, जिसके कारण पंजाब में इस तरह की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टिकोण से भी यह निष्पक्ष जांच का विषय है। उन्होंने मजीठा में हुए शराब कांड पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान तो खुद कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं। इसलिये असल जिम्मेदारी आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की बनती है, जिन्हें दिल्ली की जनता ने बेरोजगार कर दिया और अब वे पंजाब में आकर बैठ गये हैं। उन्होंने कहा कि जो शराब माफिया दिल्ली में फैला था, वह अब पंजाब में सक्रिय हो गया है और गरीब लोगों का खून चूस रहा है।

## यादव का पचमढ़ीवासियों ने माना आभार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी के नेतृत्व में पचमढ़ीवासियों ने मंत्रालय में भेंट की।



डॉ. यादव ने पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक करने के निर्णय के लिए आभार माना। पचमढ़ीवासियों ने मुख्यमंत्री का पुष्प-गुच्छ और पुष्पहार से अभिवादन किया। इस अवसर पर पूर्व साडा अध्यक्ष कमल धूत और नवनीत नागपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि साथ थे। उल्लेखनीय है कि डॉ. यादव की अध्यक्षता में 6 मई को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया था।

## यूनिसेफ अधिकारी ने मणिपुर के राज्यपाल से मुलाकात की

**इंफाल।** असम और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) की फील्ड ऑफिसर डॉ. मधुलिका जोनाथन ने राजभवन में मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की। डॉ. मधुलिका चार अधिकारियों के साथ राज्यपाल से मिलीं और यूनिसेफकी ओर से क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी दी। इसमें बच्चों के लिए टीकाकरण और टीकाकरण अभियान शामिल था। टीम ने मणिपुर के आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों (आईडीपी) को शैक्षिक और खेल किट वितरण की जानकारी भी साझा की। राज्यपाल ने यूनिसेफटीम के मानवतावादी कार्यों की सराहना की और उन्हें ऐसे प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. मधुलिका ने कुछ वित्तीय चुनौतियों पर राज्यपाल से सहयोग और मार्गदर्शन मांगा, जिस पर राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि वह इस पर ध्यान देंगे।

## मजीठा शराब हादसे की सीबीआई जांच करवाई जाये: ब्रह्मपुरा

एजेंसी ◄ तरनतारन
www.dailypioneer.com

शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने मजीठा में जहरीली शराब से हुई 17 मौतों की घटना को 'सरकारी हत्या' करार दिया और केन्द्र सरकार से घटना की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबाआई) से जांच करवाने की मांग की। ब्रह्मपुरा ने कहा कि यह घटना सरकार की आपराधिक लापरवाही और ड्रग माफिया के साथ सांठगांठ का नतीजा है, जिसने पंजाब को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, मजीठा में जो त्रासदी हुई है, वही खडूर साहिब और साथ लगते सीमावर्ती क्षेत्रों में भी है। नशे की बीमारी युवाओं को खाये जा रही है, लेकिन सरकार अनजान बनने का नाटक कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा, हमने कई दिनों से मुख्यमंत्री को खडूर साहिब और साथ लगते सीमावर्ती क्षेत्रों की नाजुक स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी थी। लेकिन 'आप' सरकार का प्रशासन न केवल ईमानदार नहीं है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और नशे की रोकथाम के लिए कोई भी ठोस प्रबंध करने में पूरी तरह से असफल साबित हुआ है।

## मिनरल के 14 और कंपोजिट के आठ ब्लॉकों की होगी ई-नीलामी

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में खान विभाग द्वारा 22 ब्लॉकों में से 14 माइनिंग लीज एवं आठ कंपोजिट लाइसेंस ब्लॉकों की नीलामी के लिए निविदाएं आमंत्रित की गयी है। खान विभाग के प्रमख शासन सचिव टी रविकान्त ने बताया कि दस्तावेजों की जांच के बाद जून के पहले सप्ताह से निविदादाताओं द्वारा भारत सरकार के ई-प्लेटफार्म एमएसटीसी पर तय कार्यक्रम के अनुसार नीलामी बोली लगाई जायेगी। उन्होंने बताया कि लाइमस्टोन के माइनिंग लीज के 14 ब्लॉकों में जैसलमेर में 11, नागौर में दो और कोटा में एक ब्लॉक की नीलामी की जा रही है। इसके अलावा आठ कंपोजिट लाइसेंस ब्लॉकों में ब्यावर के शाहपुरा ब्लॉक और कुर्तियान ब्लॉक, सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाड़ा और भीलवाड़ा के पश्चिमी सामोदी में बेस मेटल, जैसलमेर के मण्डई चार और मण्डई पांच में सिलिओसिस अर्थ के एक-एक और जालौर के चटवाड़ा ब्लॉक में फ्लोराइट और बांसवाड़ा के गररिया ब्लॉक में मैग्नीज के एक ब्लॉक की नीलामी की जायेगी। रविकांत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में राजस्थान देश में अग्रणी प्रदेश बन गया है। गत वित्तीय वर्ष में रिकार्ड 34 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा 2015 से सभी मिनरल ब्लॉकों का ऑक्शन प्रावधानों के बाद से अब तक प्रदेश में 88 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी की जा चुकी है।

# आईटीआई संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाना है : बहुगुणा

एजेंसी ◄ रूद्रपुर/नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि आईटीआई संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाना है ताकि आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं को शत-प्रतिशत प्लेसमेंट मिल सकें। बहुगुणा रुद्रपुर में आयोजित 'रोजगार की राहें, इंडस्ट्री अकादमिक साझेदारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आईटीआई और उद्योगों के बीच संबंधों को मजबूत करना है और कौशल अन्तर को कम कर उत्तराखंड के युवाओं के लिए कैरियर के रास्ते तैयार करना है। बहुगुणा ने कहा कि औद्योगिक संस्थान अपने ट्रेड व रोजगार की मांग दे ताकि हम अपने आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं को उनकी ट्रेड व मांग के अनुसार ट्रेनिंग देकर तैयार कर सकें ताकि उन्हें शीघ्र रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा आईटीआई जैसे संस्थानों में साधारण और मध्यम परिवार से पढ़ने वाले बच्चे शामिल होते हैं। इसलिए उनका भविष्य संवारने का दायित्व हम सभी का है। उन्होंने आगे कहा मैदानी क्षेत्रों में औद्योगिक संस्थान होने के कारण मैदानी क्षेत्रों के आईटीआई संस्थानों के युवाओं को रोजगार मिल जाता है। मगर पहाड़ के आईटीआई के बच्चों को रोजगार आसानी से नहीं मिल पाता है। उन्होंने औद्योगिक संस्थानों से पहाड़ के आईटीआई प्रशिक्षित बच्चों के लिए उदारता व शिथिलता बरतते हुए उन्हें भी रोजगार से जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा सम्मेलन के माध्यम से आयी सिफारिशों एवं सुझावों को समाहित करते हुए आईटीआई संस्थानों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने सभी औद्योगिक संस्थाओं से आंचल दूध व दुग्ध उत्पाद खरीदने की अपील भी की ताकि दुग्ध व्यवसाय से जुड़े 60 हजार परिवारों को लाभ मिल सकें व उनकी आर्थिकी मजबूत हो सकें। सचिव सी रविशंकर ने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ऐसे ट्रेडों में युवाओं को गुणवत्तापूर्वक प्रशिक्षित किया जाये ताकि प्रशिक्षित युवा अपने प्रदेश के औद्योगिक संस्थानों की मांग पूरा कर सके। साथ ही विदेश में भी कार्य कर सकें। निदेशक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, सेवायोजन संजय कुमार खेतवाल ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को औद्योगिक संस्थानों की मांग के अनुसार प्रशिक्षित करना और कौशल विकास करते हुए शत-प्रतिशत रोजगार से जोड़ना है। उन्होने औद्योगिक संस्थानों से पहाड़ के आईटीआई ट्रेडों को गोद लेने की अपील की। सम्मेलन में उद्योगों के प्रतिनिधि, आईटीआई संस्थानों के प्रधानाचार्य, आईटीआई एवं सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के छात्रों ने अपने विचार साझा किये।

## एसीबी ने रिश्वत मामले में डीएसपी और इंस्पेक्टर को किया गिरफ्तार

**सूर्यापेट।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक शिकायतकर्ता से 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में दो पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। राज्य पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारियों की पहचान सूर्यापेट डिवीजन के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के. पार्थ सारथी और सूर्यापेट शहर के इंस्पेक्टर (एसएचओ) पी. वीरा राघवाउलू के रूप में की गयी है। एसीबी के एक अधिकारी ने बताया, आरोपी पुलिसकर्मियों ने शिकायतकर्ता के खिलाफदर्ज मामले में गिरफ्तारी के बजाय नोटिस जारी करने और उसे अपना स्कैनिंग सेंटर सुचारू रूप से चलाने की अनुमति देने के लिए रिश्वत मांगी थी। आरोपी अधिकारियों को हैदराबाद के नामपल्ली में अतिरिक्त न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया।

## आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना में चार मजदूरों की मौत

**नरसारावपेट।** आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिला के शिवपुरम गांव में दो वाहनों की भिडंत से खेतों में काम करने वाले चार मजदूरों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस वक्त हुई, जब सात मजदूर पपीते की फसल काटने के लिए जा रहे थे। तभी एक मिनी-बस और लॉरी की भिडंत हो गयी। दुर्घटना में पगडाला सुब्बम्मा, रमना रेड्डी, बोड्डू अंकम्मा और बोड्डू रमनजी की मौके पर मौत हो गई तथा मिनी-बस चालक कादिरी नागेश्वर राव, पगडाला शिवम्मा, कन्नेबोइना नागलक्ष्मी घायल हो गए। घायलों को विनुकोंडा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार चालक नागेश्वर राव की हालत बहुत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटा दिया और यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

# पोल्लाची यौन उत्पीड़न मामला : सभी नौ दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

एजेंसी ◄ चेन्नई
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु में कोयंबटूर की एक महिला अदालत ने सनसनीखेज पोलाची यौन उत्पीड़न मामले में सभी नौ आरोपियों को मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनायी। न्यायाधीश आर. नंदिनी देवी ने वर्ष 2019 के मामले की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत में बंद कमरे में यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया। दिन में पहले सभी आरोपियों को दोषी ठहराने के बाद, न्यायाधीश ने दोपहर बाद सभी को मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनायी। आरोपियों के नाम एन. सबरीराजन उर्फ ??रिशवंत (32), के. थिरुनावुक्कारासु (34), एम. सतीश (33), टी. वसंतकुमार (30), आर. मणि उर्फ??मणिवन्नन (32) पी. बाबू (33), टी. हारोनिमस पॉल (32), के. अरुलानंथम (39) और एम. अरुणकुमार (33) हैं। मामले की जांच करने वाले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नौ आरोपियों पर कई आरोप लगाये थे, जिनमें आपराधिक साजिश, यौन उत्पीड़न, दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म और एक ही महिला से बार-बार दुष्कर्म शामिल हैं। उन पर यौन संबंधों के लिए पीड़िताओं को ब्लैकमेल करने का भी आरोप लगाया गया था। कुल आठ महिलाओं ने आरोपियों के खिलाफ बयान दिये हैं, जिनमें पहली शिकायतकर्ता 19 वर्षीय एक कॉलेज छात्रा भी शामिल है। इसी छात्रा ने इस भयावह घटना को प्रकाश में लाया। यौन उत्पीड़न की घटनाएं 2016 से 2018 के बीच हुई थीं। सेलम सेंट्रल जेल में बंद सभी आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में लाया गया और फैसला सुनाये जाने के लिए न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि सभी नौ आरोपियों को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376डी (सामूहिक बलात्कार) और 376(2)(एन) (एक ही महिला से बार-बार बलात्कार) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी है। अदालत ने आठ पीड़ितों को कुल 85 लाख रुपये देने का आदेश दिया है, जिसके तहत प्रत्येक को 10 लाख रुपये से लेकर 15 लाख रुपये तक का मुआवजा मिलेगा। सीबीआई के लोक अभियोजक सुरेंद्र मोहन ने कहा, अदालत ने आरोपियों को दोषी ठहराया और अपराध की गंभीरता और प्रकृति के आधार पर सजा सुनायी। प्रत्येक आरोपी पर 30,000 से 40,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया गया, जो सभी नौ आरोपियों के लिए लगभग 1.5 लाख रुपये है। अखिल भारतीय लोकतांत्रिक महिला संगठन के सदस्यों ने फैसले का स्वागत करते हुए मिठाइयां बांटीं।

## हुड्डा, सैलजा ने 252 पीजीटी निकाले जाने की आलोचना की

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सिरसा सीट से सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा



कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत लगे 252 पीजीटी को निकाले जाने के हरियाणा सरकार के निर्णय की आलोचना की है। हुड्डा ने यहाँ जारी बयान में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में एचकेआरएन के तहत लगे सवा लाख कर्मियों को पक्का करने का ऐलान किया था, लेकिन तीसरी बार सरकार बनने के बादकौशल कर्मियों को नौकरी से बाहर करने का सिलसिला शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आए दिन किसी न किसी विभाग से कर्मियों को निकाला जा रहा है और इस बार भाजपा की 'रोजगार छीनो' नीति के शिकार 252 पीजीटी हुए हैं। इनको सरकार ने तुरंत काम से रिलीव करने के आदेश जारी किए हैं। हुड्डा ने कहा कि प्रदेश के सरकारी विभागों में दो लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं ।

# भाजपा 15 मई से कर्नाटक भर में 'तिरंगा यात्रा' निकालेगी

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आर अशोक और डॉ सीएन अश्वथनारायण ने भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता व्यक्त करने और राष्ट्र की रक्षा में उनकी अनुकरणीय सेवा को श्रद्धांजलि देने के लिए 15 मई से राज्य में 'तिरंगा यात्रा' निकाले जाने की घोषणा की। अशोक ने यहां पत्रकारों से कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम के इस पहल का उद्देश्य सशस्त्र बलों के लिए जनता का समर्थन जुटाना है। यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है - इसमें कोई पार्टी का झंडा या राजनीतिक संदेश नहीं होगा। पंद्रह मई को यात्रा बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि 15 मई के बाद इसे कर्नाटक के हर तालुका और जिले में विस्तारित किया जाएगा। देश भर के नागरिकों का इसमें शामिल होने और अपना समर्थन दिखाने का स्वागत है। इसी तरह की भावनाओं को दोहराते हुए अश्वनाथनारायण ने कहा कि पहलगाम में हाल ही में हुए हमले ने आतंकवाद के खिलाफएकजुट होने के महत्व को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा, हमारे सैनिकों ने उल्लेखनीय ताकत के साथ जवाब दिया, जिससे पाकिस्तानी हवाई ठिकानों और आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को बहुत कम या बिना किसी नुकसान के काफी नुकसान पहुंचा। यह भारत की उन्नत युद्ध क्षमताओं को दर्शाता है, जो अब दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के बराबर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति रखता है। यह केवल कश्मीर के बारे में नहीं है - यह आतंकवाद को पूरी तरह से जड़ से खत्म करने के बारे में है।

# दंतेवाड़ा में सपनों को मिली उड़ान, छू लो आसमान ने दिया जिला टॉपर, अब आईआईटी का सपना

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा जिले के पोंडम गांव की 15 वर्षीया रामशिला नाग ने छत्तीसगढ़ राज्य मैट्रिक परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान और पूरे राज्य में नौवां स्थान हासिल किया है। अब उसका लक्ष्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा पास कर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, विशेष रूप से आईआईटी मद्रास में प्रवेश लेना है। परीक्षा परिणाम पर खुशी जताते हुए रामशिला नाग कहती है, यह मेरे जीवन की सबसे खुशी का दिन है। अब मैं कक्षा 11वीं में गणित विषय लेकर आईआईटी की तैयारी करना चाहती हूं। एनएमडीसी के समर्थन के बिना यह सपना पूरा नहीं हो पाता। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में कुल 600 में 587 अंक हासिल कर रामशिला नाग ने 97.83 प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष का ओवरऑल पास परसेंटेज 76.53 प्रतिशत रहा, जिसमें लड़कियों ने लड़कों से बाजी मार ली है। परिणाम बताते हैं कि लड़कियों का पास प्रतिशत 80.70 प्रतिशत रहा जबकि लड़कों का 71.39 प्रतिशत।





## एनएमडीसी का सीएसआर पहल है छू लो आसमान

रामशिला 'छू लो आसमान' की छात्रा है, जो एनएमडीसी की सीएसआर पहल के तहत संचालित एक निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम है। यह योजना कक्षा 9से 12वीं तक के छात्र को नियमित शिक्षा प्रदान करती है और आर्थिक रुप से पिछड़े वर्ग के छात्रों को नीट और जेईई मेंस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराती है। यह पहल रामशिला जैसी बस्तर रीजन की कई छात्राओं के लिए एक जीवनरेखा साबित हुई है। रामशिला स्वीकार करती है, ऐसी कोचिंग हमारे जैसे परिवारों के लिए अक्सर पहुंच से बाहर होती है। रामशिला नाग अत्यंत साधारण परिवार से आती है। उसके पिता किसान हैं और मां घर का कामकाज संभालती (गृहणी) है। चार बहनों में सबसे छोटी रामशिला गीदम के पास संचालित छू लो आसमान आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई करती है। मैट्रिक परीक्षा में जिले में टॉप करने पर उसकी खुशी इन शब्दों में व्यक्त हुई, मैं अपनी इस सफलता को अपने शिक्षकों, वार्डनों, सहपाठियों और सबसे बढ़कर अपने परिवार और एनएमडीसी को समर्पित करती हूं। अब मुझे विश्वास है कि मेरे गांव की दूसरी लड़कियां भी सपने देखने की हिम्मत करेंगी।

## छू लो आसमान योजना से बदली रामशिला की ज़िंदगी

रामशिला नाग के जीवन में बड़ा बदलाव तब आया, जब उन्होंने एनएमडीसी की छू लो आसमान योजना में नामांकन लिया। यह विद्यालय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनएमडीसी की सीएसआर पहल के तहत शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य दूरदराज के आदिवासी इलाके के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। रामशिला ने भेंट हुई उसी आवासीय विद्यालय में, जहां वो रहती और पढ़ती है। रामशिला कहती है, जब मैं 9वीं कक्षा में 'छू लो आसमान' के लिए चयनित हुई, तभी मुझे लगा कि अब चीज़ें बदलेंगी। यहां सब कुछ मिलता है- किताबें, कोचिंग, यहां तक कि यूनिफॉर्म भी। मेरे शिक्षकों ने पहले दिन से मुझ पर विश्वास किया।

## बोर्ड परीक्षा में स्ट्राइक रेट रहा 100 परसेंट

बताते चले कि इसके अतिरिक्त 'छू लो आसमान' पहल के छात्र-छात्राओं ने दसवीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में सौ फीसदी परिणाम लाकर शानदार उपलब्धि दर्ज की है। गर्व की बात ये है कि जिले के सभी उच्च रैंकिंग हासिल करने वाले छात्र भी इसी विद्यालय से हैं। जैसे आस्था वर्मा और निहारिका पोया ने 95.67 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है, जबकि तानू साहू ने 95.67 प्रतिशत के साथ छठा और रेशमा बघेल ने 95.67 प्रतिशत लाकर जिले में सातवां पोजिसन पाया है। इसी तरह सरस्वती नाग ने आठवां, तमन्ना मानवी ने नौवां रैंक हासिल किया है। इतना ही नहीं, दसवीं बोर्ड में समाज विज्ञान संकाय के 8 छात्रों ने सौ में सौ अंक लाकर इस कार्यक्रम की अकादमिक श्रेष्ठता को रेखांकित किया है।

## छात्रों के लिए नई सुबह की किरण

एनएमडीसी के महाप्रबंधक (सीएसआर) पी. श्याम गर्व से कहते हैं- रामशिला की कहानी सिर्फ शैक्षणिक सफलता भर नहीं है, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि जब अवसर और संकल्प मिलते हैं, तो क्या कुछ संभव हो सकता है। वे आगे बताते हैं- एनएमडीसी की अन्य शैक्षणिक पहलें- जैसे बालिका शिक्षा योजना, आस्था गुरुकुल, सक्षम आदि छत्तीसगढ़ के छात्रों के लिए आशा और उम्मीद की किरण बन चुकी हैं। इन कार्यक्रमों ने कई परिवारों की जिंदगियां संवारी हैं और आगे भी निखारती रहेंगी।

## अबतक 1000 विद्यार्थी हुए लाभान्वित

जिला प्रशासन के सहयोग से वर्ष 2011 से संचालित छू लो आसमान योजना में हर वर्ष 160 विद्यार्थियों का चयन होता है, जिसमें 80 लड़कियां और 80 लड़के शामिल हैं। उन सभी को आवासीय सुविधा, यूनिफॉर्म, शैक्षणिक सहायता और मेंटरशिप प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम से अबतक 1000 से अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो चुकी हैं। एनएमडीसी इस योजना पर प्रतिवर्ष लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये का खर्च वहन करती है। दंतेवाड़ा जिले की एक अन्य होनहार छात्रा वाणी साहू भी अपनी सफलता का श्रेय इसी योजना को देती हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि एनएमडीसी सचमुच छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल रहा है।

# सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण दो दिनों के भीतर करें: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आहूत की गई, जिसमें उन्होंने सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण आगामी दो दिनों के भीतर करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। जिन विभागों में सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं जो पेयजल, हैंडपंप सुधार, आवास, राशन आदि से संबंधित हैं, ऐसे विभाग जल्द से जल्द आवेदनों को निराकृत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है और सभी अधिकारी इसके तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करें। इसके अलावा यदि किसी प्रकार की मांग का निराकरण शासन स्तर पर होना है तो इसके लिए आवेदनों को तत्काल संबंधित उच्च कार्यालय को अग्रेषित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक की हुई प्रगति की समीक्षा की तथा इसमें तेजी लाने के निर्देश जिला पंचायत के सी.ई.ओ. हरेश मण्डावी को दिए। इसी तरह सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण के पेंडिंग प्रकरणों को शीघ्रता से प्रारम्भ करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा वयोवृद्ध जनों का पंजीयन करने और सिकलसेल की स्क्रीनिंग बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। दिव्यांगों को शासन की योजना का लाभ दिलाने निःशक्तता प्रमाण पत्र फौरी तौर पर जारी के के लिए भी कलेक्टर ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में खाद-बीज की उपलब्धता में वृद्धि हुई है और किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त बैठक में कलेक्टर राजस्व, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, वन, नगरीय निकायों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण सहित विभिन्न विभागों में लम्बित आवेदनों की समीक्षा करते हुए यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# इंटक किरंदुल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर सम्मान कार्यक्रम किया गया आयोजित







पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के शुभ अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल के तत्वाधान एवं यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव ए के सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एनएमडीसी परियोजना अस्पताल किरंदुल में कार्यरत समस्त नर्स भाई, बहन को स्वादिष्ट मिठाई खिला कर हर वर्ष की भांति पुष्प गुच्छ, पेन/ कलम भेंट कर परियोजना अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार लाल की मुख्य आतिथ्य तथा विशिष्ट अतिथि डॉ मनीषा लाल, डॉ अंजू शाह एवं परियोजना अस्पताल के चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर इंटक यूनियन की ओर से यूनियन के पदाधिकारी / सदस्य जियाउल हसन, ओम कुमार साहू, राकेश लाल, देव नारायण, सौरभ पात्रे, ब्रजेश मिश्रा, संतोष सरोज उपस्थित थे।

# कांग्रेस विधायक ने स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य में भ्रष्टाचार की जांच की मांग करते दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की



बीजापुर। जिले के कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने जिले में स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग करते हुए कलेक्टर, बीजापुर को पत्र लिखा है। विधायक विक्रम मंडावी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन ने जिले के 84 प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए प्रति भवन 80 हजार रुपये की दर से कुल 72 लाख 40 हजार रुपये स्वीकृत किए थे। यह कार्य जिला शिक्षा अधिकारी, बीजापुर के माध्यम से कराया जाना था। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मीडिया के माध्यम से यह जानकारी सामने आई है कि कई स्कूल भवनों का मरम्मत कार्य अधूरा होने के बावजूद पूरी राशि के आहरण का दबाव बनाया जा रहा है। विधायक ने आरोप लगाया कि मरम्मत कार्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने पत्र के साथ मरम्मत किए जाने वाले स्कूल भवनों की सूची को भी संलग्न किया है।

# जिला प्रशासन ने शिक्षा के क्षेत्र में 'स्कूल वेंडे वर्राटू पंडुम' अभियान की शुरुआत की



पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन ने शिक्षा के क्षेत्र में नई शुरुआत करते हुए 'स्कूल वेंडे वर्राटू पंडुम' अभियान की शुरुआत की है। इस अनूठी पहल का उद्देश्य जिले को ड्रॉपआउट मुक्त बनाना है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस अभियान के अंतर्गत जिले के 586 गांवों में डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे के लिए करीब 2200 सदस्यों वाली 600 सर्वे टीमों का गठन कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। ये टीमें घर-घर जाकर बच्चों की शैक्षिक स्थिति की जानकारी इकट्ठा कर रही हैं, ताकि उन्हें दोबारा स्कूल से जोड़ा जा सके। सर्वे का कार्य 20 मई तक चलेगा, इस दौरान हर घर में जाकर बच्चों की स्थिति, ड्रॉपआउट या नामांकन नहीं होने के कारणों को चिन्हित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में 23 प्रमुख कारणों को शामिल किया गया है। जैसे घरेलू जिम्मेदारियां, आर्थिक कठिनाइयां, दिव्यांगता, बाल विवाह, पलायन आदि। इस महाअभियान में शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास, बीजा दुतीर और शिक्षार्थ ट्रस्ट जैसे संगठनों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। सर्वे के बाद डाटा एंट्री और समीक्षा कर व्यापक कार्ययोजना बनाई जाएगी, जिसके तहत बच्चों को पुनः स्कूलों में नामांकित किया जाएगा।

# डीएवी किरंदुल में कक्षा 12वीं का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत



RAVEENA NETAM SHRUTI DEBNATH BALRAM GOUDA

**किरन्दुल।** डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में सीबीएसई कक्षा 12 वीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहाविद्यालय में कक्षा 12 वीं सीबीएसई बोर्ड में कुल 72 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिसमें 72 छात्र-छात्राएं पास हुए 64 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में एवं 8 छात्र ने द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय में छात्र बलराम गौड़ा ने 96.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। श्रुति देवनाथ ने 88.6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही एवं रवीना नेताम 87.02% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह वाणिज्य संकाय में श्रेहा सिंह ने 94.2% अंक प्राप्त कर प्रथम, नाज परवीन ने 93.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं वीणा लोखंडे 87.8% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह कला संकाय में ओंकार ठाकुर ने 82.2% अंक प्राप्त कर प्रथम, अदिती खाण्डे एवं सेरेना निषाद ने 78.2% अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं विजय कुमार कोरी ने 74.4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा दसवीं में परीक्षाफल उत्तम रहा कुल 56 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें परीक्षाफल 82.14% रहा। कक्षा दसवीं में गौरव देवनाथ ने 93.2% अंक प्राप्त कर प्रथम, अदिति सिंह राठौड़ 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं गौरव साहू 85.4 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा ने छात्र-छात्राओं के इस सफलता पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 13 मई को सामूहिक गृह प्रवेश

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रदेश में 13 मई को सामूहिक गृह प्रवेश कराया जाएगा। गृह प्रवेश का यह आयोजन सुशासन तिहार के अंतर्गत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1150315 पक्के आवासों के निर्माण का लक्ष्य भारत सरकार द्वारा आबंटित किया गया है, जिसमें से अब तक 953171 आवासों की स्वीकृति कराकर 222078 को पूर्ण किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 3 लाख से अधिक हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य में 51,000 से अधिक हितग्राहियों के पक्के आवासों का निर्माण किया जा चुका है, जिनका गृह प्रवेश 13 मई को सरगुजा (अंबिकापुर) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग शिवराज सिंह चौहान की गरिमामय उपस्थिति में कराया जाएगा। इसमें कोण्डागांव जिले के 1116 हितग्राही शामिल हैं। गृह प्रवेश करने वाले सभी लाभार्थियों को अन्य शासकीय योजनाओं जैसे उज्ज्वला, जल जीवन मिशन, आयुष्मान आदि से लाभान्वित किया जाएगा।

## प्राक्चयन परीक्षा के संबंध में दावा आपत्ति 15 मई तक

**कोण्डागांव।** प्रयास बालक व कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल 2025 को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर दर्शित किये गये हैं। उक्त संबंध में दावा आपत्ति 15 मई 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दावा आपत्ति आवेदन को जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोण्डागांव के कक्ष क्रमांक 69 में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति के पक्ष में दस्तावेज (प्रमाण) सहित जमा करना होगा। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति को पूर्णत अमान्य किया जाएगा। प्राप्त दावा-आपत्ति के परीक्षण पश्चात् विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दावा आपत्ति के संबंध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# फरसगांव पुलिस का जन सेवा सराहनीय कार्य

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



थाना फरसगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गारका निवासी युवती कुमारी शिवरात्रि बघेल पिता जोहन राम बघेल उम्र 27 साल निवासी गारका थाना केशकाल जिला कोण्डागांव जो 28 अप्रैल को अपनी बड़ी दीदी गौरी दुग्गा निवासी रावणभाटा फरसगांव में घर काम करने आई थी कि 06 मई को अपने घर गारका जा रही हूँ कह कर अपनी दीदी गौरी दुग्गा को बता कर फरसगांव से निकली थी जो शाम रात तक घर गारका वापस नहीं आने से आस पास तथा तलाश बाद गुम इंसान के पिता जोहन राम बघेल निवासी गारका ने अपनी पुत्री के गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज करवाया था। प्रार्थी के रिपोर्ट के आधार पर फरसगांव पुलिस मामले में गुम इंसान कायम कर गुम युवती की पतासाजी में जुट गई थी। मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए गुम युवती की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के सख्त आदेश पर एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय सिन्हे के नेतृत्व में विशेष टीम गठन किया गया था। गुम इंसान की पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना के आधार पर गुम युवती को पासंगी पुलिया के पास पूछताछ कर गवाहों के समक्ष 12 मई को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संजय सिन्हे, महिला प्रधान आरक्षक 217 बीना मण्डावी म.आर. 3032 वितावरी पाण्डे, आरक्षक 796 कृष्ण कुमार सेठिया की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

# ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



जिले के गीदम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हारम के निवासी भूपेंद्र तेलामी को ठगों ने पहले ऑनलाइन मार्केटिंग बिजनेस से जोड़कर पहले मुनाफा दिलाकर विश्वास अर्जित किया फिर अलग-अलग खाते में कुल 61 लाख रुपए डलवाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। ठगों ने पूरी वारदात को राजस्थान से अंजाम दिया। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया कि पुलिस की टीम को राजस्थान रवाना जोधपुर से ठगी के आरोपी बीरम राम नायक, पेम्पाराम, फलोदी से शिशुपाल एवं जयपुर से जितेंद्र मैरोठा को गिरफ्तार कर इनके पास से ठगी के 5 लाख रुपए बरामद किए गए। साथ ही इनके बैंक खाते में 3 लाख रुपए को होल्ड करवाया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध गीदम थाना में कार्यवाही के उपरांत आज मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया। पीड़ित भूपेंद्र तेलामी के अनुसार उसके व्हॉट्सएप पर वर्क फ्रॉम होम के नाम पर एक कंपनी (द गुड गाइस इलेक्ट्रानिक कंपनी) का मैसेज आया था। जिसमें हर दिन 1200 से 6000 रुपए तक कमाने का जिक्र था, जिससे वह जुड़ गया। ऑनलाइन जुड़ने के बाद उसके वॉलेट में 10 हजार रुपए भी आ गए। इसके बाद इसी तरह के कई झांसे में लेकर ठगी की गई। पीड़ित ने बताया कि ठगों ने उन्हें डेमो करने को कहा, जिसमें 20 टेंडर को ओपन करना था, टेंडर में इलेक्ट्रॉनिक सामान था। उसमें कुछ पैसे भी लगाने थे, जिसमें से प्रॉफिट निकलकर लाभ में शामिल हो रहा था। टेंडर पूरा करने के बाद लगाई हुई राशि और लाभ एक साथ युवक के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया गया था। लाभ देखकर फिर युवक टेलीग्राम चैनल से भी जुड़ गया, यहीं से ठगी का असली खेल शुरू हुआ। युवक से फाइनेंशियल कंसल्टेंट से संपर्क करने को कहा गया। उसे मोबाइल नंबर भी दिए गए। जिसके बाद युवक को कई अलग-अलग खातों में पैसे डलवाने कहा गया, उसे भरोसे में लिया गया। वहीं बैंक खातों में लगभग 61 लाख रुपए डलवा लिए। जब उसने सारे पैसे डाले और फिर ठगों ने फोन बंद कर दिया, कोई रिप्लाई नहीं दिया तो उसे आभास हुआ कि उसके साथ ऑनलाइन ठगी हो गया है। जिसके बाद युवक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। जिसके बाद दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने जवानों की एक टीम बनाई। साइबर सेल को भी एक्टिव किया गया। युवक ने जिन बैंक खातों में पैसे ट्रांजेक्शन किए थे, फोन नंबर और टेलीग्राम चैनल की डिटेल्स निकलवाई गई, पता चला कि ये खाते राजस्थान के हैं, तो उनके लोकेशन निकलवाकर पुलिस की टीम को राजस्थान रवाना कर जोधपुर से बीरम राम नायक, पेम्पाराम, फलोदी से शिशुपाल और जयपुर से जितेंद्र मैरोठा को गिरफ्तार कर इनके पास से ठगी के 5 लाख रुपए बरामद किए गए।

# जनकल्याणकारी कार्यों के लिए डीएमएफडी मद को किया जाए उपयोग: सांसद महेश कश्यप

## मद से स्वीकृत कार्यों में प्राथमिकता वाले विकास कार्य को समय सीमा में करें पूर्ण : विधायक किरण देव

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद सह समीक्षा बैठक की जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव और जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बस्तर में विकास कार्य को गति दे रही है। प्राकृतिक संपदा से संपन्न बस्तर में जिन कार्यों में विभागीय बजट का प्रावधान नहीं हो उन जनकल्याणकारी कार्यों के लिए डीएमएफडी मद को उपयोग किया जाए। डीएमएफटी मद में विशेष कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और विद्युत क्षेत्र को प्राथमिकता में रखकर बेहतर व्यवस्था किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में मानव संसाधन, मरम्मत योग्य शिक्षण संस्थाओं के पुनः निर्माण, पेयजल की संकट को दूर करने में सहायता दी जाए। विधायक किरण देव ने कहा कि जनता से सीधे जुड़ने वाले मामलों में कार्यवाही किया जाना चाहिए और डीएमएफटी मद से विकास कार्य को तत्काल मद से स्वीकृत कार्यों में प्राथमिकता वाले विषय पर विकास कार्य को समय सीमा में पूर्ण किया जाना चाहिए। संभाग मुख्यालय के विकास कार्यों का प्रभाव अन्य जिलों में भी दिखाई देता है। इसलिए पूर्व वर्षों के लम्बित विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाएं, इसके लिए विभागीय अधिकारी स्वप्रेरणा से दिक्कतों को दूर करने की पहल करें। बैठक में वित्तीय वर्षवार प्रगतिरत 210 विकास कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के डीएमएफटी मद से संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्ययोजना पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। जिसमें उच्च प्राथमिकता के ग्यारह कार्यों और अन्य प्राथमिकता के सात कार्यों के प्रावधानों पर चर्चा किया गया। बैठक में पेयजल समस्या, जल जीवन मिशन के लम्बित कार्यों में तेजी लाने तथा काम को अधूरा छोड़ने वाले निविदाकार के खिलाफ कार्रवाई करने, विद्युत व्यवस्था, डिस्मेंटल किए गए स्कूल भवनों के विकास जैसे प्रस्तावों पर चर्चा किया गया। साथ ही शासी परिषद के सदस्यों द्वारा उनके क्षेत्र के समस्या और अन्य विषय रखे गए जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय, शासी परिषद के गणमान्य सदस्य, कलेक्टर हरिस एस, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कोंटा पुलिस ने 37.5 किलो अवैध गांजा के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com




जिले की कोंटा पुलिस ने 37.5 किलो अवैध गांजा के साथ पांच आरोपियों एकला यशवंत निवासी सुभाष कॉलोनी भूपालपल्ली थाना, कट्टेकोला पवन कल्याण निवासी थाना भूपालपल्ली (तेलंगाना), जयशंकर भूपालपल्ली (तेलंगाना), कुंजा जीवन ज़िला भद्राद्री कोत्तागुडेम (तेलंगाना), डमसलपुडी अभिषेक ज़िला भद्राद्री कोत्तागुडेम (तेलंगाना), करनम वीराबाबू गोछ्ठागुडेम थाना (तेलंगाना) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिरी से सूचना मिली थी कि ओडिशा से तेलंगाना की ओर 2 मोटर साइकिल में 5 व्यक्ति अवैध गांजा का परिवहन कर रहे हैं, जिन्हें घेराबंदी कर जय स्तंभ चौक बिजली ऑफिस के पास पुलिस द्वारा पकड़ा गया। जिनकी तलाशी लेने पर 37.5 किलो अवैध गांजा, 2 नग मोटर साइकिल, 5 नग मोबाइल जब्त की गई। जिस पर थाना कोंटा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार 5 आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। पांचों गिरफ्तार आरोपी तेलंगाना निवासी हैं। जानकारी अनुसार आरोपियों में एकला यशवंत निवासी सुभाष कॉलोनी भूपालपल्ली थाना, कट्टेकोला पवन कल्याण निवासी थाना भूपालपल्ली ज़िला, जयशंकर भूपालपल्ली (तेलंगाना), कुंजा जीवन ज़िला भद्राद्री कोत्तागुडेम (तेलंगाना), डमसलपुडी अभिषेक ज़िला भद्राद्री कोत्तागुडेम (तेलंगाना), करनम वीराबाबू गोछ्ठागुडेम थाना (तेलंगाना) का निवासी होना पाया गया है।

# समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का हो रहा समाधानः भोजराज नाग

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



नगरी विकासखंड के गटटासिल्ली में आयोजित समाधान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र, कांकेर भोजराज नाग शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिले, इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। शासन द्वारा आपकी मांगो, शिकायतों और समस्याओ को दूर करने के लिए समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन लिए गए, जिनकी जानकारी इन समाधान शिविरो में दी जा रही है। उन्होंने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने पर काम किया जा रहा है और वह तभी संभव हो सकता है, जब लोगो तक शासन की योजनाएं पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के किसानो से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी किया है। वही प्रदेश की महिलाओ को महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रूपए देकर उन्हें आर्थिक रूप में मजबूत किया है। प्रदेश के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिए जा रहे है। ऐसे पात्र हितग्राही जिनका नाम सर्वे सूची में नहीं जुड़ पाया था उनका भी नाम जोड़ने सर्वे किया जा रहा है। सांसद नाग ने कहा कि सरकारी नौकरी के अवसर सीमित हैं एवं इसमें बहुत ज्यादा प्रतियोगिता है। युवा अपने पारंपरिक कार्यो को आधुनिक तरीके अपनाकर करें तो इससे लाभ होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने कौशल विकास और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा जैसी योजनाएं लाई हैंए जिसका लाभ युवा उठा सकते हैं। सांसद ने कहा कि पर्यावरण को बचाने हेतु एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है, ताकि हमारे आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा मिल सके। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की मांग है अब समय आ गया है कि हम सब एक जागरूक नागरिक बनकर जल संरक्षण की दिशा में काम करें बरसात के पानी को तालाब डबरी डेम आदि में संग्रहित कर उनका सुनियोजित उपयोग करें। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को गर्मी में धान की फसल नहीं लगाने के लिए आह्वान किया तथा फसल चक्र परिवर्तन के लिए कार्य करने कहा। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत शासन प्रशासन आपके द्वार तक चलकर आए हैं और आप सभी अपनी समस्या बता सकते हैं। ग्राम के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजना पहुंचे इसके लिए कार्य करने की जरूरत है। शासन की महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन जैसी विभिन्न योजनाएं लोगों के लिए बहुत उपयोगी है। गट्टासिल्ली क्लस्टर में कुल 3865 मांग एवं 44 शिकायत संबंधी आवेदन मिले। समाधान शिविर में जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा सभी स्टालो का निरीक्षण किया गया एवं सभी विभागीय अधिकारियों से प्राप्त मांग एवं शिकायतों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी, ग्राम पंचायतों के सरपंच और विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। समाधान शिविर में सभी विभाग द्वारा प्राप्त मांग एवं शिकायतों का जानकारी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वीकृति आदेश एवं सामग्री का वितरण किया गया जिसमे मतस्य पालन विभाग द्वारा 02 हितग्राही को जालए पशुधन विभाग द्वारा उघमिता योजना अंतर्गत अनुदान राशि 93 हजार 200 रू चेकए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 03 हितग्राही को राशन कार्ड, 01 हितग्राही को जाब कार्ड, 03 हितग्राही को चश्मा, 02 हितग्राही को पी एम आवास की चाबी दिया गया। इसी प्रकार श्रम विभाग द्वारा 02 हितग्राही का श्रम पंजीयन कराया गयाए आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा कु प्रियंका नेताम कमार छात्रा को 10 वीं में 79 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सांसद द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 02 हितग्राही को स्वामित्व योजनाए 05 हितग्राही को ऋण पुस्तिका प्रदाय किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विभाग विभाग द्वारा 11 हितग्रही को आयुष्मान कार्ड दिया गयाए उद्यानिकी विभाग द्वारा 05 हितग्राही को मिनीकीट एवं सब्जी सीडलींग प्रदान किया गया।

# पीएटी प्रवेश परीक्षा कल, बने 5 परीक्षा केंद्र

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

व्यापंम द्वारा गुरूवार 15 मई 2025, गुरूवार को धमतरी शहर में पीएटी की प्रवेश परीक्षा एक पॉली में प्रथम पॉली प्रातः 9:30 से 12:15 बजे तक 05 केन्द्रों में बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में 480 परीक्षार्थी, एनआरएम शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी में 360 एवं शिवसिंह वर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी 95, डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय बालक उमावि धमतरी में 360 एवं नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम उमा विद्यालय धमतरी मे 139 परीक्षार्थी इस प्रकार जिले में कुल 1424 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8:30 बजे से प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षार्थी अपने साथ अपना प्रवेश पत्र एवं फेटो पहचान पत्र के लिए आधार कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, पेनकार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक फेटोयुक्त पहचान पत्र की ओरिजनल कॉपी परीक्षा केन्द्र में लेकर अवश्य आवें अन्यथा परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति नही दी जावेगी। परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रिानिक उपकरण प्रतिबंधित है। प्रातः 9:00 बजे के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति किसी भी दशा में नही दी जावेगी। उक्त परीक्षा के लिए डॉ विनोद कुमार पाठक समन्वयक एवं अनुविभागीय अधिकारी रा, पवन कुमार प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाए गये है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पीजी महाविद्यालय धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है, इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था उक्त केन्द्रों हेतु कर दी गई है। परीक्षार्थियों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि परीक्षा के एक दिन पूर्व अपनी परीक्षा केन्द्र को देख लेवें ताकि परीक्षा दिनांक को सही परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में शामिल हो सके।

# वनांचल ग्राम बल्दाकछार में हुआ दिव्यांग शिविर, दिए गए प्रमाण पत्र

## नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने भी प्रस्ताव भी प्रेषित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के बल्दाकछार आगमन में दौरान दिये गए निर्देश पर विकास खंड कसडोल के वनांचल ग्राम बल्दा कछार में एक दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आये हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगों का परीक्षण कर उन्हें मेडिकल प्रमाण पत्र जारी किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार ग्राम बल्दा कछार प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पी एम जनमन) अंतगर्त आता है जिसमें कमार जनजाति के लोग निवास रत हैं। आयोजित शिविर में कुल 9 दिव्यांगों का परीक्षण किया गया जिसमें से 2 मुख बधिर, 4 हाथ पैर से दिव्यांग, 3 जन्मजात दृष्टिहीन पाए गए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रविशंकर अजगल्ले के अनुसार दिव्यांगों का परीक्षण के साथ-साथ शिविर में कुल 65 लोगों की अन्य स्वास्थ्य जाँच भी की गई। इसमें बीपी, शुगर, एच बी, मलेरिया, सिकलिन, टीबी की स्क्रीनिंग और नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में दो गर्भवती महिलाओं की भी जाँच हुई। शुगर और बीपी पाए गए मरीजों को दवाई दी गई जबकि टीबी के लिए बलगम का नमूना लेकर उसे लैब जाँच हेतु भेजा गया है। राज्य सरकार द्वारा ज़ारी सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम बल्दा कछार के ग्रामीणों ने गाँव मे नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की भी मांग की थी जिसके लिए प्रस्ताव राज्य स्तर पर संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ स्वास्थ्य अटल नगर नवा रायपुर को प्रेषित कर दिया गया है। प्रस्ताव में बल्दा कछार सहित औराई, बरबसपुर और खैरा बी ग्राम सम्मिलित हैं। शिविर में हडडी रोग विशेषज्ञ डॉ कल्याण कुरुवंशी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कुंदन कुमार, डॉ गोवर्धन सेन, डॉ गणेश वर्मा फ्रैंकलिन रात्रे, संबंधित केंद्र के आर एच ओ, सी एच ओ, एम टी तथा मितानिन उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता पाठशाला का किया गया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी खेमराज साहू के नेतृत्व में यातायात स्टॉफ द्वारा सड़क सुरक्षा को बढावा देने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए 12 मई को सड़क सुरक्षा पाठशाला का शुभारंभ किया गया जिसके तहत रत्नाबांधा दुर्ग मार्ग में चालानी कार्यवाही के साथ.साथ सड़क सुरक्षा पाठशाला का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को न केवल जुर्माना लगाया गया बल्कि उन्हे सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए जागरूकता कार्यक्रम में भी लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पाठशाला में मुख्य रूप से हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, सीट बेल्ट का उपयोग, मोबाइल फोन के उपयोग से बचाव, गति सीमा का पालन, नशे में वाहन न चलाने एवं मालवाहन वाहनों में यात्रा नही करने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में ग्राम गट्टासिल्ली में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में यातायात का स्टॉल लगाकर शिविर में आने वाले लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कम खर्च के चक्क र में मालवाहक वाहन से यात्रा न करेए मालवाहक वाहन से यात्रा करने के दौरान कभी-कभी गंभीर दुर्घटना घटित हो जाती है जिससे जान माल का अधिक नुकसान होता है, ऐसे नुकसान से बचने के लिए यात्री परिवहन वाहन से ही यात्रा करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाये, सड़क सुरक्षा उपकारणों का उपयोग करने बताकर यातायात जागरूकता पम्पलेट विवतरण किया गया। यातायात पुलिस धमतरी का उद्देश्य केवल चालान करना नही है, बल्कि लोगों को यह समझाना है कि इन नियमों का पालन उनके अपने जीवन की रक्षा के लिए कितना महत्वपूर्ण है। सड़क सुरक्षा पाठशाला के माध्यम से यहाँ संदेश जन.जन तक पहुचाना है।

# माय भारत ने युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए किया आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, देश भर के युवाओं को माय भारत प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक सुरक्षा सिविल डिफेंस स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है। खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान। इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल बनाना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय अपने नागरिक एवं प्रशासन की सहायता कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए, एक मजबूत, समुदाय आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों का समर्थन करके इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है और माय भारत इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए माय भारत अपने युवा स्वयंसेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से आगे आकर माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में रेजिस्ट्रेशन करने की अपील करता है। मौजूदा माय भारत स्वयंसेवक और नए व्यक्ति जो इस क्षमता में राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं, दोनों का इसमें शामिल होने का स्वागत है। यह पहल न केवल युवाओं में नागरिक जिम्मेदारी और अनुशासन की मजबूत भावना पैदा करती है, बल्कि उन्हें गंभीर परिस्थितियों में तेजी से कार्य करने के लिए व्यावहारिक जीवन.रक्षक कौशल और प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। रेजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सरल है और आधिकारिक माय भारत पोर्टल https://mybharat.gov.in के माध्यम से उपलब्ध है। यह युवाओं से आगे आने और इस राष्ट्रीय उददेश्य के लिए सभी इच्छुक युवाओं/जनता को संगठित करने का आह्वान है। अधिक जानकारी के लिए नितिन कुमार शर्मा जिला युवा अधिकारी माय भारत धमतरी, फोन नंबर 7999551418 में संपर्क कर सकते हैं।

# मधुरानी ढांढ का निधन, क्लब में श्रद्धांजली सभा आज



**धमतरी।** लेडीज क्लब की संरक्षिका मधुरानी ढांढ का आकस्मिक निधन 12 मई को हो गया है। क्लब के मेम्बर्स ने इसे अत्यंत दुखद दुर्घटना बताते हुए जानकारी दिया कि क्लब को स्वरूप देने वाली एवं 40 वर्षो से सतत सब से जुड़कर दिशा प्रदान करने वाली लेडीज क्लब की आधारशिला को हमने खो दिया है। अतः इस संदर्भ में 14 मई दिन बुधवार को शाम 5 बजे साहेब रेस्टोरेंट में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है जिसमें क्लब के प्रत्येक सदस्यों से उपस्थिति की अपील करते हुए कहा कि वे सभी इस सभा में पहुंचकर हमारे क्लब की गुरु मां को भावभीनी श्रद्धांजलि देने अवश्य ही पहुंचे।

# मुख्यमंत्री की घोषणा पर जिला प्रशासन की त्वरित अमल, बल्दाकछार में विभागों द्वारा कार्यवाही शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित अमल की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जल संसाधन एवं क्रेड़ा विभाग के एसडीओ और सब इंजीनियर आज विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम बल्दाकछार पहुंचे और सर्वे का काम शुरू किया। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप नदी तट को कटाव से बचाने के लिए महानदी में तटबंध निर्माण हेतु मंगलवार को जल संसाधन विभाग के इंजिनीयर द्वारा सर्वे किया गया। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि महानदी के बाढ़ से प्रति वर्ष तेजी से हो रहे कटाव से ग्राम बल्दाकछार को सुरक्षित रखने हेतु नदी के दाएं तट में पक्का तटबंध बनाना आवश्यक है। इसके लिए सर्वे का कार्य जारी है।महानदी के तट में लगभग डेढ़ किलोमीटर की लम्बाई में हो रहे कटाव को रोकने के लिए लगभग 5 मीटर स्लांट हाईट में सीमेंट कांक्रिट की संरचना बनाकर कटाव को रोका जाएगा। इस कार्य की निर्माण लागत 888.00 लाख अनुमानित है। तटबंध निर्माण से महानदी के बाढ़ के पानी से हो रहे कटाव को रोका जा सकता है। इसीतरह मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप



ग्राम बल्दाकछार में हाई मास्ट लाइट लगाने हेतु क्रेड़ा विभाग के इंजिनियर ने सरपंच व ग्रामीणों के साथ सर्वे किया। क्रेड़ा के इंजिनियर ने बताया कि ग्राम बल्दाकछार में हाई मास्ट सयंत्र स्थापना हेतु गुड़ी चौक एवं कमारपारा का चयन सरपंच एवं ग्रामवासियों के साथ संयुक्त रूप से किया गया। स्वीकृति हेतु प्राक्कलन प्रस्तुत किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार अंतर्गत 9 मई 2025 को आकस्मिक निरीक्षण में ग्राम बल्दाकछार पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर कई घोषणाएं की और अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये थे।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही, एक लाख 80 हजार रुपये का हाथभट्टी महुआ शराब एवं लाहन जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण पर बड़ी कार्यवाही करते हुए करीब एक लाख 80 हजार मूल्य के अवैध कच्ची मदिरा एवं महुआ लाहन जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वृत्त बलौदाबाजार के ग्राम सुढ़ेली में अवैध मदिरा निर्माण की सूचना पर रविवार को संभागीय उड़नदस्ता एवं जिला आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम के नाला किनारे छिपाकर रखी हुई 85 लीटर अवैध कच्ची मदिरा तथा लगभग 3260 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। बरामद मदिरा का परीक्षण कर जब्त किया गया एवं महुआ लाहन का सैम्पल लिया गया।बरामद मदिरा एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य एक लाख 80 हजार रूपए होना पाया गया। आज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (च), 34 (च ) तथा 34(2) का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की पतासाजी की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी चंद्रहास यदु, जलेश सिंह एवं आबकारी उप निरीक्षक राजेंद्र देवांगन संभागीय उड़न दस्ता रायपुर के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही की गई। ज्ञाताव्य है कि आबकारी आयुक्त श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर दीपक सोनी ने निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह के नेतृव मे आबकारी विभाग द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं कार्यवाही की जा रही है।

# किडनी पीड़ितो सहित 8 गांव के लोगों को रिमूवल प्लांट से फिल्टर कर पानी पहुंचाने की मंशा पर अधिकारियों की सुस्ती से लगा ग्रहण

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

किडनी पीड़ित सुपबेड़ा गांव के पीड़ितो के साथ साथ आजू बाजू के 8 गांव के सैकडो ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना पर बीते कई महीनों से अधिकारियों की सुस्ती के चलते ग्रहण लगा हुआ है क्योंकि फिल्टर कर पानी पहुंचाने के लिए इंटक वेल का कार्य वर्षो बाद भी पूरा नहीं हो पा रहा है इंटक वेल का ऊपरी भाग को पूर्ण कर काम को बंद कर दिया गया है जिसे देख ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधियो में भी काफी ज्यादा रोष देखने को मिल रहा है गौरतलब हो कि सुपबेड़ा के किडनी पीड़ितो सहित निष्टीगुड़ा सेंदमुडा ठीरलीगुड़ा सागौनभाड़ी खम्हारगुड़ा खोकसरा परेवापाली मोटरापारा के 2 हजार से अधिक घरों में फिल्टर पानी पहुंचाने के लिए तत्कालीन सरकार ने मल्टी विलेज स्कीम के लिए 8 करोड़ 45 लाख की स्वीकृति दिया और स्वीकृति के बाद तात्कालिक पीएचई ईई पंकज जैन ने विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने से पहले आनन फानन में सुपेबेड़ा के तत्कालीन सरपंच चंद्रकला मसरा एवं पंचों से शुभारंभ कराते 8 से 10 माह के भीतर काम पूरा करने का भरोसा दिलाया था। जिसके आधार पर सेंदमुडा तेलनदी मे समूह जल प्रदाय योजना के तहत रिमूवल प्लांट से फिल्टर कर पानी पहुंचाने के इंटक वेल का निर्माण शुरू करते ऊपरी भाग तक पूर्ण भी कर कार्य को बंद कर





दिया। तब से लेकर इंटक वेल का काम चालू नहीं हुआ है, जबकि महीनों से कार्य बंद पड़ा है, जिसकी परवाह ना ठेकेदार को है और ना जिम्मेदार अधिकारियों को। ऐसे में किडनी पीड़ितो को शुद्ध पेयजल के लिए और लंबा समय इंतजार करना होगा क्योंकि सेंदमुडा तेलनदी किनारे निर्माण इंटक वेल का काम बंद पड़ा हुआ है। हालांकि मंत्री कलेक्टर के दौरा या शिकायत के बाद यह कार्य पुनः दिखावा के लिए शुरू कर दिया जाता है। जबकि सुपबेड़ा के किडनी पीड़ित आज भी वही पुरानी नलकूप से पानी पीने और निस्तारण के लिए मजबुर है। शायद यही वजह है कि शुद्ध पेयजल के लिए कलेक्टर से लेकर मंत्री तक मांग करते उदासीन बरतने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही के लिए पत्राचार करने की बात कह रहे हैं, क्योंकि वर्तमान में भी अधिकारी गंभीर नहीं है तभी बंद पड़ा काम चालू की स्तिथि में नहीं हो रही हैं।

## जिला पंचायत सभापति नायक के फटकार के बाद सेंटरिंग काम

बीते दिन देवभोग ब्लॉक के झाखरपारा में आयोजित समाधान शिविर के दौरान जिला पंचायत सभापति देशबंधु नायक विभागीय एसडीओ को इंटक वेल काम महीनों से बंद होने को लेकर जोरदार खरी खोटी सुनते हुए कहा कि महीनों से इंटक वेल के कार्य को बंद रखा है जिसके चलते कई असामाजिक तत्व छड़ को काट कर ले रहे और यही स्थिति रहा तो किडनी पीड़ितो को दशकों बाद भी शुद्ध पेयजल मिलना मुश्किल है और ऐसे पूरी वस्तु स्तिथि को विभागीय मंत्री के समक्ष रखने की बात कहते ही अधिकारियों ने 2 दिन के भीतर सेंटरिंग काम कर लिया। हालांकि सिर्फ सेंटरिंग काम बस हो पाया है लेकिन अब तक मैटेरियल का कार्य शुरू नहीं हुआ है

## मॉनिटरिंग के अभाव में कछुए की चाल पर काम

इंटक वेल निर्माण कार्य कछुए की चाल पर होने का सबसे प्रमुख कारण अधिकारियों उदासीन को माना जाता है क्योंकि पीएचई अधिकारीयों का कोई खास मॉनिटरिंग नही होता इस विभाग के कार्यपालन अभियंता तो महीना मे एक बार पहुंचे तो बहुत बड़ी बात या फिर कलेक्टर के दौरा या मंत्री के संभावित दौरा से पहले पहूंच जाते हैं ताकि आक्रोश लोगो को तरह तरह का कंडीशन बताकर शांत किया जा सके मगर इस बार ग्रामीण खूब अधिक नाराज दिखाई पड़ रहे हैं क्योंकि यह उदासीन रवैया रहा तो आने साल में समूह जल प्रदाय योजना का लाभ मिलना मुश्किल होगा।

## नल जल कनेक्शन कार्य से भी ज्यादातर लोग नाराज

विभागीय अधिकारियों की संलपित्ता से ठेकेदारों ने जिस तरह नल से जल कनेक्शन देने के कार्यों में भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है उससे ग्रामीण काफी अधिक आक्रोश है खासकर खोकसरा मोटरापारा झिरीपानी सहित अन्य गांव के हितग्राही कार्यपालन अभियंता के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में जुटे है मतलब सीएम विष्णुदेव साय और पीएचई मंत्री से पत्राचार कर शिकायत दर्ज कर गुणवत्ताहीन कार्य के खिलाफकार्यवाही की मांग करते आगे के बचत कार्य को सुधारा जा सकें क्योंकि कई दफा पीएचई अधिकारीयों से गुणवत्ता हीन नल जल कनेक्शन कार्य की शिकवा शिकायत हुआ लेकीन ना गुणवत्ताहीन कार्य में सुधार हो पाया और ना कोई कार्यवाही ऐसे में पीएचई अधिकारियों से गुणवत्तापूर्वक नल जल कनेक्शन देने की कल्पना करना फिजूल होगा।

# सुशासन समाधान शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com




सुशासन तिहार 2025 में नागरिको के समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उनके मांग एवं शिकायत के आधार पर स्थल निरीक्षण कर उसका समाधान संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा तत्काल किया जा रहा है। नव निर्मित लोकांगन परिसर वैशाली नगर में शासन के सभी प्रमुख विभाग उद्यान शाखा, शहरी अजीविका मिशन, लोक कर्म विभाग, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, जल विभाग, नियमितिकरण, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल विकास, पेंशन विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष, मोर संगवारी के सदस्य, आधार कार्ड, यातायात, वन विभाग, श्रम विभाग आदि के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बता रहे थे एवं उनके समस्याओ का समाधान त्वरित रूप से किया जा रहा था। यातायात विभाग एवं आधार कार्ड के काउंटर पर ज्यादा भीड़ था, आवेदक अपने ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड इत्यादि का नवीनीकरण करवा रहे थे। 22 वर्षीय मधुसुदन मिस्त्री ने इस बात की खुशी व्यक्त कि हमें अपना ड्राईविंग लाईसेंस सुधरवाने के लिए यातायात विभाग दुर्ग जाकर करवाना पढ़ता, किन्तु हमारा काम सुशासन समाधान शिविर में हो गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा 6 कुपोषित बच्चों को सुपोषित किट एवं 5 गर्भवती महिलाओ को पोषण आहार किट प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा शासन द्वारा प्रदान की जा रही पोषण आहार का प्रदर्शनी भी लगाया गया था। जिसके माध्यम से यह बताया गया कि आंगनबाड़ी में बच्चों को किस प्रकार से खाद्य सामग्री बनाकर दिया जाता है। वैशाली नगर विधायक के विशेष पहल पर यातायात विभाग द्वारा लगाए गए काउंटर पर 15 नये ड्राईविंग लाईसेंस एवं 2019 के बाद बाद के 6 गाड़ियों के नम्बर प्लेट भी बदले गए। कुल 320 नए आवेदन प्राप्त हुए, 17 आधार कार्ड भी बनाये गये। शिविर के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, भिलाई भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, वार्ड पार्षद स्मिता दोड़के, उषा शर्मा, लक्ष्मी बाई साहू, प्रदीप सेन आदि उपस्थित रहे।

## कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में दुर्ग जिले की 77 पंचायतें चयनित

### कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए सरपंचों का सराहनीय योगदान




पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सरपंचों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय बनती जा रही है। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में दुर्ग जिले में सबसे अधिक 77 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है, जहां अगले 6 माह में कुपोषण को कम करने का लक्ष्य तय किया गया है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों में 247 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी समन्वय से कार्य कर रहे हैं। अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान कुपोषण से मुक्त हुए ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन किया जाएगा और सर्वाधिक कुपोषण से मुक्त हुए पंचायतों को विभाग की ओर से एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। अभियान में जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। कई सरपंच अपने निजी खर्च से कुपोषित बच्चों को चना, मूंगफली, मुर्रा, गुड़ और केला जैसी पोषक सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। करेला पंचायत में सरपंच डॉ. राजेश बंछोर द्वारा बच्चों को पोषण सामग्री वितरित की गई है। पहदा झा पंचायत में सरपंच दिनेश ठाकुर ने पोषण सामग्री दी है। जामगांव एम की सरपंच मती तुलसी सिन्हा ने 7 केंद्रों के लिए चना, मूंगफली और गुड़ उपलब्ध कराया। धौराभाठा में सरपंच विनय चंद्राकर द्वारा सप्ताह में दो दिन दूध और केला दिया जा रहा है। छांटा पंचायत में भी दूध और केला उपलब्ध कराया जा रहा है। सांतरा पंचायत में सरपंच मती ज्योति गोलू चंद्राकर ने कुपोषित बच्चों को गोद लेकर पोषण सामग्री उपलब्ध करवाई है। इन सभी ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रेडी टू ईट मिलाकर लड्डू बनाया गया है। जिसे रोज कुपोषित बच्चों को खिलाया जाता है। चिन्हांकित ग्राम पंचायतों को कुपोषण मुक्त करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार गृहभेंट कर कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के खान-पान में विशेष ध्यान दे रही है। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी भरपूर सहयोग कर रहे हैं।

## घर के अंदर घुसकर धारदार चाकू, डण्डा एवं हाथ मुक्का से मारपीट कर किया था जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



रंजीत सिंह अपने घर में था, ग्राम जोरातराई के चंदन कुमार उड़िया और सुरेन्द्र बाग प्रार्थी के घर के सामने गाली गलौच कर रहे थे, प्रार्थी गाली गुप्तार करने से मना किया तो चंदन कुमार उड़िया एवं सुरेन्द्र बाग दोनों एक साथ मिलकर समझाने वाले कौन होते हो कहते हुए चंदन ने अपने पास में रखे धारदार चाकू से प्रार्थी की हत्या करने की नियत से पेट में घुसाने के लिए वार किया जिससे दोनों हाथ की हथेलियां जख्मी हो गई । सुरेन्द्र बाग हत्या करने की नियत से प्रार्थी के सिर के पीछे हिस्से में 03 जगह धारदार चाकू से वार कर चोंट पहुंचाया। प्रार्थी की पत्नि माधुरी और संतोषी बीच बचाव कर सहारा देकर घर अंदर ले गये । पुनः कुछ देर बाद चंदन और सुरेन्द्र अपने अन्य साथी हिमांशु कुर्रे एवं अन्य के साथ प्रार्थी की हत्या करने की नियत से घर के अंदर घुस कर प्रार्थी के साथ चारों हाथ मुक्का व डण्डा से मारपीट किये, जिससे प्रार्थी के पीठ, दाहिने आंख के ऊपर में चोंट आई । रिपोर्ट पर थाना उतई में अपराध आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी चंदन कुमार उड़िया, हिमांशु कुर्रे, सुरेन्द्र बाघ को जोरातराई से घेराबंदी कर अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किये। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो नग धारदार चाकू एवं एक डण्डा विधिवत जप्त कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी, उप निरीक्षक कमल सिंह सेंगर, सउनि नेमन सिंह साहू, प्र. आर. नेमु प्रसाद साहू, आरक्षक ध्रुव नारायण चन्द्राकर, दुष्यंत लहरे, हुलेश्वर साहू, राजीव दुबे एवं दिलीप सिंह सिदार की भूमिका उल्लेखनीय रही है।

## स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का खुलासा, संचालिका सहित चार गिरफ्तार

### आरोपियों से जप्त किया गया आपत्तिजनक सामग्री

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला अवैध धन लाभ अर्जन करने हेतु व्ही. आर. टावर जुनवानी में संचालित अगम ब्यूटी सेलून एवं स्पा सेंटर में मसाज के नाम पर लड़कियों से देह व्यापार करवा रही है। सूचना पर तत्काल महिला अधिकारियों कर्मचारियों के साथ टीम गठित कर पुलिस कर्मचारी को पाईंटर नियुक्त कर स्पा सेंटर में अगम ब्यूटी सेलून एण्ड स्पा सेंटर में दबिश दिया गया। मौके पर स्पा सेंटर की संचालिका प्रिया सिंह से आपत्तिजनक सामग्री, पॉच नग रजिस्टर एवं 4,000/- रूपये तथा स्पा सेंटर के रूम में ग्राहक एस.के. द्विवेदी, धर्मशील खोब्रागढ़े, राहुल चौधरी एवं विकास गेन्ड्रे मिले, जिनके पास से आपत्तिजनक सामग्री एवं विभिन्न कम्पनी के पॉच नग मोबाईल को विधिवत जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 533/25 अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 की धारा 3,4,5,7 के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा पाठक, उप निरीक्षक गुरूविन्दर सिंग संधु, सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा, आरक्षक तुषार छेदैया, जी.लक्ष्मीनारायण, संतोष निर्मलकर, सविन्दर सिंग की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## निगम प्रशासन ने इंदिरा मार्केट स्थित जर्जर मटन/मछली मार्केट में आम जनता को अपनी जवाबदारी से जाने की दी सलाह

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

इंदिरा मार्केट स्थित मटन/मछली मार्केट की भवन का अत्यंय जीर्णशीर्ण हो जाने के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना घटने की आशंका को देखते हुए महापौर अलका बाघमार व निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा आम जनता को मटन/मछली मार्केट के अंदर खरीदी हेतु जाने से बचने की सलाह दी गई। जानकारी हो कि मटन/मछली मार्केट के व्यापारियों द्वारा उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश ले आने के कारण आधुनिक न्यू हाईजेनिक मछली मार्केट सिविल लाइन में विस्थापित नही हो पा रहा है।निगम प्रशासन ने जर्जर मटन/मछली मार्केट में आम जनता को अपने जोखिम मेंजाने को बोला गया है। आपको बता दे कि नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत समस्त आम नागरिकों को सूचित किया गया है कि, यह बिल्डिंग जर्जर घोषित किया जा चुका है तथा आम जन के उपयोग के लायक नहीं है। योंकि याचिकाकर्ता भागवत ढीमर एवं 7 अन्य द्वारा हाई कोर्ट में याचिका द्वारा लगाये गए याचिका में हाई कोर्ट द्वारा याचिकाकर्ताओं को मार्किट शिफ्ट करने हेतु स्थगन आदेश मिला हुआ है।

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है की इस बिल्डिंग में अपने जोखिम मेंप्रवेश करें।निगम आयुक्त ने अधिकारियों को सूचना बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए है। नागरिकों द्वारा अगर इसका इस्तेमाल किया जाता है और कोई दुर्घटना होती है तो इसके लिए नगर निगम अथवा जिला प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं होगा।

## साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर आईजी दुर्ग रेंज ने किया साइबर थाना एवं सीसीटीएनएस का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा साइबर थाना दुर्ग रेंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना भवन का भौतिक निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड, पंजियों एवं उपयोग में लाए जा रहे सॉफ्टवेयर की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने साइबर थाना प्रभारी को विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आईजी गर्ग द्वारा पोर्टल पर प्राप्त साइबर शिकायतों, केस ट्रैकिंग प्रणाली, अनुसंधान की प्रगति, तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता तथा स्टाफ की संख्या की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मूलभूत सुविधाओं की कुछ कमी पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध वर्तमान समय की गंभीर चुनौती है, जिससे निपटने के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों के साथ-साथ प्रशिक्षित बल की आवश्यकता है। इस दिशा में सभी अधिकारियों को हर स्तर पर सतर्कता बरतने तथा तकनीकी दक्षता में लगातार सुधार करने के निर्देश दिए गए। आईजी ने भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के संबंध में कर्मयोगी ऐप के माध्यम से प्रशिक्षण लेने के भी निर्देश दिए, जिससे स्टाफ अद्यतन कानूनी जानकारी प्राप्त कर सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीएनएस कक्ष का भी अवलोकन किया एवं नफीस, सीसीटीएनएस, साइबर पोर्टल तथा सिटीजन सर्विसेज से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में गर्ग ने अधिकारियों को साइबर प्रहरी जनजागरूकता अभियान को और प्रभावी रूप से आमजन तक पहुँचाने का सुझाव दिया, जिससे नागरिक सतर्क रहें और ऑनलाइन ठगी से बचाव कर सकें।

## चेन स्नेचिंग के मामलें का खुलासा कुल 9 अपराध के 3 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से सोने की चैन, पैण्डल, एक्टिवा, हिरो मोटर सायकल, जुमला 03 लाख की मशरूका जप्त

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



थाना वैशाली नगर एवं थाना खुर्सीपार में प्रार्थी बी प्रभावती एवं थाना खुर्सीपार में प्रार्थी ए.मीना द्वारा रिर्पोट दर्ज कराया गया कि सुबह टहलते समय दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पीछे से वाहन में आकर गले में पहने सोने की चैन को छीन कर भाग गये की रिर्पोट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। एक ही दिन में चेन स्नेचिंग की वारदात एक्टिवा व मोटर सायकल में आकर आरोपियों द्वारा की गई थी। उक्त घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक महोदय दुर्ग विजय अग्रवाल के द्वारा माल-मुलजिम की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिये गये थे जिसके परिपालन में पूराने चैन स्नेचरों के संबंध में पतासाजी की जा रही थी पतासाजी के दौरान चेन स्नेचिंग का फरार वांछित आरोपी दीपक उर्फ दीप सिंह चोरी के एक्टिवा वाहन में खुर्सीपार क्षेत्र में दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ गया बारिकी से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथी सूरज उर्फगेंडा उड़िया के साथ थाना वैशाली नगर क्षेत्र एवं थाना खुर्सीपार क्षेत्र से महिलाओं के गले से सोने चेन छिनने का अपराध स्वीकार किया एवं आगे पूछताछ करने पर थाना भिलाई नगर सेक्टर 08, सडक 01 में उम्र दराज महिला से एक चेन स्नेचिंग करना बताया। चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देने हेतु छावनी चौक से मोटर सायकल एवं को कबीर नगर रायपुर से एक्टिवा चोरी करना स्वीकार किया। चेन स्नेचिंग से प्राप्त मशरूका सोने की चैन एवं पैण्डल को रायपुर निवासी मंजू साहू को चोरी का होना बता कर बजार मूल्य से कम कीमत में बेचना बताया था आरोपी की निशानदेही पर मशरूका सोने की चेन एवं पेण्डल मंजू साहू पति कृष्ण कुमार साहू, निवासी रायपुर से जप्त किया गया है।

## हाईस्कूल के प्रावीण्य सूची में शामिल विद्यार्थियों को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 में दुर्ग जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर में जिले का नाम रोशन किया है। जिले में हाईस्कूल का कुल परिणाम 75 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी का परिणाम 88.6 प्रतिशत दर्ज किया गया है। हाईस्कूल परीक्षा में दुर्ग जिले के पांच विद्यार्थियों ने राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया। हाईस्कूल प्रावीण्य सूची में शामिल विद्यार्थी- वैष्णवी देवांगन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगपुरा 98.33 प्रतिशत राज्य में 6वां स्थान, रिहा देवांगन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल रिसाली 98.17 प्रतिशत राज्य में 7वां स्थान, नूतन वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाहंदा 97.83 प्रतिशत राज्य में 9वां स्थान, बिंदू कुशवाहा शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग 97.83 प्रतिशत राज्य में 9वां स्थान और आदित्य प्रताप सिंह सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 04 भिलाई 97.67 प्रतिशत राज्य में 10वां स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे एवं सहायक कलेक्टर अभिजीत पठारे ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दुबे ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

THE PIONEERS CLASSIFIED

CHANGE OF NAME

I SUNITHA KUMARI GOLECHA alias SUNITHA JAIN D/O MOOLCHAND GOLECHHA W/O ALOK JAIN R/O Flat-402 4th Floor Pushp Galaxy Motilal Nehru Nagr Bhilaidurg Chhattisgarh-490020 changed my name to SUNITHA JAIN.
PD(2016)A

कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्र./231/न.पा.प/राजस्व/2025 बेमेतरा, दिनांक 13/05/2025

// दुकान नीलामी निरस्त सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन पत्र क्र./102/न.पा.प./राजस्व/2025 बेमेतरा, दिनांक 21.04.2025 के अनुसार पालिका बाजार शॉपिंग काम्पलेक्स एवं कार्यालयीन पत्र क्र./111/न.पा.प./2025 बेमेतरा, दिनांक 22.04.2025 के अनुसार मां भद्रकाली शॉपिंग काम्पलेक्स की नीलामी सूचना जारी किया गया था जिसे आगामी सूचना प्रकाशन तिथि तक अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

क्र./278/जल वि./न.पा.प/2025-26 भाटापारा, दिनांक 13/05/2025

// द्वितीय मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद् भाटापारा द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च 2026 तक) तक के लिए जल विभाग अंतर्गत विभिन्न मरम्मत कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ए,बी,सी में मरम्मतकर्ता/फर्मो/एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से 03 लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 21/05/2025**

**(ग्रुप क्र. 01 से 06 तक के लिए आवेदन कुल लागत राशि 39.00 लाख)**

टीप 1. निविदा संबंधित नियम एवं शर्ते जल विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नितई पटेल पिता महादेव जाति मरार निवासी ग्राम मोखापुटका तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम मोखापुटका दिनाँक 01/03/2010 को आवेदक के पिता महादेव की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 15/05/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
सरायपाली

### जनता को बेहतर सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है : प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर

## विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में ओर वार्ड नागरिको की शिकायत पर लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन, उपअभियंता विकास दमाहे के साथ वार्ड 15 सिकोला भाठा में विधायक निधि 50 लाख की लागत से बनाने वाले नव निर्माण सतनाम भवन का निरीक्षण कर ठेकेदार को 24 घंटे के भीतर निर्माण कार्य शुरू करने के साथ जोरदार फटकार लगाई। प्रभारी ने मौजूद अधिकारियों कहा कि 24 घंटे के भीतर कार्य शुरू नहीं करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रभारी ने कहा विधायक निधि से सतनाम भवन बन रहा है, जिससे यहां होने वाले धार्मिक सामाजिक आयोजनों में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा जल्द भवन को दुरुस्त करने कहा है ताकि जरूरत पड़ने पर लोग भवन का उपयोग कर सके। प्रभारी ने वार्ड क्रमांक उरला 57 खेल मैदान और मुक्तिधाम निर्माण कार्य के अलावा वार्ड क्रमांक 4 मांगलिक भवन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर निर्माण संबंधी सभी पहलुओं की जानकारी लिया। मौके पर उपस्थित ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और निर्धारित समयसीमा में निर्माण कार्य पूरा किया जाए। क्षेत्र के विकास के लिए हम लगातार कार्यरत हैं। विकास कार्यों की श्रृंखला निरंतर जारी है। प्रभारी चन्द्राकर ने कहा,विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता को बेहतर सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### सैनिक टकराव युद्धविराम की घोषणा

**युद्धविराम की घोषणा** से पाकिस्तान से सैनिक टकराव में राहत मिली है क्योंकि युद्ध का विस्तार किसी के हित में नहीं है। चार दिन से जारी गहन सैनिक टकराव में ड्रोनों और मिसाइलों का प्रयोग पूरी भारत-पाकिस्तान सीमा पर किया गया। दोनों देशों ने शनिवार को तत्काल और पूर्ण युद्धविराम की घोषणा की। इस कदम से पूरे उप-महाद्वीप में अस्थाई राहत मिली है, हालांकि तनाव के चिन्ताजनक संकेत जारी हैं। आश्चर्यजनक रूप से यह घोषणा सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि रात भर चली लंबी वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम के समझौते पर तैयार हुए हैं। उन्होंने समझदारी और विवेक से संकट निपटाने के लिए दोनों देशों की प्रशंसा भी की। इसके फौरन बाद भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने एक औपचारिक बयान में युद्धविराम की पुष्टि की। लेकिन युद्धविराम घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर जमीनी यथार्थ से एक जटिल तस्वीर सामने आई। जम्मू कश्मीर में ड्रोन दिखने तथा विस्फोटों की खबरें आईं और भारतीय सेनाओं ने इसकी प्रतिक्रिया में अपनी वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर दुश्मन के इरादों को ध्वस्त कर दिया।

देर रात एक प्रेस वार्ता में मिस्त्री ने पाकिस्तान पर युद्धविराम के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय सेना ने 'समुचित और उपयुक्त प्रतिक्रिया' की। इसके बाद शनिवार को पहले हटा लिए गए ब्लैकआउट प्रोटोकाल तेजी से पुन: पंजाब, गुजरात और राजस्थान में सतर्कता उपायों के रूप में लागू कर दिए गए। इस बीच इस्लामाबाद ने भारत पर युद्धविराम उल्लंघनों का आरोप लगाया है। इससे युद्धविराम की संवेदनशील प्रकृति उजागर होती है। इस प्रकरण से पैदा अस्थिरता भारत और पाकिस्तान के बीच एक गहरे और ज्यादा खतरनाक सत्य की ओर संकेत करती है कि दोनों देशों के बीच युद्ध की आशंका अभी बनी हुई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'आपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकाने नष्ट किए हैं जिनमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए हैं। इनमें भारत पर बड़े आतंकी हमलों तथा भारतीय एयरलाइन अगवा करने के जिम्मेदार अनेक बड़े आतंकी नेता भी शामिल हैं। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल हमलों से भारतीय सैनिक ठिकानों पर हमले के जवाब में पाकिस्तान के 11 हवाईअड्डों की महत्वपूर्ण सुविधाओं को नष्ट कर दिया है। इससे पाकिस्तानी सैन्य व्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है। भारत ने पाकिस्तान द्वारा छोड़ी मिसाइलों और ड्रोनों को लक्ष्यों तक पहुंचने के पहले ही नष्ट कर दिया जिससे भारत की महत्वपूर्ण वायु रक्षा प्रणालियों की क्षमता सिद्ध हुई है। इससे पाकिस्तान द्वारा दागी गई मिसाइलों की अक्षमता भी सामने आई है।

भारत द्वारा 'आपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत किए हमलों से परेशान पाकिस्तान ने पहले अमेरिका, सऊदी अरब व अन्य देशों से मदद की गुहार लगाई और बाद में उसके सैनिक कार्रवाई महानिदेशक-डीजीएमओ ने भारतीय डीजीएमओ से युद्धविराम की प्रार्थना की। इसके परिणामस्वरूप भारत की शर्तें मानते हुए युद्धविराम की घोषणा हुई। भारतीय सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों व डीजीएमओ ने एक प्रेस वार्ता में स्पष्ट कर दिया है कि यदि पाकिस्तान की ओर से युद्धविराम का उल्लंघन होता है तो भारतीय सेनायें उसका करारा जवाब देंगी। भारत ने यह घोषणा भी की है कि पाकिस्तान के खिलाफ सिंधु जल समझौता रद्द करने जैसी अन्य घोषणाओं पर अमल जारी रहेगा।

भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच केवल डीजीएमओ स्तर पर ही युद्धविराम के क्रियान्वयन पर वार्ता होगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया है कि पाक-अधिकृत कश्मीर से पाकिस्तान का अवैध कब्जा हटाने के अलावा कश्मीर पर वार्ता की कोई और संभावना नहीं है। भारत ने 'आपरेशन सिंदूर' के माध्यम से अपनी सैन्य शक्ति प्रदर्शित कर स्पष्ट संकेत दिया है कि पाकिस्तान द्वारा उकसावे की कोई और कार्रवाई स्वयं उसके लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। भारत की यह घोषणा भी महत्वपूर्ण संकेत है कि भविष्य में देश पर किसी आतंकी हमले को 'भारत के खिलाफ युद्ध' माना जाएगा। अमेरिका और इस्राइल इसी सिद्धान्त पर लंबे समय से चलते रहे हैं।

# सुदृढ़ आपदा प्रबंधन जरूरी

**भारत ने पिछले वर्षों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन अभी वह अंतरराष्ट्रीय मानकों से पीछे है। गर्मी के मौसम में बढ़ते संकट को देखते हुए सक्रिय, समन्वित और जवाबदेह आपदा प्रबंधन रणनीति जरूरी है।**



**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक, पर्यावरण प्रबंधन से संबद्ध हैं)



**अपनी** भौगोलिक स्थिति, भौगोलिक विविधता तथा भूगर्भीय व जलवायु स्थितियों के कारण भारत स्वाभाविक रूप से अनेक प्राकृतिक और अन्य प्रकार की विभीषिकाओं का शिकार हो सकता है। बार-बार यह तथ्य सामने आया है कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया तैयारी तथा तकनीक व त्वरित कार्रवाई के मामले में तैयारी का इच्छित स्तर प्रकट नहीं करती है। हमारी प्रशासनिक व्यवस्था केवल आपदा सामने आने पर ही जागती है। हर साल बार-बार आने वाली मौसमी विभीषिकाओं की गंभीरता बढ़ती जा रही है जिसके कारण इनसे होने वाला जान-माल का नुकसान भी लगातार बढ़ता जा रहा है जिनमें जीवन बनाए रखने वाले संसाधन भी शामिल हैं। 'नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथारिटी'-एनडीएमए के गठन के बाद पिछले कुछ वर्षों में आपदा प्रबंधन की व्यवस्था सुधरी है पर यह अंतरराष्ट्रीय मानकों से पीछे है। उदाहरण के लिए, पहलगाम में हालिया आतंकी हमले को लिया जा सकता है जिसमें 22 अप्रैल, 2025 को 26 निरपराध हिंदुओं की हत्या पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवादियों ने उनका धर्म पूछने के बाद कर डाली। यह भारत की आत्मा पर हमला था, पर प्रशासन कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर ऐसे हमले रोकने में दयनीय रूप से विफल हुआ है। हालांकि, देश में अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखी जाती है।

जम्मू कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था संचालित करने वाले भलीभांति जानते हैं कि कश्मीर हमेशा पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकियों के राडार पर रहता है। सभी जानते हैं कि पिछले साल 2.35 करोड़ से अधिक पर्यटक कश्मीर आए और सरकार ने बिना लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के सभी पर्यटन स्थल खोल दिए। हालांकि, कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद शांति वापसी के दावे किए जाते हैं, पर सभी भारतीय जानते हैं कि आतंकवादी कश्मीर में इसके बावजूद हमले करते रहते हैं और नागरिकों की हत्या की घटनायें होती हैं। खुफिया सूचनायें थीं कि आतंकी हमला कर सकते हैं, पर इसके बावजूद राज्य और केन्द्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी सामने आई है। तकनीकी उत्कृष्टता के इस युग में आतंकवादियों की खोज और उनसे मुकाबले में सशस्त्र बलों को जनहानि नहीं होनी चाहिए। असंदिग्ध रूप से हमारी सेना के पेशेवर दृष्टिकोण के बारे में कोई संदेह नहीं है, पर इस्राइली सेना और उसके नेतृत्व से कुछ सबक सीखे जाने चाहिए। राज्य और केन्द्र की एजेंसियां आतंकवादियों और इस्लामवादियों को स्थानीय समर्थन का पता नहीं लगा सकी। यह स्थिति केवल कश्मीर में नहीं है, बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों का समर्थन करने वाला यह इकोसिस्टम लगभग सभी जगह है और इसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई तुरन्त करने की आवश्यकता है।

हालांकि, पिछले 35 साल से आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई के दावे किए जाते रहे हैं, पर इसे पूर्ण सफलता नहीं मिली है क्योंकि पाकिस्तान अपने नाभिकीय स्तर का नाम लेकर भारत को लगातार ब्लैकमेल करने का प्रयास करता है। भले ही अब तक इसके कारण हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं पैदा हुआ है, पर अभी ऐसी ठोस मानक कार्रवाई प्रक्रिया बनाने की आवश्यकता सामने आती है जिसमें जवाबदेही को स्पष्ट रूप से परिभाषित कर समन्वित जिम्मेदारी निर्धारित की जा सके। सरकार को जम्मू कश्मीर में जल्दी चुनाव कराने का खामियाजा भी भुगतना पड़ा है जिसे आतंकवाद के अनेक समर्थकों को विजय मिली और उनका उत्साह बढ़ गया। सरकार को सभी संबंधित लोगों को स्पष्ट रूप से बता देना चाहिए कि चुनाव और परिसीमन कार्रवाइयों का समय तय करने के मुद्दे पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जब तक आतंकवाद का पूरी तरह सफाया न कर दिया जाए तब तक ऐसी राजनीतिक गतिविधियां स्थगित रखी जानी चाहिए क्योंकि अनेक राजनेता अपने निहित स्वार्थी चुनावी लाभों से प्रभावित हो सकते हैं। इसके साथ ही हमें अन्य विभीषिकाओं पर भी चर्चा करनी चाहिए जो आने वाले महीनों में हमें प्रभावित कर सकती हैं। गर्मी अपने भयानक रंग दिखाने लगी है। केवल एक सुनियोजित रणनीति ही गर्मी के मौसम में लोगों का जीवन बचा सकती है। दिल्ली-एनसीआर में 2 मई को आए भयानक तूफान, धूल भरी हवाओं और बरसात ने सड़कों को जाम कर दिया, अनेक पेड़ गिर गए और जलभराव से 6 लोगों की जान चली गई। लेकिन लगता है कि इससे कोई सबक नहीं सीखा गया। सड़कों के किनारे लगे पेड़ ताश के पत्तों की तरह गिरते रहते हैं क्योंकि पिछले अनेक सालों से उनकी देखभाल नहीं की गई है। पर्यावरणविद लगातार पेड़ों के चारों ओर कंक्रीट भरने के खिलाफ चेतावनी देते रहे हैं क्योंकि फुटपाथ नमी सोख लेते हैं और पेड़ कमजोर हो जाते हैं। इसके साथ हीं कंक्रीट भरने के कारण उनकी जड़ों को समुचित पानी नहीं मिल पाता है और वे फैल नहीं पाती हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से बदलता मौसम और तेज पछुआ हवायें चुनौती और गंभीर बना रही हैं। पिछले पखवाड़े से ही यह स्थिति पैदा हो रही है। ऐसे में एक सुनियोजित रणनीति बनाना समय की आवश्यकता है। 2025 में जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में गर्मी और मानसून के मौसम गंभीर होने की आशंका है। इसके साथ ही जनसंख्या का बढ़ता दबाव तथा व्यवस्थाओं की विफलता स्थिति को खतरनाक बना सकती हैं। इसे देखते हुए लू चलने, पानी की कमी, बाढ़, खेती में बाधा तथा स्वास्थ्य पर संकट जैसे मुद्दों पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि इनकी बारंबारता और गंभीरता हर साल बढ़ती जा रही है। हालांकि, कुछ कदम उठाए गए हैं, पर भारत की प्रतिक्रिया नाकाफी है। हमारी नीतियां ज्यादातर प्रतिक्रियात्मक हैं, समुचित निवेश नहीं किया गया है तथा नौकरशाही निष्क्रियता के कारण जवाबदेही की कमी है। लू लगने तथा 'हीट आइलैंड प्रभाव' से निपटने की आवश्यकता है। खुशी की बात है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने सड़कों पर और निर्माण गतिविधियों में लगे श्रमिकों के लिए दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक छुट्टी की घोषणा की है। 'हीट वाच 2024' रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल वर्ष 2024 में देश को भयानक लू का सामना करना पड़ा था जिसमें 17 राज्यों में 700 लोगों की लू लगने से जान गई थी। इसमें लू लगने के लगभग 40,000 मामलों की पहचान भी की गई थी। लेकिन यह रिपोर्ट वास्तविक आंकड़ों से दूर लगती है क्योंकि इसकी रिपोर्टिंग व्यवस्था में ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली सभी मौतों को शामिल नहीं किया गया है।

शहरों में 'हीट आईलैंड प्रभाव' के अनेक मामले सामने आए हैं जिनका मुख्य कारण हरियाली की कमी, पानी न सोखने वाले कंक्रीट से ढके फुटपाथ तथा गर्मी छोड़ने वाले भवन निर्माण सामग्री के भंडार हैं। इस संबंध में महानगरों को त्रिपुरा सरकार द्वारा अगरतला में लागू माडल का अनुसरण करना चाहिए जहां सड़कों और फुटपाथों की डिजाइन में खूबसूरत ढंग से पेड़ पौधों को स्थान दिया गया है। स्थानीय अधिकारियों को इस साल कम से कम हर शहर में 20 लू चलने की घटनाओं का अनुमान लगा कर जल प्रबंधन की व्यवस्था शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में करनी चाहिए। मलिन बस्तियों और गांवों में गर्मी के कारण होने वाली मौतों की संख्या बढ़ सकती है। इसे देखते हुए स्थानीय स्वशासी संस्थाओं को आईडीएमए की निगरानी में नया बिल्डिंग कोड बनाना चाहिए जिसमें 'हीट आईलैंड प्रभाव' से बचने तथा हरियाली को बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। गर्मी के मौसम में होने वाली गैस्ट्रोइंटराइटिस व अन्य वाइरल बीमारियों से बचने के लिए कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए। इस संबंध में एक और महत्वपूर्ण मुद्दा शहरों में जल संसाधनों का प्रबंधन है। देश के 60 प्रतिशत से अधिक जिले पानी के संकट का सामना कर रहे हैं। बैंगलुरू और चेन्नै में 'डे ज़ीरो' वाली स्थिति पैदा हो सकती है जब केपटाउन में 2018 की तरह पानी की सप्लाई बंद हो जाए। इन स्थितियों को देखते हुए हमें वर्षा जल संचयन की व्यवस्था शहरों व गांवों तथा खासकर वन क्षेत्रों में अवश्य करनी चाहिए। तमिलनाडु ने जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने में सफलता पाई है। पूरे भारत में उसका अनुसरण किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिकरण में सुधार कर उसे नीति निर्माण तथा पूरे देश में योग्य विशेषज्ञों के माध्यम से इन नीतियों के क्रियान्वयन पर नजर रखने का अधिकार दिया जाना चाहिए।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता

> सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों और उनके ढांचे को नेस्तनाबूद करके पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया है।

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**
(लेखक, स्तंभकार हैं)



**तीनों सेनाओं के कमांडरों ने ठीक कहा कि संघर्ष विराम का फैसला पाकिस्तान की पहल पर लिया गया है। लेकिन सशस्त्र बलों का ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी रहेगा।**

**आपरेशन सिंदूर** का लक्ष्य निर्धारित था। यह पहलगाम के आतंकी हमले का जवाब था। इस दृष्टि से आपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा है। पाकिस्तान के प्रमुख नौ आतंकी संगठनों के मुख्यालय ध्वस्त कर दिए गए। करीब सौ आतंकी मारे गए। इस तरह आतंकी संगठनों को बड़ा सबके देने में भी सफलता मिली है। यह पहले वाला भारत नहीं है। यह आतंकी हमले पर सर्जिकल स्ट्राइक करने वाला भारत है। किसी देश के भीतर सर्जिकल स्ट्राइक करना बहुत चुनौतीपूर्ण होता है। इसकी विफलता के दुष्परिणाम होते है। भारत के सैनिकों ने यह चुनौती स्वीकार की। उसको अंजाम तक पहुंचा भी दिया। नौ आतंकी संगठनों के ठिकानों का ध्वस्त होना आपरेशन सिंदूर का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जिसे दुनिया ने देखा है। यह भी देखा गया कि पाकिस्तान में आतंकी संगठनों के कार्पोरेट घरानों की तरह भव्य मुख्यालय थे। पाकिस्तान में इन्हें अपनी गतिविधि चलाने की पूरी छूट रहती है। इतना ही नहीं पाकिस्तान की सेना आतंकियों को प्रशिक्षण देती है। इस तरह पाकिस्तान के आतंकी मुल्क होने के प्रमाण भी पुख्ता हुए है। इस तरह पाकिस्तान एक बार फिर बेनकाब हुआ है। इसके साथ ही आपरेशन सिंदूर के अप्रत्यक्ष परिणाम भी हुए हैं। इनके दूरगामी परिणाम भी दिखाई देंगे। इस आपरेशन ने पाकिस्तान की दयनीय सामरिक दशा को भी उजागर किया है। ऐसा लगता है कि चीन ने उसे महंगे दामों पर घटिया रक्षा हथियार और अन्य सामग्री उपलब्ध कराई है। उसका पूरा सुरक्षा तंत्र निष्प्रभावी हो गया है। उसके ड्रोन भी नाकाम हुए। भारत ने उनकी भी ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही पाकिस्तान की सेना और सत्ता दोनों में आपरेशन सिंदूर से अफरा तफरी है। सेना और सत्ता का एक दूसरे पर विश्वास खत्म हो चुका है। प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख के बीच मतभेद सामने आ रहे है। पाकिस्तान में जब भी ऐसी स्थिति बनती है,तब प्रधानमंत्री पर ही गाज गिरती है। सेना का मनोबल भी गिर चुका है। आपरेशन सिंदूर का एक बड़ा प्रभाव यह हुआ कि बलूचिस्तान में आजादी चाहने वालों का मनोबल बहुत बढ़ गया है। उनकी जंग अब अधिक तेज हो सकती है। अनुमान है कि कुछ ही दिनों में पाकिस्तान को बड़ा आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है। वह पहले से ही बदहाल है। ऐसे में उसकी आंतरिक परेशानियां बढ़ाना तय है। उसके लिए यह भी चिंता की बात है कि तुर्की के अलावा दुनिया के किसी देश ने उसका साथ नहीं दिया। वह अकेला पड़ गया था।

लेकिन भारत में कुछ लोगों ने आपरेशन सिंदूर के लक्ष्य को समझने का प्रयास नहीं किया। सेना ने पहले ही कहा था कि वह आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगी। उसने जो कहा उसे पूरा किया। यह पाकिस्तान के साथ जंग नहीं थी। पाकिस्तान खुद ही विभाजन की तरफ बढ़ रहा है। इसके लिए भारत को जंग करने की जरूरत नहीं है। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पहले दो युद्धों में भारत ने पाकिस्तान की जिस जमीन को जीत लिया था,उसको ताशकंद और शिमला की मेज पर बैठ कर वापस भी के दिया था। 1971 के युद्ध में तो पाकिस्तान के नब्बे हजार से अधिक सैनिकों का भरण पोषण करने के बाद उन्हें छोड़ना पड़ा था। बदले में हम अपने पचास सैनिक भी पाकिस्तान से वापस नहीं ला सके थे। पीओके को वापस लाने की बात करना बहुत अच्छा लगता है। लेकिन हमको यह भी विचार करना चाहिए इसको हासिल करना हमारे लिए भविष्य में मुसीबत भी बन सकता है। भारत के सैनिकों ने जान की बजी लगा कर बांग्लादेश का निर्माण किया था। आज वही बांग्लादेश अहसानों को भूल कर भारत विरोधी हो चुका है। वहां हिन्दुओं के प्रति हिंसक व्यवहार किया जाता है। ऐसे में यह मानना पड़ेगा कि भारत ने आपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकी हमले का बदला लिया है। सौ से ज्यादा आतंकी ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल तीन बड़े आतंकी चेहरे भी शामिल थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना की तरफ़ से भारतीय सैन्य ठिकाने पर किया हर हमला नाकाम किया गया। पाकिस्तानी सेना के करीब चालीस सैनिक और अफसर मारे गए।लाहौर और गुजरांवाला स्थित रडार सिस्टम को भारतीय सेना ने गिराया। भारत उन्हें ये बताना चाहते थे कि उनके मिलिट्री ठिकाने हमारी पहुंच से दूर नहीं थे। भारत के पास उनके हर बेस पर हर सिस्टम को निशाना बनाने की क्षमता है।

तीनों सेनाओं के कमांडरों ने ठीक कहा कि संघर्ष विराम का फैसला पाकिस्तान की पहल पर लिया गया है। लेकिन सशस्त्र बलों का ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी रहेगा। पाकिस्तान की कार्रवाई का कड़ाई से जवाब दिया जाएगा। सेना प्रमुख ने पाकिस्तान के किसी भी उल्लंघन के मामले में जवाबी कार्रवाई के लिए हमारे सेना कमांडर को पूर्ण अधिकार दिए हैं। संघर्ष विराम का फैसला भले हो गया हो, लेकिन सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं को कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं। पाकिस्तान के हमले में भारतीय वायु सेना के किसी एयरबेस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, जबकि भारतीय वायु सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सभी हमले नाकाम किए। वायु सेना ने पाकिस्तान के तीन एयर डिफेंस सिस्टम बर्बाद किए और दो एयरबेस का रनवे तबाह किया है। ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों और उनके ढांचे को नेस्तनाबूद करके पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया है। भारतीय वायु सेना ने आतंकी शिविरों पर हमला करने में भूमिका निभाई और भारतीय नौसेना ने सटीक हथियारों के मामले में साधन उपलब्ध कराए।

## आप की बात

### भारत की रणनीति

**भारत-पाकिस्तान** संघर्ष केवल दो देशों की टकराहट नहीं, बल्कि व्यापक वैश्विक शक्ति संतुलन का हिस्सा है। भारत की आतंकवादी हमलों के जवाब में की गई सख्त कार्रवाई मात्र प्रतिशोध नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश था कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। एक सशक्त देश की भांति भारत ने संयम और विवेक का परिचय देते हुए सीमित लेकिन प्रभावी कदम उठाए ताकि संघर्ष अनावश्यक रूप से न बढ़े। अमेरिका और चीन जैसे देश इस क्षेत्र में शक्ति संतुलन के प्रमुख खिलाड़ी हैं। अमेरिका, भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और नहीं चाहता कि भारत अपने संसाधन और शक्ति पाकिस्तान जैसे छोटे और अस्थिर देश पर व्यर्थ करे। दूसरी ओर, चीन पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन कर रहा है जिससे यह टकराव और जटिल हो गया है। यूक्रेन जैसा छोटा देश भी बड़ी शक्ति का समर्थन प्राप्त कर रूस से संघर्ष को लंबा खींच रहा है। ऐसे में भारत का विवेकपूर्ण निर्णय यही है कि वह आतंकी ठिकानों को निशाना बनाए, लेकिन युद्ध को विस्तार न दे। हनुमान जी की तरह भारत को भी अपने धर्म, नीति और बुद्धिमत्ता पर चलना होगा। वह न अन्याय सहे और न अपने दूरगामी हितों की अनदेखी करे। यही सच्चे नेतृत्व और समझदारी की पहचान है।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### अवामी लीग पर प्रतिबंध

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार ने 10 मई, 2025 को बांग्लादेश अवामी लीग पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया है। शेख हसीना को हटाए जाने के नौ महीने बाद अंतरिम सरकार ने उनके दल की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की जिसमें उसकी ऑनलाइन मौजूदगी भी शामिल है। इस प्रकार देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी पर प्रतिबंध लगा है जिसने बांग्लादेश के पाकिस्तान के खिलाफ मुक्ति संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई। 23 जून, 1949 में स्थापित यह पार्टी पूर्वी पाकिस्तान के साथ पश्चिमी पाकिस्तान के भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करती रही। मांगें न मानी जाने तथा आम चुनाव में शेख मुजीबुर रहमान को प्रचंड बहुमत मिलने के बावजूद उनको देश का प्रधानमंत्री न बनाने के कारण अवामी लीग ने पाकिस्तान से अलग स्वतंत्र बांग्लादेश के लिए मुक्ति संग्राम छेड़ दिया। उसे 1971 में सफलता मिली और शेख हसीना ने देश को तेजी से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था में बदल दिया। लेकिन कट्टरपंथी इस्लामवाद ने एक षडयंत्र कर उनका तख्तापलट दिया। अवामी लीग पर प्रतिबंध से बांग्लादेश में लोकतंत्र के लिए संघर्ष का रास्ता और लंबा एवं जटिल हो गया है।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### परमाणु आयुधों की सुरक्षा

**भारत-पाकिस्तान** के बीच तनाव बढ़ने पर पाकिस्तान भारत को परमाणु हमले की धमकी देता है। लेकिन यह सिर्फ गीदड़ भपकी है। पाकिस्तान भलीभांति जानता है कि भारत पर कोई परमाणु हमला उसके विनाश का कारण बन सकता है। लेकिन पाकिस्तान में बढ़ती कट्टरपंथी, इस्लामवादी व जिहादी शक्तियों खासकर आतंकी शक्तियों का बढ़ता वर्चस्व न केवल भारत, बल्कि सारी दुनिया के लिए परमाणु युद्ध अथवा परमाणु ब्लैकमेल का खतरा पैदा करता है। पाकिस्तान में परमाणु आयुधों की सुरक्षा पर पहले भी बहुत गंभीर सवाल उठते रहे हैं और इनके आतंकी शक्तियों के हाथ में पड़ने का खतरा भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। पहलगाम पर हुए आतंकी हमले में हमास तथा पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के बीच जो गठजोड़ दिखाई दिया है वह भारत के साथ ही इस्राइल के लिए भी खतरनाक हो सकता है। ऐसी स्थिति में भारत को इस्राइल के साथ मिल कर भविष्य में किसी समय परमाणु आयुध ब्लैकमेल की स्थिति के लिए तैयार होना होगा। संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा सुरक्षा परिषद को पाकिस्तान में परमाणु आयुधों के आतंकियों के हाथ में पड़ने के संभावित खतरे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### युद्धविराम की घोषणा

**भारत** और पाकिस्तान ने युद्धविराम की घोषणा की है। यह फैसला स्वागत योग्य है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर जोरदार एयर स्ट्राइक कर उनको ध्वस्त कर दिया था। इसके बाद दोनों तरफ से मिसाइलों व ड्रोन के हमले देखने को मिले थे। भारत की पराक्रमी सेना ने पाकिस्तान के अंदर जाकर इनके एयर डिफेंस सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचाया था। इससे भारतीय सेना ने अपनी क्षमता प्रदर्शित कर दी। ऐसे में युद्धविराम कर दोनों देशों ने आपसी समन्वय और समझदारी का परिचय दिया है। सभी भारतीयों को उम्मीद है कि युद्धविराम के बाद पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से बाज आएगा और किसी भी कीमत पर अपनी जमीन पर आतंकी गतिविधियों को पनपने की अनुमति नहीं देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्धविराम के माध्यम से शांति की पहल की है। तथागत बुद्ध के देश ने केवल आतंकियों पर निशाना लगा कर शांति की पहल की है। लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि अब किसी भी आतंकी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध माना जाएगा और उसकी कठोरतम प्रतिक्रिया होगी।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# उप मुख्यमंत्री साव ग्राम मटका में आयोजित जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए

## हम शिक्षा, सामाजिक सदभाव और विकास के कार्यों में मिलकर आगे बढ़ें : उप मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री एवं बेमेतरा जिला प्रभारी मंत्री अरुण साव बेमेतरा जिले के ग्राम मटका में आयोजित जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री साव ने साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भी माल्यार्पण कर माता कर्मा को नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू सहित अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ टहल राम साहू, जिला अध्यक्ष साहू समाज गैंदराम साहू जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड, रामकुमार साहू संरक्षक, पंचराम साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ बेमेतरा, अजय साहू सहित समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधिपार्षद गण और बढ़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। समारोह में उप मुख्यमंत्री साव ने समाज और राज्य के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, समाज के सदस्यों और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। गांव में सुबह शोभा कलश यात्रा निकाली गई। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा, भक्त माता कर्मा महोत्सव में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ। माता कर्मा जी ने समता, करुणा और भक्ति का जो संदेश दिया है, वह समाज को नई दिशा देता है। साहू समाज ने सदैव सामाजिक समरसता और शिक्षा को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि माता कर्मा जी का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। हम शिक्षा, सामाजिक सदभाव और विकास के कार्यों में मिलकर आगे बढ़ें, यही सच्ची भक्ति है। सम्मानित मेधावी विद्यार्थी हमारे समाज और प्रदेश का उज्ज्वल भविष्य हैं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि शिक्षा और संस्कार की इस परंपरा को आगे बढ़ाएं। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन हमें भक्ति, सेवा और सामाजिक उत्थान का संदेश देता है। साहू समाज ने सदैव समाज को शिक्षित और संगठित करने में भूमिका निभाई है। युवाओं में शिक्षा और चरित्र निर्माण की भावना जागृत कर हम समाज को और मजबूत बना सकते हैं। विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ने कहा, यह महोत्सव हमारी संस्कृति और समाज की एकजुटता का प्रतीक है। सम्मान समारोह बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। मैं सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूँ। साजा विधायक ईश्वर साहू ने भी संबोधित किया ।समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही समाज के उत्थान में योगदान देने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणजन की उत्साहजनक सहभागिता रही।

# बेमेतरा विधायक साहू ने सड़क हादसे में पीड़ित परिवार से की मुलाक़ात, शोक संवेदना व्यक्त की

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर बंगोली गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में बेमेतरा जिले की ग्राम आनंदगाव निवासी वर्षा साहू, उनकी 6 वर्षीय बेटी भूमि एवं 4 माह के पुत्र उमंग भी शामिल हैं। यह त्रासदी उस समय हुई जब वर्षा साहू अपने मायके से छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होकर ग्राम बाना से लौट रही थीं। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही बेमेतरा विधायक दीपेश साहू पीड़ित परिवार से मिलने ग्राम आनंदगांव पहुंचे। उन्होंने मृतका वर्षा साहू के परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना प्रकट की एवं इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की। और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग राशि प्रदान किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा यह हादसा अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और असहनीय है। एक साथ एक मां और उसके दो मासूम बच्चों का यूं चले जाना पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं व्यक्तिगत रूप से इस दुःखद घड़ी में परिवार के साथ खड़ा हूं और विश्वास दिलाता हूं कि हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। विधायक साहू ने कहा केंद्र सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये एवं घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता घोषित की गई है, वहीं राज्य सरकार द्वारा मृतकों को 5 लाख रुपये एवं घायलों को 50 हजार रूपये की राहत राशि देने का निर्णय लिया गया है। साहू ने प्रशासन से इस दुर्घटना की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही शासन प्रशासन से बात कर आर्थिक सहयोग राशि दिलाने का आश्वासन भी दिया। साथ ही उन्होंने कहा की मै इस दुःख की इस घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवार के साथ हैं और हमेशा साथ रहेंगे और जो भी सहयोग की जरूरत रहेगी आज और आगामी समय मे निस्वार्थ भाव से सहयोग करूँगा।

# समाधान शिविर में किशोरी बालिकाओं को स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन की दी जा रही जानकारी



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला बेमेतरा में सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पहले चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ-साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जा रही है। आमजन को इन योजनाओं से लाभ उठाने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया जा रहा है। इसी क्रम में खंडसरा समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गयी। विभाग की महिला अधिकारियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बालिकाओं को स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन के महत्व को सहज और सरल भाषा में समझाया जा रहा है। मासिक धर्म जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अभी भी समाज में संकोच और चुप्पी का वातावरण है, जिससे महिलाएं अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को खुलकर नहीं बता पातीं। अस्वच्छता के कारण उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए शिविर में बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए जा रहे हैं और हीमोग्लोबिन की जांच भी की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास चंद्रवेश सिसोदिया ने बताया कि किशोरी बालिकाओं को स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन के लिए न केवल जानकारी दी जा रही है, बल्कि उन्हें शिक्षित भी किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 28 मई को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विश्व महावारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इस विषय पर जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सेलूद के किसान गौठान में कर रहे है पैरादान



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत सेलुद के युवा सरपंच खिलेश मारकंडे ने किसानों से गर्मी फसल के अपने पैरा को गौठानो में दान करने की अपील किया। जिससे पशुधन को उपयुक्त चारा व पराली जलाना न पड़े और पर्यावरण प्रदुषण से भी बचा जा सके। किसान के खेतों में फसलों के कटाई के बाद जो पैरा होता है उसे अधिकतर किसान खेत में ही जला दे ते थे, जिससे वायुमंडल तो गंदा होता है और आग लगने का खतरा मंडराता है। लेकिन ग्राम सेलुद के किसान गुलमणी कुर्रे ने सरपंच के अपील पर अपना पैरा गौठान में दान कर दिया है। इसी तरह सभी किसान अपना पैरों को गौठान या गौशाला में दान कर देंवे। ताकि खरीफ फसल लेने के समय गौठान में घुमन्तु पशुओं को आसानी से चारा मिल जाएगा और गौठान संचालन में किसानों को ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करना पडेगा। ग्रामीणों के पैरादान करने से ग्रामीणों को गौठान के संचालन व खेती को बचाने की मुहिम को गति मिलेगी। किसान आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करने से खेतों से खलिहान मे अपना पैरा संसाधन की कमी के कारण नहीं ला पाते और खेत में जला देते है। हारवेस्टर और थ्रेशर से मिंजाई कार्य करने से खेत में ही पैरा छुट जाता है किसान उस पैरे को आग लगा देते थे ।लेकिन उससे उठने वाले धुएं के कारण वातावरण प्रदुषित होना शुरु हो गया था इसी बात को ध्यान रखकर किसानों ने अपने पैरे का सही उपयोग करना शुरु कर दिया है। साथ ही ग्राम पंचायत सेलुद सरपंच द्वारा जन जागरुक करके ग्रामीण किसानों को पैरे को न जलाते हुए इसे गौठान में दान करने की अपील कर रहे है और पंचायत खर्च की राशि से किसानों के पैरा को गौठान तक लाने का कार्य कर रहे है ताकि बरसात के समय गौठान में रहने वाले घुमन्तु पशुओं को पर्याप्त चारा पानी मिल सके।

# खेत में अकेली महिला पर हमला: बोड़ला पुलिस ने 9 दिन में दबोचा खूनी हमलावर

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिले के बोड़ला क्षेत्र के ग्राम बरपानी में एक महिला पर खेत में रखवाली के दौरान कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को तरेगांव जंगल थाना पुलिस ने महज 9 दिनों में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई। घटना 3 अप्रैल की सुबह लगभग 4 बजे की है, जब ग्राम बरपानी निवासी सोनिया बाई बैगा (उम्र 45 वर्ष) खेत में पेड़ों की रखवाली कर रही थीं। उसी दौरान गांव का ही झामलाल बैगा पुराने विवाद को लेकर वहां पहुँचा और अश्लील गाली-गलौज करते हुए महिला पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपी ने सिर और दोनों हाथों पर वार किए, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। खून से लथपथ हालत में सोनिया बाई अपनी बेटी के साथ किसी तरह शासकीय अस्पताल बोड़ला पहुँचीं, जहाँ से पुलिस को सूचना दी गई। पीड़िता की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकीय परीक्षण में दाहिने हाथ में फ्रैक्चर और अन्य गंभीर चोटें पाई गईं। थाना तरेगांव जंगल पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 00/2025 धारा 296, 115(2), 351(3) एवं बढ़ोत्तरी स्वरूप धारा 118(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। आरोपी झामलाल बैगा को 12 मई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे 27 मई 2025 तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संग्राम सिंह एवं उनकी टीम की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की विवेचना जारी है और दोषी को सख्त सजा दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# नारायणपुर में सुशासन का मेला: समस्याएं भी सुलझीं, सम्मान भी मिला और मुस्कान भी बिखरी

## 1497 आवेदन जो अप्रैल में समाधान पेटी में गिरे थे, उनके उत्तर के साथ लौटे

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



गांव की चुप गलियों में कुछ अलग ही चहलकदमी थी। बेमेतरा जिले के विकासखंड नवागढ़ के ग्राम नारायणपुर, जो आम दिनों में खेत-खलिहान की गंध में डूबा रहता है, वहां सुशासन तिहार का रंग चढ़ा हुआ था। नवागढ़ विकासखंड के इस छोटे से गांव में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन हुआ, जो नाम के साथ-साथ वास्तव में भी 'समाधान' लेकर आया। मुख्य मंच पर जब प्रदेश के खाद्य मंत्री पहुंचे, तो उनका स्वागत पारंपरिक तरीकों के साथ अनुविभागीय अधिकारी दिव्या पोटाई ने किया। लेकिन मंच पर सिर्फ भाषण नहीं हुआ यह मंच बना ग्रामीणों की समस्याओं के समाधानों का गवाह। शिविर में सबसे खास बात यह रही कि 8 गांवों के 1497 आवेदन जो अप्रैल में समाधान पेटी में गिरे थे। उनके उत्तर के साथ लौटे। कोई राजपत्र नहीं, कोई भारी फाइल नहीं सीधा संवाद, सरल समाधान हुआ। नोनी सुरक्षा पासबुक, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सम्मान प्रमाण पत्र ये सिर्फ कागज नहीं थे, ये सरकार की पहुंच का प्रमाण बने। बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष जब हाथ में कार्ड लेकर मुस्कराए, तो यह कार्यक्रम एक सरकारी आयोजन से ज्यादा एक भरोसे की तस्वीर बन गया। महतारी वंदन योजना की चर्चा भी खूब हुई, जिसमें माताओं-बहनों को आर्थिक संबल मिल रहा है। और हां, मंत्री ने यह साफ कर दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में रिश्वत की कोई गुंजाइश नहीं, शिकायत पर सख्त कार्रवाई होगी। नारायणपुर स्कूल का मैदान, समस्या, समाधान और सम्मान का संगम बन गया।

# दस दिवसीय ब्रह्माकुमारीज समर कैम्प में सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा में दस दिवसीय समर कैम्प समापन समारोह के साथ सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लोधी समाज पूर्व जिला पंचायत सभापति गोवेंद पटेल, विशिष्ट अतिथि बेमेतरा जनपद अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर तथा सम्पूर्ण समर कैम्प का आयोजन बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी बहन बी के शशि दीदी ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए सर्टिफिकेट्स सम्मान पत्र, गिफ्ट्स वितरित किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि पहले मैं भी शिक्षक रहा हूँ लेकिन ज्यादा समय बच्चों को नहीं दे पाया, मैं राजनीति में आ गया, मैं शिक्षा के लिए यही कहूंगा कि अभी जिस तरह से समर कैम्प में आपने हिस्सा लिया, और आप जब स्कुल की शिक्षा में स्कुल जाते हैं तो आपके पास केवल पुस्तकें होती हैं, और अधिकतर पेरेंट्स उस किताबी ज्ञान को पढ़ाने में लग जाते हैं कि आपको इस सब्जेक्ट को पढ़ना है, हमारे दिन की शुरुवात पुस्तक पढ़ने से लेकर रात को समाप्त होता है और वो भी पुस्तक तक सीमित रहता है, ये अधिकतर जो दिखता है उसको बता रहा हूँ इसका कारण बच्चे नहीं बल्कि माता पिता हैं, हम हमारे बच्चों को एक मशीन बनाना चाह रहे हैं, बच्चों को गलत और सही रास्ते की पहचान बताते हुए विधायक ने बच्चों को बताया कि गलत रास्ता क्या है लड़ाई झगड़ा करना, मोबाईल में गलत चीजें देखना, सोशल मिडिया का गलत इस्तेमाल करना, फोन में ज्यादा बातें करना, वीडियो गेम्स खेलना, ये सरे चीजें गलत काम हैं, बच्चों के लिए सबसे इम्पोर्टेन्ट चीजें पढाई करना है। पढ़ाई के लिए आप लोगों को मोटिवेशन की जरुरत पड़ती है, और बाकी सभी काम करने के लिए कोई मोटिवेशन की जरुरत नहीं पड़ती। पढ़ने के लिए एक उद्देश्य एक लक्ष्य होना चाहिए, आपके पास बनिंग डिजायर दृढ़ इच्छा शक्ति होनी चाहिए कि मुझे यह बनना है। यदि आपके पास लक्ष्य नहीं होगा तब तक पढाई में आपको रूचि भी नहीं होगी। बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए विधायक ने कहा कि वह स्वयं अपने लक्ष्य पर अडिग रहे और आगे शिक्षक बन काफी सालों तक बच्चों को पढ़ाया। बच्चों को शुभकामनायें देते हुए ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों की काफी सराहना भी किये। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने स्वागत नृत्य से किया, और डिजिटल सोशल मिडिया विषय पर नाट्य प्रस्तुति और अपने मां को बच्चों ने और विधायक ने अपने माता पिता को संस्कारित अंदाज में फ्लॉवर देकर सभी अविभावको को भाव विभोर कर दिया। इस समर कैम्प की शिक्षाओं से बच्चों के संस्कारों में विशेष परिवर्तन देखने को मिला, अनेक बच्चों ने इस दस दिनों में टी वी मोबाईल नहीं देखा ऐसे बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र तथा गिफ्ट से सम्मानित किया गया। इस समर कैम्प के समापन समारोह में बच्चों को बेस्ट छात्र छात्रा सम्मान, वेस्ट से बेस्ट सम्मान, डांस विजेता सम्मान, बेस्ट ड्राइंग पेंटिंग सम्मान, नीबूं दौड़, बोरा दौड़ अन्य गेम्स विजेता सम्मान, रेग्युलर आने वाले सभी बच्चों को सर्टिफिकेट्स से सम्मानित किया गया। कई बच्चों ने अविभावक के सामने समर कैम्प से प्राप्ति के अपने अपने अनुभव सुनाये। इस समर कैम्प की शिक्षाओं से बच्चों के संस्कारों में विशेष परिवर्तन देखने को मिला, अनेक बच्चों ने इस दस दिनों में टी वी मोबाईल नहीं देखा ऐसे बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र तथा गिफ्ट से सम्मानित किया गया। इस समर कैम्प के समापन समारोह में बच्चों को बेस्ट छात्र छात्रा सम्मान, वेस्ट से बेस्ट सम्मान, डांस विजेता सम्मान, बेस्ट ड्राइंग पेंटिंग सम्मान, नीबूं दौड़, बोरा दौड़ अन्य गेम्स विजेता सम्मान, रेग्युलर आने वाले सभी बच्चों को सर्टिफिकेट्स से सम्मानित किया गया। कई बच्चों ने अविभावक के सामने समर कैम्प से प्राप्ति के अपने अपने अनुभव सुनाए बी के शशि दीदी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति अगले वर्ष भी बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जायेगा। कल से सभी अविभावकों के लिए निःशुल्क राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, अतः सभी अविभावक इस मेडिटेशन शिविर का लाभ अवश्य लें।

# हरिहारणो को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड अवार्ड, छंदबद्ध वृहद हिंदी व्याकरण लेखन हेतु हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के प्रतिष्ठित साहित्यकार, रंगकर्मी, फिल्मी गीतकार, मंच संचालक, शिक्षाविद डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो दीप को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से नवाजा गया है। उक्त सम्मान हरिहारणों को विश्व स्तरीय पद्य संकलन छंद बद्ध वृहद हिंदी व्याकरण लेखन हेतु प्रदान किया गया है। इस मौके पर विभिन्न प्रांतों के लगभग 70 साहित्यकार उपस्थित थे। राजधानी रायपुर के वृंदावन हॉल में 13 मई को आयोजित गरिमापूर्ण आयोजन के मुख्यअतिथि डॉ.पीसी लाल यादव साहित्यकार, रंगकर्मी व शिक्षाविद गंडई थे। अध्यक्षता योगेश अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम छग थे। अतिविशिष्ट अतिथि महेश शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री राष्ट्रीय कवि संगम, रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार व समीक्षक रायपुर, अरूण कुमार निगम संस्थापक छंद के छ छग, कमल शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम तथा डॉ. सोनल राजेश शर्मा संवाददाता गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप' को पूर्व में छंद बद्ध भारतीय संविधान, वर्णावली, छंदावली और छंद बद्ध छत्तीसगढ़ दर्शन के लेखन हेतु चार बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और द मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इस उपलब्धि पर परिजनों, ईष्टमित्रों व साहित्यकारों ने हार्दिक बधाईयाँ दी है।





GOLDEN BOOK OF WORLD RECORDS
Certificate of Participation
FIRST BOOK ELUCIDATING HINDI GRAMMAR IN POETIC FORM
The World Record "first book elucidating hindi grammar in poetic form" has been achieved by Chhandbaddh Vrihad Hindi Vyakran from Chhattisgarh, India.
On Feb 02, 2025; the book containing Hindi grammar in poetic form has been exhibited.
Book has been edited by Dr. Indrani Sahu 'Sanchi' and co-edited by Dr. Padma Sahu 'Parvani' and Dr. Niramani Shrivas 'Niyti'.
Dr. Gajendra Hariharano 'Deep' from Dongargaon has contributed in the book.



# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर एके नर्सिंग कालेज में संगोष्ठी आयोजित

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल 12 मई को मनाया जाता है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती का प्रतीक है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और समाज में नर्सों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है और उनकी सराहना करता है। यह नर्सों को उनके प्रयासों और चौबीसों घंटे मरीजों की देखभाल करने के लिए धन्यवाद देने का अवसर भी है। उक्त बातें चैनपुर में संचालित ए के नर्सिंग कालेज में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी के दौरान संस्थान के डायरेक्टर डॉ. ए के ओझा ने कही. इस अवसर पर संस्थान के छात्राएं एवं शिक्षक काफी संख्या में मौजूद रहे. उल्लेखित है कि हर साल, अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस एक संस्थान में विशिष्ट थीम पर कार्यक्रम किया जाता है. अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2026का थीम है 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है।' यह थीम नर्सों के स्वास्थ्य और कल्याण पर केंद्रित है और समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का समर्थन करने में एक स्वस्थ नर्सिंग कार्यबल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है।

**महत्व और सार्थकताः-**अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवसपर संस्थान में अन्य वक्त ाओं ने कहा कि यह दिन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है जो वे उच्च गुणवत्ता वाली रोगी देखभाल प्रदान करने में निभाती हैं, विशेष रूप से संकट के समय में, जैसे कि महामारी के दौरान। नर्स स्वास्थ्य सेवा का हृदय हैं। वे रोगी अधिवक्त ा के रूप में सेवा करके स्वास्थ्य सेवा में एक आवश्यक भूमिका निभाती हैं। नर्सें रोगी के साथ-साथ परिवारों के साथ पहला संपर्क होती हैं, और वे मूल्यांकन, देखभाल, उपचार और पुनर्वास के लिए जिम्मेदार होती हैं। वे स्वास्थ्य टीम के सदस्यों के साथ प्रभावी संचार सुनिश्चित करती हैं और रोगी गतिविधियों का समन्वय करती हैं। उनकी भूमिका दवाएँ देने, व्यक्ति गत स्वच्छता बनाए रखने से परे, रोगियों और परिवारों को शिक्षित करने तक जाती है, डॉ. ओझा ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा उद्योग की आधारशिला हैं, जो मात्र नैदानिक जिम्मेदारियों से परे विभिन्न क्षमताओं में सेवा प्रदान करती हैं। कार्यस्थल पर नर्सों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए सुझाव देते हुये उन्होंने कहा कि अपनी मांगलिक भूमिकाओं के बीच, नर्सों को काफी तनाव का सामना करना पड़ता है, जिससे बर्नआउट की स्थिति पैदा होती है। व्यक्ति गत स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, नर्सों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की आवश्यकता होती है। डॉ. ओझा इस विषय में कुछ प्रभावी सुझाव साझा करते हैं। इनमें से कुछ इस प्रकार हैं: शारीरिक रूप से सक्रिय रहें और अच्छा खाएं: नियमित रूप से व्यायाम करें और अपने लिए समय निकालें। टहलना, योग और अन्य व्यायाम फिटनेस को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, बेहतर स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक, संतुलित आहार लें।

**मानसिक स्वास्थ्यः** अपने मन को शांत करने के लिए गहरी साँस लें, ध्यान करें और योग करें।

**शौक पूरे करें:** अपनी पसंद की गतिविधियों में शामिल हों और अपने लिए समय निकालें। इससे आराम मिलेगा।

**समय प्रबंधनः** अपने दिन की योजना बनाएं और अंतिम समय में काम के तनाव से बचने के लिए अनुस्मारक सेट करें।

**सहायता लें:** जब भी आप परेशान महसूस करें, मदद मांगें। अपने परिवार और दोस्तों के साथ अपनी भावनाओं को साझा करने से मदद मिल सकती है। ज़रूरत पड़ने पर पेशेवर मदद लें।

इन सुझावों का पालन करके, नर्सें अपनी शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक भलाई को बनाए रख सकती हैं, अपनी थकान को कम कर सकती हैं, जिससे रोगी देखभाल पर प्रभाव पड़ेगा और रोगी के परिणामों में सुधार होगा। कार्यक्रम ग्रंथ में संस्थान में उल्लेखनीय कार्य करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# राज्य महिला आयोग ने की जिले में 312 वीं सुनवाई





पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने आज कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में जिला गठन के बाद जिला स्तर पर आज प्रथम सुनवाई एवं प्रदेश स्तर पर 312 वीं सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, एसडीएम लिंगराज सिदार, एडीशनल एसपी अशोक वाडेगावंकर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल उपस्थित रहें। सुनवाई के दौरान महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, एसडीएम लिंगराज सिदार, एडिशनल एसपी अशोक वाडेगावंकर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल द्वारा बुजुर्ग महिला एथलिट्स शकुन्तला सिंह उम्र 70 वर्ष, कमला देवी मंगतानी उम्र 67 वर्ष, संजीदा खातून उम्र 55 वर्ष एवं 12वीं की छात्रा श्रुति मंगतानी को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सभी एथलिट्स इस उम्र में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सैकड़ों मैडल जीत कर प्रदेश के साथ-साथ देश का भी नाम रोशन कर रहीं हैं। आज की सुनवाई के दौरान उभय पक्ष ने बताया कि उनके बीच 25 सितम्बर 2024 को सुलहनामा हो गया था, जानकारी के अभाव पर उन्होंने महिला आयोग को सूचना देने में असमर्थ थे सुनवाई के दौरान सुलहनामा का आवेदन प्रस्तुत करने पर आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसके पति द्वारा मारपीट कर घर से निकाल दिया गया है एवं भरण पोषण भी नहीं दिया जा रहा है। अनावेदक पहले चरचा कालरी में शासकीय नौकरी करता था। वह 2018 में रिटायर हुए, रिटायरमेंट के बाद उसे 40 लाख रुपये मिला था जिसमें से 18 लाख रुपये अपने नाती के नाम पर बैंक में जमा कर दिया है और अपनी पत्नी आवेदिका को घर से निकाल दिया है जो काफी बीमार है जिसे भरण-पोषण भी नहीं देता है 65 वर्षीय आवेदिका अपनी बेटी के घर पर असहाय अवस्था में रह रही है। आवेदिका की दो बेटियां उपस्थित है और दोनों में आवेदिका के पक्ष में बयान दिया है।

# राष्ट्रीय आईकान अवार्ड से सम्मानित हुए आशीष

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आईकॉन अवार्ड 2025 का आयोजन मालवी स्मृति भवन नई दिल्ली में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक वर्मा इंडस्ट्रियल सोशियल एक्टिविटी शिवसेना प्रमुख नेशनल कॉरिडिनेटर के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम में जिसमें चांपा शहर के प्रतिष्ठित पत्रकार व समाजसेवी आशीष अग्रवाल को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया आशीष अग्रवाल को यह पुरस्कार समाज सेवा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र के लिए मिला है करोना काल मैं लगे लॉकडाउन के समय में जब सारे व्यक्ति घर के अंदर थे उसे समय आशीष अग्रवाल ने चौक चौराहा पर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के लिए भोजन एवं पानी की व्यवस्था की थी इसी प्रकार जब भी किसी जरूर मंद को ब्लड की आवश्यकता होती है वह ब्लड देने तुरंत पहुंच जाते हैं वर्ष 2015 से लगातार वह पत्रकारिता के क्षेत्र में भी जुड़े हुए हैं वह संवाद सफर राष्ट्रीय अखबार के संवाददाता आई एन एन 24 न्यूज़ के डायरेक्टर एवं हसदेव पत्रकार परिसंघ के प्रदेश संयोजक के पद पर भी है उनको मिले हुए सम्मान से अग्रवाल समाज एवं पत्रकारों मे खुशी के लहर व्याप्त है एवं सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश नियंत्रक कुणाल गुप्ता चांपा प्रेस क्लब अध्यक्ष कुलवंत सलूजा सचिव मूलचंद गुप्ता कोषाध्यक्ष विक्रम तिवारी,संतोष देवांगन,गौरव गुप्ता, राजेंद्र जायसवाल, मनीराम आजाद एवं प्रेस मीडिया से जुड़े सभी ने बधाई प्रेषित की है।

# शिवोम विद्यापीठ का सीबीएसई परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाकर शिवोम विद्यापीठ ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि शिक्षा, संस्कार और अनुशासन पर आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से विद्यार्थियों को सफलता की ऊँचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। विद्यालय के होनहार बच्चों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में गौरव से ऊँचा किया है। 10 बच्चों ने 90% हासिल किया है। कक्षा 10वीं के परिणामों में गुनिका साहू ने 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उनके साथ-साथ प्रज्ञा मधुकर, गार्गी गौतम और अंशिका मिश्रा तीनों छात्राओं ने 94% एवं आरुषि शर्मा ने 93% प्राप्त कर श्रेष्ठता की मिसाल कायम की। यह परिणाम यह दर्शाते हैं कि शिवोम् विद्यापीठ न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देता है, बल्कि विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रतिभा को भी संवारता है। कक्षा 12वीं में भी विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। लक्ष्य मधुकर ने 89त्न अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि समीर बेहरा ने 86% और प्रतिष्ठा बाजपई ने 84% अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर चेयरमैन अवधेश शर्मा जी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहाः यह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय की शिक्षण प्रणाली की सफलता का प्रतीक हैं। हम शिक्षा को केवल अंकों तक सीमित नहीं रखते, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हैं। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव शर्मा जी ने इस अवसर पर कहा- शिवोम् विद्यापीठ का लक्ष्य सदैव यह रहा है कि हम विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करें जहाँ वे अपनी प्रतिभा को पहचान कर उसे निखार सकें। यह सफलता हमारी शैक्षणिक नीति, आधुनिक शिक्षण विधियों और विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम का परिणाम है। हम सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हैं।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में 28 मई से 3 जून तक होगा श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



श्री खाटू श्याम मंदिर में आगामी 28 मई से 3 जून तक श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है, यह आयोजन रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच,छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच एवं मंच की महिला प्रदेश इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक 28 मई से 3 जून 2025 तक होंगी, एवम कथा स्थल श्री खाटू श्याम मंदिर है, श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में व्यास पीठ पर देश के सुप्रसिद्ध कथा वाचक डॉ. संजयकृष्ण सलिल समता कालोनी, रायपुर (छ.ग.) अपनी अमृतमय वाणी से कथा वाचन करेंगे, उपरोक्त श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के लिए आयोजन समिति का भी गठन किया गया है। श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेन्ट्रल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, छत्तीसगढ़ प्रांतीय महिला अग्रवाल मंच द्वारा किया गया है, श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियो में संस्थाओं के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें व्यवस्थाओ में किराया भंडार प्रभारी-कमल गुप्ता, आशीष गर्ग, भोजन व्यवस्था प्रभारी- विशाल अग्रवाल, पुष्परंजन जैन ,शोभा यात्रा प्रभारी- कैलाश छापड़िया, आनंद अग्रवाल, संध्या अग्रवाल एंड टीम, प्रसाद बांटना व्यवस्था-सुरेश अग्रवाल दीपक अग्रवाल, मंच व्यवस्था प्रभारी- संतोष बजाज, राजेश केडिया, पूजन सामग्री, फूल, आरती-महिला टीम, वित्त व्यवस्था प्रभारी- विष्णु गोयल हरिवल्लभ अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल राधेश्याम अग्रवाल नारायण अग्रवाल, क्षितिज अग्रवाल, प्रचार प्रसार व्यवस्था- पंकज अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, उत्सव समिति- नारायण अग्रवाल पंकज अग्रवाल एवम महिला इकाई के सभी सदस्य शामिल है, आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमियों एवं शहर वासियों को इस श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में सह परिवार समस्त कार्यक्रमों में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने तथा तथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

# यूपीएससी अग्र गौरव सम्मान से नवाजे जाएंगे अग्रकुल के बच्चे 12 जून को खाटू धाम में आयोजित है अलंकरण समारोह

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरी दुनिया में अग्रवाल समाज की सबसे सशक्त संस्था अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने विगत दिनों संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले अग्रवाल समाज के सभी बच्चों को यूपीएससी अग्र गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित करने का निर्णय लिया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन यूपीएससी अग्र गौरव सम्मान कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक जे पी अग्रवाल बिल्हा बिलासपुर ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में अग्रकुल के बच्चों को प्रोत्साहन देने हेतु यह पहल की गई है, तथा अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा PSC 2024 की परीक्षा परिणाम 22.04.25 में चयनित सभी अग्र प्रतिभागियों को आगामी 12 जून 25 को खाटू धाम जिला - सीकर राजस्थान मे अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित "द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह" के अवसर पर PSC गौरव सम्मान 2025 से अलंकृत किया जायेगा। कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक जे पी अग्रवाल ने बताया कि देश भर में यूपीएससी की परीक्षा में चयनित अग्रवाल समाज के सभी विद्यार्थियों की जानकारी एकत्रित करने हेतु अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन में अग्र बंधुओ से अपील की है, तथा सोशल मीडिया के भी माध्यम से अधिक से अधिक समाज बंधुओ तक इस अलंकरण समारोह की जानकारी पहुंच सके इस संबंध में प्रयास किया है, एवं निर्धारित अवधि 15 मई 2025 तक यूपीएससी की परीक्षा में सफल अग्रवाल समाज के विद्यार्थियों या कि उनके अभिभावकों द्वारा संस्था को प्रेषित की जाने वाली जानकारी के आधार पर ही उन्हें सम्मानित किया जाएगा, संस्था की उक्त सूची में PSC में चयनित अग्र कुल के प्रतिभागियों के पते एवं व्हाट्सएप नं. का पूर्ण विवरण प्राप्त नहीं है।

# चांपा में बिजली की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

- 15 दिनों के भीतर समाधान नहीं होने पर दी भूख हड़ताल की चेतावनी

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com



नगर में बिजली की आँख मिचौली और लो-वोल्टेज की समस्या अब जनता के सब्र का बांध तोड़ रही है। दिन में 15 से 20 बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बीते कुछ वर्षों से यह समस्या जस की तस बनी हुई है, लेकिन अब इसका रूप विकराल होता जा रहा है। स्थानीय जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने इस गंभीर मसले को लेकर विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ए के भारद्वाज, जेई नेताम एवं सहायक अभियंता महेश जायसवाल से भेंट कर स्थिति की जानकारी ली और जवाब तलब किया। जनप्रतिनिधियों ने भी बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से हो रही परेशानियों को खुलकर सामने रखा और विभाग के प्रति नगर में व्याप्त जनाक्रोश को उजागर किया। कांग्रेस पार्टी ने इसे सरकार और विद्युत विभाग की नाकामी करार देते हुए चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर समाधान नहीं हुआ, तो बिजली दफ्तर के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरु की जाएगी। कांग्रेसियों ने ईई को साफ शब्दों में कहा कि अब जनता और पार्टी किसी भी हाल में चुप नहीं बैठने वाली। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि विभाग घटिया गुणवत्ता के उपकरणों का उपयोग कर रहा है, जिसके चलते बार-बार फॉल्ट हो रहे हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि जब तक चांपा शहर में एक नया सब-स्टेशन स्थापित नहीं किया जाता, तब तक इस समस्या से निजात मिलना असंभव है ज्ञापन सौंपने वालों में शहर अध्यक्ष सुनील साधवानी, पूर्व नपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जय थवाईत, जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडे, पार्षद ललित देवांगन, दुर्गा कुर्रे, पवन साहू, अनिल रात्रे, जिब्बू आर्य, सुनील सोनी, प्रकाश अग्रवाल, बुटू देवांगन, क्रांति केंवट, डुग्गु प्रधान, रंजन कैवर्त, राज अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, ओम सोनी, भागीरथी दुबे, राकेश जोशी सहित कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता सहित नगरवासी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ी सिनेमा की धमकः मोर छईया भुइयां 3 रिलीज के लिए तैयार, चांपा सहित प्रदेश में 16 मई से प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ी सिनेमा के इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ने जा रहा है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मोर छईया भुइयां' की तीसरी कड़ी, 'मोर छईया भुइयां 3', जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म के प्रमोशन के लिए प्रदेश में जोरदार तैयारियां चल रही हैं, और दर्शकों में उत्साह चरम पर है। सतीश जैन के निर्देशन में बनी यह फिल्म छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संदेशों का शानदार मिश्रण है, जो दर्शकों को एक बार फिर थिएटर्स की ओर खींचने का वादा करती है। 'मोर छईया भुइयां 3' एक पारिवारिक ड्रामा और एक्शन से भरपूर फिल्म है, जो छत्तीसगढी परिवेश को जीवंत करती है। विगत दिनों रिलीज हुवे गानों ने दर्शकों द्वारा खूब पसंद किये जा रहे फिल्म का ट्रेलर भी धूम मचा रहा है। फिल्म में मुख्य नायकों की भूमिका में मन कुरैशी, दीपक साहू, और लक्षित झांजी नजर आएंगे, जबकि नायिकाओं के रूप में ऐल्सा घोष, ऋचा दीक्षित, दीक्षा जायसवाल, और इशिका यादव दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं। खलनायकों की भूमिका में नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, और धर्मेंद्र चौबे दमदार अभिनय के साथ कहानी में रोमांच जोड़ेंगे। फिल्म में अन्य उल्लेखनीय कलाकारों में सुपर स्टार प्रकाश अवस्थी, सुरेश गोडाले, मनोज जोशी, अंजली सिंह, सुमित्रा साहू, संजय महानंद, पूरन किरी, उपासना वैष्णव, अनुराधा दुबे, विवेक चंद्रा, शीतल शर्मा, और छोटे लाल साहू सहित कई प्रतिभाशाली चेहरे शामिल हैं। कुल 40 से अधिक कलाकारों की मौजूदगी इस फिल्म को एक भव्य प्रस्तुति बनाती है।निर्माता-निर्देशक सतीश जैन, जिन्होंने 'मोर छड्यां भुइयां' (2000) और 'मोर भुइयां 2' (2024) के साथ छत्तीसगढ़ी सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, इस बार भी अपनी रचनात्मकता का जादू बिखेर रहे हैं। सह-निर्माता ललित सिन्हा और कार्यकारी निर्माता आलेख चौधरी ने प्रोडक्शन को भव्यता प्रदान की है। छायांकन सिद्धार्थ सिंह ने किया है, जो छत्तीसगढ़ के खूबसूरत लोकेशन्स को पर्दे पर जीवंत करता है। संगीत सुनील सोनी का है, जिसमें स्वर्गीय लक्ष्मण मस्तुरिया, सतीश जैन, और गिरवर दास मानिकपुरी के गीत शामिल हैं। गायकों में सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, मनोज वर्मा, गोरेलाल बर्मन, अनुपमा मिश्रा, कंचन जोशी, चंपा निषाद, और मोनिका सोनी जैसे नाम शामिल हैं।

## वन नेशन, वन इलेक्शन कार्यक्रम संपन्न, बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

# वन नेशन वन इलेक्शन देश के विकास में निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका : श्याम बिहारी जायसवाल

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com








एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के सुरभि पार्क में "वन नेशन, वन इलेक्शन" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ मंच पर भाजपा जिला अध्यक्ष चम्पा देवी पावले, नगर निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, नपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि "वन नेशन, वन इलेक्शन" व्यवस्था देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। बार-बार चुनावों में शिक्षकों, पुलिसकर्मियों और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है जिससे बच्चों की शिक्षा, कानून व्यवस्था और नागरिक सेवाएं प्रभावित होती हैं। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फसमय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि जनता के टैक्स का पैसा भी संरक्षित रहेगा, जिसे देश के आधारभूत ढांचे के विकास में लगाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि चुनावी खर्चों में कटौती से कई आवश्यक वस्तुएं सस्ती होंगी और इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष चम्पा देवी पावले ने भी इस विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यह पहल लोकतंत्र को मजबूत करने और संसाधनों के सदुपयोग की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि इससे शासन में स्थायित्व आएगा और विकास की गति तेज होगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन संचेती, प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार, अधिवक्ता गणेश अग्रवाल, कैलाश गोयल, आशीष सिंह, संजय सिंह सेंगर, जय चंद बोथरा, रमाकांत पढ़ियार, लक्ष्मी चंद केसरी सहित अनेक वक्ताओं ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी का संचालन जिले के प्रखर वक्ता रामचरित द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वर्ग उपस्थित रहा।

# संस्कृति एवं लहर ने सीबीएसई की 12वीं एवं 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में किया बेहतर प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के घोषित परीक्षा परिणामो में 12वीं एवं 10वीं बोर्ड की परीक्षाओं में शक्ति शहर की छात्रा संस्कृति अग्रवाल एवं लहर अग्रवाल ने जैन इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर में बेहतर प्रदर्शन कर शक्ति शहर का नाम गौरवांनित किया है, दोनों बेटिया शक्ति शहर के प्रतिष्ठित सत्य विद्या ज्वेलर्स के संचालक शिव अग्रवाल की मेधावी बेटियां हैं, तथा जैन इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर में पढ़ाई करते हुए इन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024- 25 में संस्कृति अग्रवाल पिता शिव अग्रवाल ने कक्षा दसवीं बोर्ड में 94.4% एवं लहर अग्रवाल पिता शिव अग्रवाल कक्षा 12वीं ने 96.02 प्रतिशत अंक अर्जित कर शक्ति का नाम रोशन किया है,दोनों मेधावी बेटियों के सीबीएसई बोर्ड की महत्वपूर्ण परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर अग्रवाल सभा शक्ति सहित परिवार जनों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं, तो वहीं सत्य विद्या ज्वेलर्स के संचालक शिव अग्रवाल ने भी कहा है कि उनकी बेटियां शुरू से ही पढ़ाई के क्षेत्र में काफी मेधावी हैं, तथा वे सदैव अच्छे संस्कारों के साथ जीवन में आगे बढ़ने की दिशा में शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

# नक्सल प्रभावित ग्राम पोलमपल्ली में समाधान शिविर हुआ सम्पन्न

## शिविर में महिला आयोग की सदस्या ने गोद भराई रस्म में लिया भाग





पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में कोंटा विकासखंड के नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र पोलमपल्ली में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोलमपल्ली, कांकेरलंका, कोर्रापाड़, पालामडलू और चिंतागुफा के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को राज्य महिला आयोग सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा अन्न प्रासन्न और गोद भराई की रस्म अदा की गई। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु आग्रह किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीएम शबाब ख़ान ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान किताब का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंगम्मा सोयम, जनपद अध्यक्ष कोंटा कुसुमलता कवासी,नगर पंचायत दोरनापाल अध्यक्ष राधा नायक, जनप्रतिनिधि, धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य, कोरसा सन्नू, जनपद सदस्य पोलमपल्ली, भीमा मड़कम, जनपद सीईओ नारद मांझी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नाबालिक माता एवं शिशु के देखभाल हेतु दिया निर्देश

समाधान शिविर के अंतर्गत आने वाले क्लस्टर ग्राम के अंतर्गत एक ग्राम की नाबालिक माता भी अपने शिशु के साथ शिविर में आई थी जिसे देखकर दीपिका ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को बुलाकर नाबालिक माता एवं उसके शिशु के स्वास्थ्य की चिंता करने एवं हर सम्भव मदद करने हेतु कहा व समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सुपरवाइजर को बुलाकर इस क्षेत्र में ऐसे कितने मामले हैं उस पर जानकारी एकत्र कर एक बैठक करने हेतु निर्देशित भी किया।

# सुशासन तिहार में उन्नति महिला समूह को मिला मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध समाधान हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है और नवीन आवेदनों पर भी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम चिपावण्ड में आयोजित समाधान शिविर के दौरान मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन प्रसार कार्यक्रम अंतर्गत उन्नति महिला स्व-सहायता समूह को मछली पकड़ने का जाल प्रदाय किया गया। समूह की अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2011 में 14 सदस्यों के साथ समूह की शुरुआत की गई थी। सभी सदस्यों ने आजीविका के लिए मछली पालन को एक नए कार्य के रूप में अपनाया। उन्होंने ग्राम के तालाब को समूह के नाम स्वीकृत कराकर मछली पालन शुरू किया। बीते तीन वर्षों से सभी सदस्य इस कार्य में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं और इससे एक सीजन में लगभग 45 हजार रुपये का लाभ प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मछली पालन एक ऐसा कार्य है, जिसे घर के अन्य कार्यों और खेती के साथ आसानी से किया जा सकता है। समूह के सभी सदस्य अब इस कार्य को और विस्तार देना चाहती हैं, जिसके तहत विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समाधान शिविर में उक्त आवेदन के निराकरण उपरांत समूह को मछली जाल प्रदाय किया गया। इसी प्रकार ग्राम चिपावण्ड निवासी चौतूराम नेताम को भी मछली जाल प्रदाय किया गया। चौतूराम द्वारा द्वारा स्वयं के 01 एकड़ के तालाब पर मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। मछली जाल प्राप्त होने पर सभी हितग्राहियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इससे उन्हें सहूलियत मिलेगी तथा मछली पालन कार्य को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# बीएसएस प्रणवानंद अकादमी ने सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




बीएसएस प्रणवानंद अकादमी हाल ही में घोषित सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में अपने असाधारण प्रदर्शन की घोषणा करते हुए रोमांचित है। स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि का प्रदर्शन किया है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कक्षा 12वीं में सात छात्रों ने 80 और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। तन्मय मिश्रा ने 95.2% अंक प्राप्त किए और पहला स्थान बरकरार रखा। अभय दुबे ने 85% अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान हासिल किया। नियति कुशवाह (84.8%) ने तीसरा, उन्नति दास (84.4%) ने चौथा और विनीशा सिहानी (83.6%) और कोमल बर्मन (83.6%) ने संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं के छात्रों ने भी अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए असाधारण शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। कक्षा दस में दीपांजन दास ने 93.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रितिका सिकरवार (90.6%) ने दूसरा और अक्षत सेन (89.8%) और संजना सिंह (89.8%) ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वालों में पवन पटेल (88.6%), नेहल विश्वकर्मा (88.2%) शामिल हैं। स्कूल प्रबंधन को छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण पर गर्व है। शिक्षकों के प्रयासों और स्कूल के सहायक वातावरण ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्कूल के सचिव स्वामी शिवरूपानंदजी और प्रिंसिपल अनिंदिता घोष ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी और निरंतर सफलता की कामना की।

# ग्राम दावा के श्री श्याम गौशाला में नए गौशेड और दो सोलर हाई मास्ट लाइट्स का उदघाटन

## आरआरवीयूएनएल की सीएसआर पहल के तहत सड़क सुरक्षा और गौ रक्षण का प्रयास





पायनियर संवाददाता ◄ अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

जिले के उदयपुर ब्लॉक के दावा गांव में स्थित श्री श्याम गौशाला में निर्मित नए गौशेड और दो सोलर हाई मास्ट लाइट्स का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा किया गया। सड़क दुर्घटनाओं को घटाने एवं गायों की सुरक्षा यह परियोजना का मुख्य उद्देश्य। विधायक राजेश अग्रवाल ने रिबन काटकर समारोह की शुरुआत की, इसके बाद पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़ने की क्रिया की। इसके साथ ही 100 से अधिक गायों को केले, गुड़ और चने अर्पित किए गए, जो इस अवसर को और भी विशेष बना रहे थे। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत विकसित इन दोनों कार्यों से सड़क पर घूमने वाली बेसहारा गायों के लिए एक सुरक्षित आश्रय प्रदान होगा, विशेषकर वे गायें जो राष्ट्रीय राजमार्ग तारा से अंबिकापुर तक बार-बार देखी जाती थीं। इस परियोजना के जरिए गायों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित किया जाएगा, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को भी रोका जाएगा। यह पहल स्थानीय समुदाय को मवेशी प्रबंधन में सहायता प्रदान करने के साथ-साथ टिकाऊ और मानवता पूर्ण प्रथाओं को बढ़ावा देने का भी उद्देश्य रखती है। समारोह में आरआरवीयूएनएल के मुख्य अभियंता बाबूलाल वर्मा, उप अभियंता लालचंद बरेसाह, पवन ओझ, अदानी नेचुरल रिसोर्सेस सरगुजा के चीफ ऑफ क्लस्टर मनोज कुमार शाही, भू विभाग प्रमुख राजेश साव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में रामगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रभोध सिंघल, देवरी मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक सिंह, उदयपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, और जिला मंत्री राधे श्याम भी विशेष रूप से मौजूद थे। इसके अलावा गौशाला समिति के सदस्य देवनारायण यादव (अध्यक्ष), आशीष अग्रवाल (सचिव), और शेखर सिंह देव (उपाध्यक्ष) के साथ-साथ कई अन्य गणमान्य लोग इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। आरआरवीयूएनएल और अदानी फाउंडेशन की यह संयुक्त पहल सामाजिक और पर्यावरणीय सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती है।

# धुतपुर में गुरु अमरदास मेले का भव्य आयोजन

## सामाजिक समरसता और सतनाम संदेश का प्रसार



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सोनपुरी के अंतर्गत धुतपुर गाँव में स्थित मैकल पर्वत की गोद में सतनामी समाज द्वारा गुरु अमरदास की स्मृति में वार्षिक मेले का चौथा सफल आयोजन 11 मई 2025 को सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। गुरु अमरदास, बाबा गुरु घासीदास के सुपुत्र थे। उनका विवाह प्रतापपुर की अंगारमती से हुआ था, जिनकी स्मृति में प्रतापपुर में मेला आयोजित किया जाता है। गुरु अमरदास जी ने अपने जीवन में गुरु घासीदास के सतनाम मार्ग का अनुकरण करते हुए संयम, एकता और सदाचार से परिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी। धुतपुर मेला स्थल, जो पंडरिया से लगभग 4 किलोमीटर दूर वन व निजी भूमि क्षेत्र में स्थित है, वहाँ पहुँचने के लिए पगडंडी मार्ग से जाना होता है। सतनामी समाज इस स्थल के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है। बीते वर्षों में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मंच व सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। वर्तमान में 12 लाख रुपये की लागत से नवीन मंगल भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है, जो विधायक भावना बोहरा की अनुशंसा से संभव हो पाया। इस वर्ष मेले में आयोजित सभा में विधायक बोहरा ने समाज को आह्वान किया कि सतनाम संदेश केवल मंच तक सीमित न रहे, बल्कि उसे जीवन में आत्मसात किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि धुतपुर स्थल को मिनी गिरौदपुरी जैतघाम के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे यह स्थान सतनाम मार्ग के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त केंद्र बन सके। सभा में जिला पंचायत प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे, सेतगंगा से जिला सदस्य रजनी मानिक सोनवानी सहित अनेक वक्ताओं ने गुरु घासीदास के बताए मार्ग की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि जाति, वर्ग और आडंबर से ऊपर उठकर सभी को एक समान दृष्टि से देखने का संदेश आज भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष मंजुला कुर्रे, जनपद अध्यक्ष नंदनी साहू, सरपंच दीपक देवी सोनवानी, विजय धृतलहरे, नगर अध्यक्ष भागवत डाहिरे, वरिष्ठ समाजसेवी सुंदर पात्रे, श्याम टंडन, सेवा समिति अध्यक्ष देव धृतलहरे सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। पंडित शिवकुमार तिवारी के सतनाम भजनों ने समूचे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सतनामी समाज, नागरिक व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि जब समाज एकजुट होकर अपने आध्यात्मिक मूल्यों की ओर लौटता है, तब विकास और आत्मिक उन्नति दोनों ही संभव हो पाती हैं।

# जिले के मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित





पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में जिले के विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने छात्रों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 5वीं से पीएम विश्रामपुरी की यामिनी मरकाम, सेजेस जाम कोटपारा से नित्याभ दिवान, गिरीदीप हाई स्कूल केशकाल से हिमांश सिन्हा, कुशाग्र मंगलम निराला, तंसुश्री पटेल एवं कृतिका यादव, प्राथमिक शाला देवगांव से सुर्या ठाकुर, और पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय माकड़ी से आलोक शर्मा शामिल हैं। कक्षा 8वीं से पीएमश्री सेजेस केशकाल की निकिता कुंभकार, कन्या शिक्षा परिसर पिपरा की अंजली मरकाम, और पीएमश्री महात्मा गांधी वार्ड कोंडागांव से चिरंजीव देवांगन को सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10वीं से पीएमश्री केशकाल के आदिदेव सोनवानी, सेजेस जामकोट कोंडागांव की मुस्कान देवांगन, पीएमश्री फरसगांव की याशिका चौधरी एवं यशस्वी सोंसर्वे को सम्मान प्राप्त हुआ। कक्षा 12वीं में सेजेस जामकोटपारा की शिवानी पटेल, पीएमश्री केशकाल की जैनाब पारेख और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव की निशा पांडेय को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने जिले का गौरव बढ़ाया है। भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते रहिए और अपने परिवार, समाज एवं राज्य का नाम रोशन कीजिए।

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन कर जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल एवं विद्युत जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं का गंभीरता के साथ कार्यवाही करें। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट अनिवार्यता और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए। उन्होंने बायपास मार्ग के निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही जिले में जर्जर सड़कों, पुल-पुलियों की मरम्मत हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण में तेजी लाने हेतु सभी जनपद सीईओ को फील्ड विजिट कर निगरानी रखने को कहा। वहीं धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के क्रियान्वयन के लिए अधोसंरचना विकास संबंधी प्रस्ताव सभी विभागों से शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को युक्त युक्तिकरण कार्य सावधानीपूर्वक तथा समय सीमा में पूरा करने और जाति प्रमाण पत्र व अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। आगामी 14 मई से आरंभ हो रहे समर कैंप की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रतिभागियों के पंजीयन और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश खेल विभाग को दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में सभी आवश्यक उपकरणों को दुरुस्त रखने तथा हाईवे पर स्थित अस्पतालों में आपातकालीन कक्ष की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी तहसीलदारों व जनपद सीईओ को अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और स्टाफ की उपस्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान कई आवेदनों की वापसी पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में धान उठाव की स्थिति की समीक्षा के साथ जिले में पर्यटन विकास के लिए कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के बाद जनदर्शन में विभिन्न समस्यों और मांग को लेकर पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में ग्राम आलबेड़ा की महिलाओं ने महतारी वंदन योजना एवं वृद्धा पेंशन नहीं मिलने की बात कही, जिस पर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। वहीं ग्राम शामपुर के भरत दास मानिकपुरी बिजली की समस्या, ग्राम बड़े भिरावड निवासी राम नेताम ने पेयजल समस्या, ग्राम बड़ेराजपुर निवासी बुधसिंह सेठिया के कृत्रिम पैर दिलाने की मांग की पूर्ति करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार आवास, मोबाइल नेटवर्क की समस्या, विभिन्न राजस्व प्रकरणों, आंगनबाड़ी एवं सड़क की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर 25 आवेदन प्राप्त हुए।

# सुशासन तिहार 2025: समाधान शिविर का ग्राम पंचायत बांदे में हुआ आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ पखांजूर
www.dailypioneer.com

कोयली बेड़ा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतो में भाजपा सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर के नाम से आयोजन किया जो 5 मई से 31 मई तक किया जाना है। जिसमें ग्रामीणों की समस्या का समाधान तत्काल निराकरण किया गया, और जो क्षेत्र की बड़ी समस्या है इसका प्रस्ताव बनाकर आगे प्रेषित किया गया। इस शिविर में कई ग्रामीण अपने समस्या शिकायत लेकर उपस्थित हुए, इस शिविर में जनप्रतिनिधि कोयलीबेड़ा जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य बांदे भाजपा मंडल के पदाधिकारी समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी सभी सामूहिक रूप से उपस्थित रहे। जिसमें सबसे ज्यादा देखा गया कि क्षेत्र के लोगों का कब्जा भूमि का वन भूमि पटटा आवास योजना राशन कार्ड सड़क निर्माण जैसे आवेदन प्राप्त हूये, ग्रामीण द्वारा शिक्षा विभाग को नए भवन हेतु शिक्षक हेतु शिकायत पत्र प्राप्त हुए अधिकारी कर्मचारी पंचायत स्तर के सचिव सरपंच के माध्यम से निराकरण किया जो बचे निराकरण जल्द करने का आश्वासन दिया गया।

# भाटापारा स.शि.मं. का परीक्षा परिणाम रहा श्रेष्ठ

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



स्थानीय स. शि. मं. विद्यालय के 12 वीं बोर्ड में 85 प्रतिशत एवं 10वीं बोर्ड में भैया / बहनों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। जिसमें 12 वीं कक्षा में 19 प्रथम श्रेणी एवं 11 द्वितीय श्रेणी में एवं 10वीं में 18 प्रथम श्रेणी 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवी में भारती यादव 92.6 प्रतिशत, महक शर्मा 87.4, रेशमी 84.4, वीणा साहू 83.6, कुलेश्वर 79.8, प्राप्ति देवांगन 79.8, सिद्धांत साहू 79.2, संजू साहू 76.8, वही दसवीं कक्षा में नुपुर यादव 88, इशिका चक्रधारी 87.1, चद्रकांत पाल 81.6, प्रिति साहू 81.6, सेजेन्द्र साहू 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया। उपरोक्त परीक्षा परिणाम के शुभ अवसर पर स्वामी विवेकानंद शिक्षण समिति के व्यवस्थापक अनिल जैन, मोहन लाल शर्मा एवं सभी सदस्यों ने सफल भैया/ बहनों के उज्जवल भविष्य के मंगल कामना करते हुए कोटिशः बधाई दी।

# सामाजिक भवन बनाने के लिए जायसवाल समाज के पदाधिकारियों ने बीएसपी के सीजीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जायसवाल समाज के पदाधिकारियों द्वारा बीएसपी के सीजीएम गहरवार से मिलकर मांग पत्र सौंप सामाजिक भवन बनाने के लिए बीएसपी से जमीन देने की मांग किया है। जिस पर गहरवार ने उच्च अधिकारियों से चर्चा कर जायसवाल समाज को भी जमीन देने पर विचार करने की बात कही है। जायसवाल समाज के संगठन मंत्री श्याम जायसवाल ने बताया कि दल्लीराजहरा में बीएसपी द्वारा लगभग सभी समाज को जमीन दिया गया है। परंतु जायसवाल समाज को कई दशकों से मांग करने के बाद भी कभी कोई जमीन नहीं दिया गया। जिसके कारण समाज के लोगों को सामाजिक कार्यक्रम करने में काफी समस्या होती हैं। विवाह, सगाई, छठी व अन्य कार्य हेतु दूसरे समाज के भवन पर आश्रित होना पड़ता हैं। अतः जायसवाल समाज को भी बीएसपी द्वारा जमीन उपलब्ध कराने ज्ञापन सौंपा गया है। पूर्व में भी जायसवाल समाज द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू उपाध्यक्ष मनोज दुबे सहित एसडीएम व तहसीलदार को भी जायसवाल समाज को जमीन देने ज्ञापन सौंपा गया है। सभी जगह से जायसवाल समाज को जमीन उपलब्ध कराने सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन जायसवाल समाज को दिया गया है और हमें उम्मीद है कि जल्द ही जायसवाल समाज को जमीन मिलेगा। ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से जायसवाल समाज के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष बेनी माधव जायसवाल, संगठन मंत्री श्याम जायसवाल, सुनील जायसवाल, अमित जायसवाल, राकेश जायसवाल, जायसवाल युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमर जायसवाल उपस्थित रहे।

# डीएव्ही पब्लिक स्कूल सोनडीह विद्यालय का शानदार प्रदर्शन दसवीं और बारहवीं के छात्रों 92.72 प्रतिशत रहा कुल परिणाम

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com



विद्यालय ने इस वर्ष एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए दसवीं और बारहवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं। विद्यालय का कुल सफलता प्रतिशत 92.72% रहा, जो कि क्षेत्र के अन्य स्कूलों की तुलना में अत्यंत सराहनीय है। दसवीं में 90% लेकर चार बच्चों ने एवं 19 बच्चों ने विशेष योग्यता प्राप्त किया 12वीं में 95.6% लाकर अंशिका वर्मा ने टॉप किया सेकंड पोजीशन अल्पना वर्मा 89.6 प्रतिशत तीसरा जिया जैन इशांत परवानी ने 89.4% लेकर स्कूल का नाम रोशन किया वही दसवीं में अनुष्का यादव 95.2% बलविंदर सिंह 93.2% और तीसरे में चिरायु 91% प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरव किया। दसवीं और बारहवीं कक्षा के कई छात्रों ने न केवल प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, बल्कि कुछ छात्रों ने टॉप कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम भी रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस उपलब्धि पर छात्रों को शुभकामनाएँ दी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा, यह परिणाम हमारे शिक्षकों की मेहनत, छात्रों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतीक है। हम भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहेंगे।

# विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं की बैठक तोरेसिंघा में आयोजित, शौर्य प्रशिक्षण में भाग लेने बनी रणनीति



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के ग्राम तोरेसिंघा में संगठन के विस्तार के लिए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजन किया गया, बैठक में जिला मंत्री बसंत देवता, सह विशेष संपर्क प्रमुख रमेश कर एवं पुरुषोत्तम प्रधान उपस्थित हुए, बैठक का प्रारंभ ब्रहम्नाद, दीप प्रज्वलन विजय महामंत्र के साथ हुआ, बैठक में तोरेसिंहा खंड के सभी 20 गांव में ग्राम समिति बनाने के लिए टोली बनाया गया एवं आने वाले 22 मई से 29 मई तक कांकेर में होने वाले दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण वर्ग में साथ ही 25 मई से 31 मई तक कांकेर में होने वाले बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में अधिक से अधिक दुर्गा वाहिनी के बहनों एवं बजरंग दल के भाइयों के जाने के लिए चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला एवं कार्यकर्ताओं ने स्वयं ही ग्राम समिति बनाने के लिए तत्पर हुए। बैठक का आयोजन तोरेसिंघा गांव में सेंट्रल बैंक के ऊपर हाल में आयोजन किया गया।

# वजन कम करना चाहते हैं तो स्नैकिंग के हेल्दी विकल्पों को अपनाएं : डॉ रोहिणी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



खाने के बीच भूख लगना उन लोगों के लिए परेशानी हो सकता है जो वजन कम करना चाहते हैं। इस भूख के दौरान हमें अक्सर ऐसी चीजें खाने का मन करता है जो सेहत के लिए अच्छी नहीं होतीं, जिससे वजन कम करने का लक्ष्य बिगड़ सकता है। लेकिन सही तरीके से नाश्ता करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। डॉ. रोहिणी पाटिल (एमबीबीएस और न्यूट्रिशनिस्ट) कहती हैं कि बादाम, फल और सब्जियां जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ सही मात्रा में खाने चाहिए। स्नैकिंग के ये बादाम सहित स्मार्ट विकल्प न केवल भूख को शांत करते हैं, बल्कि जरूरी पोषक तत्व भी देते हैं जो आपको एनर्जी से भरपूर रखती हैं और आपको संतुष्टि भी मिलती है। यहां कुछ सेहतमंद नाश्ते के विकल्प दिए गए हैं जो आपको तृप्त रखेंगे और वजन कम करने की राह पर मदद करेंगे। मुट्ठी भर बादाम में प्रोटीन, मैग्नीशियम, विटामिन ई और जिंक जैसे 15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं। इनका कुरकुरा स्वाद भूख को शांत करता है। बादाम दिल, त्वचा के लिए अच्छे हैं, और इन्हें खाकर संतुष्टि का अहसास होता है। ये वजन नियंत्रण में मदद करते हैं। डॉ. पाटिल ने खासतौर पर कैलिफोर्निया आमंड्स की सलाह दी है, जिनमें प्रोटीन, गुड फैट और फाइबर होते हैं, जो लंबे समय तक पेट भरा रखते हैं। इन्हें अकेले खाएं, स्मूदी में डालें, सलाद में मिलाएं या मसाले के साथ भूनें।

# शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2,516.2 करोड़ के राजस्व का आंकड़ा पार किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहाः हमें यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा है, जिसमें सभी प्रमुख मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हमने अब तक का सर्वाधिक राजस्व 2,516.2 करोड़ दर्ज किया, जो वर्ष दर वर्ष 83.6% की वृद्धि को दर्शाता है, जबकि शुद्ध लाभ में 188.2% की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और यह 408.4 करोड़ तक पहुंच गया। यह प्रभावशाली टॉपलाइन ग्रोथ हमारे घरेलू और निर्यात दोनों व्यवसायों में शानदार प्रदर्शन के चलते संभव हुई है। साथ ही, ऑपरेशन में दक्षता पर हमारे निरंतर ध्यान ने लाभ और मार्जिन को भी सशक्त किया है। हमारी वित्तीय सतर्कता का प्रमाण है कि हमने एफवाय25 में उच्च राजस्व के बावजूद रसीवेबल डेज़ को प्रभावी ढंग से घटाया है। एफवाय24 में जहाँ रसीवेबल डेज़ 178 से अधिक थे, वहीं एफवाय25 में यह घटकर 152 दिन रह गए हैं। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षो में यह ट्रेंड और बेहतर होगा। हमारा निर्यात व्यवसाय लगातार मजबूत प्रदर्शन कर रहा है, जिसमें एफवाय25 में 52.7% की वृद्धि के साथ 436.8 करोड़ का राजस्व दर्ज किया गया। अमेरिका, अफ्रीका, एशिया और मिडिल ईस्ट जैसे क्षेत्रों में हमारी मजबूत उपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि यह व्यवसाय स्टेबल और सस्टैनबल बना रहेगा। हमारा मजबूत ऑर्डर बुक 1,654.6 करोड़ का है और लगातार ऑर्डर प्राप्त होने से हमें एफवाय26 और उसके बाद भी मजबूत वृद्धि हासिल करने का पूरा विश्वास है। महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा जैसे राज्यों से प्राप्त हो रहे ऑर्डर के साथ-साथ मध्य प्रदेश और पंजाब सहित अन्य राज्यों में भी हमने सक्रिय रूप से टेंडर डाले हैं।

# ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडेमी रायपुर के कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



किसी भी संस्थान की सफलता उसके अथक परिश्रम सही मार्गदर्शन और उच्च आदर्शो का प्रतिफल होता है। सफलता के ऊँचे लक्ष्यों का निर्धारण करना उन लक्ष्यों को हासिल करना और प्राप्त सफलता को सतत् कायम रखना यही एक सफल संस्थान की पहचान होती है।

इस कसौटी में मध्यभारत का ख्यातिलब्ध विद्यालय ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी रायपुर हमेशा खरा उतरा है। सफलता के नित-नये आयामों का प्राप्त करते हुये इस वर्ष भी केन्द्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सफलता की नई कहानी लिख दी है। इस वर्ष विद्यालय के 189 छात्र-छात्राएं कक्षा 12वीं के परीक्षा में सम्मिलित हुये थे। यह छात्रों के परिश्रम लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

छात्रों का यह अद्वितीय परीक्षाफल उनकी संकल्प शक्ति का द्योतक तो है ही, विद्यालय प्रबंधन के शानदार शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम भी है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या और शिक्षकवृंद ने कोटिषः बधाई देते हुए उनके सुखद और गरिमामय उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

**कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणामः** आर्यन गिरी गोस्वामी (कॉमर्स) 95%, हर्षकांत ठाकुर (साइंस) 95%, अनन्या चौधरी (साइंस) 94%, आदित्य जायसवाल (साइंस) 94%, कृष्णा पुरी (साइंस) 92%, वेदिका गर्ग (कॉमर्स) 92%, मानव्य जैन (साइंस) 91%, लक्ष्य जायसवाल (कॉमर्स) 91%, अर्पित जैन (कॉमर्स) 91%, तेजस अग्रवाल (कॉमर्स) 91%, जिगीषा चौदा (साइंस) 91%, गुनगुन अग्रवाल (कॉमर्स) 90%, अद्वय महावर (साइंस) 90%, मेघा वर्मा (कॉमर्स) 90%।

# ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडेमी रायपुर के कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा



सफलता के नित-नये आयामों का प्राप्त करते हुये इस वर्ष भी केन्द्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सफलता की नई कहानी लिख दी है। इस वर्ष विद्यालय के 196 छात्र-छात्राएं कक्षा 10वीं के परीक्षा में सम्मिलित हुये थे जिसमें 29 छात्र-छात्राओं ने 90% से ज्यादा अंक अर्जित कर सफल हुए है और 110 छात्र-छात्राओं ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किए है। परीक्षाफल तो शत-प्रतिशत है ही, कई छात्रों ने गणित, विज्ञान, समाजिक विज्ञान, अंग्रेजी और हिन्दी में पूर्णांक प्राप्त कर नया इतिहास रच दिए है। 20 छात्रों को संस्कृत विषय में पूर्णांक प्राप्त हुए। यह इतिहास उनके परिश्रम लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। छात्रों का यह अद्वितीय परीक्षाफल उनकी संकल्प शक्ति का द्योतक तो है ही, विद्यालय प्रबंधन के शानदार शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम भी है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या और शिक्षकवृंद ने कोटिशः बधाई देते हुए उनके सुखद और गरिमामय उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

**कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम**

निश्चय सेन 98%, अथर्व बंसल 98%, जिश्नु चंद्राकर 97%, श्रीआंश पांडा 97%, मानव वासवानी 96%, मौली अग्रवाल 96%, पार्थ निशाद 96%, हस्ती पटेल 96%।

## शिक्षक बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव रख रहे

# दुर्ग में मूलभूत शिक्षा को बदलने वाले शिक्षकों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही प्रमुख गैर-सरकारी संस्था विभा ने 'विभा गाइडिंग लाइट्स' पहल के तहत दुर्ग जिले में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम दुर्ग जिले में नींव परियोजना के तहत लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ) के सहयोग से शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य उन शिक्षकों को सम्मानित करना है जो बुनियादी साक्षरता और गणना (एलएलएन) के क्षेत्र में बदलाव ला रहे हैं। इस आयोजन में 25 उत्कृष्ट शिक्षकों और 50 समर्पित सामुदायिक शैक्षणिक समन्वयकों (सीएसीएस) को उनके बुनियादी शिक्षा में दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ये शिक्षक नवाचारी शिक्षण विधियों को अपनाने, छात्र-केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा देने और अपने समुदायों में मार्गदर्शन देने के लिए अग्रणी रहे हैं। इनके प्रयास दुर्ग की शिक्षा व्यवस्था को नया रूप दे रहे हैं और हर बच्चे के शैक्षणिक भविष्य की मजबूत नींव रख रहे हैं। समारोह में कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें (एससीईआरटी) के अतिरिक्त निदेशक जे.पी. राठ, (एससीइआरटी) के व्याख्याता डॉ. बी. रघु, और (एससीईआरटी) के सदस्य दकेश्वर वर्मा और सुनील कुमार मिश्रा शामिल थे। ज़िले के अन्य अधिकारी भी इस आयोजन में शामिल हुए और इस प्रभावशाली पहल का समर्थन किया। उनकी उपस्थिति ने यह दर्शाया कि बुनियादी शिक्षा में बदलाव लाने वाले शिक्षकों को पहचान देना कितना महत्वपूर्ण है। शिक्षक सम्मान कार्यक्रम की एक बड़ी विशेषता यह रही कि यह पूरी तरह से सरकारी प्रक्रिया के साथ जुड़ा रहा। पुरस्कार विजेताओं का चयन पूरी तरह सरकारी अधिकारियों के नेतृत्व और विशेषज्ञता में किया गया, जिससे पारदर्शिता, विश्वसनीयता और ज़िले के शैक्षिक लक्ष्यों के साथ संरेखण सुनिश्चित हुआ। समग्र शिक्षा, दुर्ग के जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुरेन्द्र पांडे ने कहा, यह पुरस्कार शिक्षकों को अपने उत्कृष्ट कार्य को दिखाने का अवसर देता है। मूल्यांकन के लिए एक मज़बूत टीम बनाई गई थी और गहन मूल्यांकन के बाद हमने 50 शिक्षकों और कुछ क्लस्टर कोऑर्डिनेटर्स को सम्मानित करने के लिए चुना। सम्मान चाहे बच्चों को मिले या बड़ों को, हमेशा प्रेरणा देता है। इस पहल की सफलता की नींव विभा और (एलएलएफ) के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी में है। 2019 से यह सहयोग शुरुआती कक्षाओं में बुनियादी शिक्षा को बेहतर करने के लिए काम कर रहा है। पहले यह कार्यक्रम 50 स्कूलों में था, लेकिन अप्रैल 2023 में इसे बढ़ाकर दुर्ग के सभी 583 स्कूलों तक पहुंचाया गया। (एलएलएफ) के संस्थापक और कार्यकारी निदेशक डॉ. धीर झिंगरान के नेतृत्व में नींव कार्यक्रम ने शिक्षकों और सीएसीएस को संरचित शिक्षक गाइड, प्रमाणन पाठ्यक्रम, सुधार रणनीतियां और निरंतर फील्ड सपोर्ट प्रदान किया। विभा सिर्फ एक फंडिंग संस्था नहीं रही, बल्कि एक रणनीतिक साझेदार के रूप में (एलएलएफ) और सरकार के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करती रही कि सिद्ध प्रयासों को प्रभावी रूप से लागू और निगरानी की जाए ताकि दीर्घकालिक प्रभाव सुनिश्चित हो सके।

# मोक्षा बाफना ने वाणिज्य संकाय में 95% अंक हासिल किए



दल्लीराजहरा। घोषित सीबीएसई के 12 वीं कक्षा के परिणाम में कुसुमकसा की निवासी एवं विश्वदीप विद्यालय दुर्ग की छात्रा मोक्षा बाफना ने वाणिज्य संकाय में 95% अंक हासिल करके ग्राम एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। मोक्षा किशोर एवं शिल्पा बाफना की छोटी सुपुत्री हैं, बचपन से ही मेघावी मोक्षा ने दसवीं तक की शिक्षा निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल दल्लीराजहरा से प्राप्त की है।

मोक्षा बाफना को 12 वीं की परीक्षा में मिले शानदार उपलब्धि के लिए ग्रामवासियों, परिजनों, गुरुजनों आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# भाजपा नेताओं के संरक्षण में चल रहा रेत का काला कारोबार अपनी ही सरकार की कर रहे हैं फजीहत

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

2012 में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने जब बालोद को जिला बनाया था और अपने नौ रत्नों में बालोद जिले को शामिल किया था। तब यह माना जा रहा था कि बालोद नई ऊंचाइयों को छूकर नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। तब डॉक्टर रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार थी और विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा की ही सुशासन वाली सरकार है। फर्क और परिवर्तन बस इतना सा।आ गया है, तब खनिज विभाग की तूती बोलती थी, और खनिज माफियाओं की बोल रही है। बालोद जिला इन दोनों खनिज माफियाओ के जकड़ में हैं और खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी खनिज माफियाओं के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं। इन सब के चलते राज्य सरकार की जमकर किरकिरी और फजीहत ही रही है। भाजपा के छुटभइया नेता व कार्यकर्ता अपने ही सरकार को बदनाम करने में लगे हुए है। जो पद और सरकार के नाम का धौश दिखाकर अवैध कार्यों को अंजाम दे रहे है।



पायनियर
लगातार


बालोद और कांकेर जिला प्रशासन के नाक के नीचे महानदी का सीना छलनी कर रहे खनिज माफिया

समाधान शिविर में सीएम के आगमन पर जोरो से उठेगा अवैध रेत खनन का मुद्दा

## सरकार को करोड़ो की राजस्व की क्षति

अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर खनिज माफिया सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बीते 5 दिनों से अधिक समय से भैंसमुडी में रेत का 24 घंटे अवैध रूप से उत्खनन किया गया है, इन दिनों रोजाना 60 से अधिक हाइवा रेत लोड करके परिवहन की गई है। 10 चक्का हाइवा साढ़े 5 हजार से 6 हजार एवं 12 चक्का हाइवा 6 से 7 हजार तक लोडिंग वसूली की गई है। इन सब के पीछे भाजपा के छुटभइया नेता एवं कार्यकर्ताओं का बड़ा हाथ है, जो सीएम हाउस का नाम बता कर यहां पर अवैध रूप से कामों को अंजाम दे रहे हैं। जिसके चलते बालोद खनिज को करोड़ो रूपये की राजस्व की क्षति हुई हैं।

## नदियों में रेत खनन से होने वाले नुकसान

रेत खनन से नदियों का तंत्र प्रभावित होता है। इससे नदियों की खाद्य श्रृंखला खत्म होती है। रेत के खनन में इस्तेमाल होने वाली मशीनों के कारण नदी की जैवि विविधता पर भी असर पड़ता है। रेत खनन से नदियों के प्रवाह पर असर पड़ता है। जिससे भू कटाव बढ़ने से भूस्खलन जैसी आपदा होने की संभावना बनी रहती है। अवैध रेत खनन से सरकारी खजाने को हर साल हजारों करोड़ो रुपये का नुकसान हो रहा है।

## खनिज विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

जिले में लगातार अवैध रूप से रेत का उत्खनन किए जाने की खबर और सूचना मिलने के बाद भी खनिज विभाग उसमें कार्यवाही करने से परहेज करता है, जब रेत का अवैध उत्खनन या खनन करने की जानकारी या समाचार का प्रकाशन होता है उसके बाद त्वरित संज्ञान में लेने की बात कहकर खनिज विभाग टीम को भेजा जाएगा, कार्रवाई की जाएगी, मैं रायपुर में हूं, मैं मीटिंग में हूं, देखती हूं, दिखाती हूं, यह कहकर टाल मटोल किया जाता है। जिससे इस बात से कतई भी इनकार नहीं किया जा सकता कि खनिज माफियाओं को खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। जिसकी वजह से खनिज विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में हैं।

## मशीन को छिपा दिया गया

पायनियर में रेत का अवैध उत्खनन की खबर प्रकाशन होने के बाद मंगलवार को खनिज माफियाओं के द्वारा चैन माउंटेन मशीन को छिपा दिया गया है। क्योंकि कार्रवाई करने में खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग ने विलंब कर दी और तस्करो को पूरा मौका दे दिया मशीन छुपाने के लिए। अब जब खनिज विभाग की महिला अधिकारी बुधवार को कार्रवाई करने की बात कह रहे है, तब तक के उन्हें मौके पर कुछ भी नहीं मिलेगा और सब नदारत मिलेगा।

'सभी अवैध काम भाजपा सरकार में ही हो रहे है। मोदी की गारंटी और विष्णुदेव की सुशासन सरकार में उन्ही के नेता व कार्यकर्ता अवैध कामो को अंजाम दे रहें है। रेत के अवैध खनन भाजपा के ही लोग कर रहे है। भाजपा का सरकार सुशासन का ढकोसला कर अवैध कार्यों को बढ़ावा दे रही हैं।'

-संगीता सिन्हा
विधायक, संजारी बालोद

'अब शराब की बिक्री से लेकर रेत के अवैध उत्खनन तक सभी कार्यों में भाजपा की ही कार्यकर्ता व नेता शामिल है। जिले भर के रेत खदानों से अवैध उत्खनन की खबरें लगातार सामने आ रही है, बावजूद प्रशासन भी मुकदर्शक बनकर बैठा हुआ है। बलरामपुर में रेत का अवैध तस्करी रोकने गए कांस्टेबल की हत्या कर दी गई, बावजूद सरकार अब तक चुप बैठी हुई है और अपने ही कार्यकर्ताओं नेताओं को संरक्षण दे रही है, अवैध कामो में।'

-कुंवर सिंह निषाद
विधायक, गुंडरदेही

'भैंसमुडी में एसडीएम कार्यवाही किये होंगे, मैं रायपुर में हुं मीटिंग में। राजस्व विभाग से मेरी बात हुई थी। अपर कलेक्टर का भी फोन आया था, बुधवार को मैं खुद जाऊंगी कार्यवाही करने।'

- मीनाक्षी साहू
जिला खनि. अधिकारी

# कलेक्टर उइके ने छुरा में बैठक लेकर ब्लॉक अंतर्गत पीएम आवास योजना की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर बी.एस. उइके ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने छुरा पहुंचकर ब्लॉक अंतर्गत चल रहे पीएम आवास एवं जनमन आवास योजना के कार्यों के संबंध में बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने पीएम आवास की धीमी प्रगति एवं कार्य अपूर्णता पर गहरी नाराजगी जताते हुए कुल 22 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इनमें 13 ग्राम पंचायत सचिव, 3 रोजगार सहायक, 5 तकनीकी सहायक एवं 1 विकासखण्ड समन्वयक शामिल है। नोटिस पाने वालों सचिवों में ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी, गायडबरी, कसेकेरा, नवापारा भ, कोसमी, मेढ़कीडबरी, भरवामुड़ा, रसेला, कनेसर, द्वारतरा, मुड़ागांव, पंडरीपानी गोंड एवं मुरमुरा के सचिव शामिल है। इसी प्रकार 5 तकनीकी सहायक लक्ष्मीकांत साहू, पवन ध्रुव, प्रियेश वर्मा, दिव्या साहू एवं विनय वर्मा तथा ग्राम रसेला, द्वारतरा एवं मेढ़कीडबरी के रोजगार सहायक एवं विकासखण्ड समन्वयक हर्षा वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी कार्यों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने पंचायत वार स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत, हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त आबंटन एवं अप्रारंभ कार्यों की जानकारी ली।

# आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



आदर्श विद्यालय, मोवा ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को सिद्ध करते हुए ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में 100% उत्तीर्ण परिणाम प्राप्त किया है। कुल 15 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 45 छात्रों ने 80% से अधिक अंक हासिल किए, जो विद्यालय की निरंतर उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। कॉमर्स संकाय में शिव हेमा और अंजलि बच्चानी ने 95.2% अंकों के साथ संयुक्त रूप से विद्यालय टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। उनके बाद प्राची बच्चानी (94%), निधि दरूडकर सोनी (93.4%), भूमिका वर्मा (93.6%), मधुलिका कुंडू (92.8%), मुस्कान बघेले (91.6%), ऋतिका पटेल (91.6%), जान्हवी साहू (91.6%), प्रखर सिंह (91.2%), आर्यन साहू (90.4%), जी. वंशिका (90.4%), सुरेश धनुष (90.2%), नीलव सिंह (90.2%) तथा भूमि भवानी (90%) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की इस सराहनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उन समर्पित शिक्षकों की भी सराहना की जिनके अथक प्रयासों से यह सफलता संभव हो सकी। विद्यालय के अध्यक्ष विनोद पिल्लई, उपाध्यक्ष टी.सी. शाजी, महासचिव डॉ. जैकब सकरिया, कोषाध्यक्ष जे. सजित नायर, सह-कोषाध्यक्ष अरुण कुमार टी.ए. और सचिव फिलिप सैमुअल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या सबिता चतुर्वेदी और उप-प्रधानाचार्या जलजा पिल्लई ने भी छात्रों और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह अदभुत परिणाम संस्था की कठोर अकादमिक नीति, प्रभावी मार्गदर्शन और छात्रों की मेहनत एवं लगन का प्रतीक हैं।

# गरियाबंद के ग्राम पंचायत सढ़ौली में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

## शासन-प्रशासन के प्रति नागरिकों ने जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से कार्य कर रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का लगातार आयोजन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सढ़ौली में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत सढ़ौली सहित 10 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी किया गया। सभी विभागीय अधिकारियों ने विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरणों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मती लालिमा ठाकुर, कलेक्टर बी.एस. उइके एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। शिविर में हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इनमें हाईस्कूल की छात्रा कुमारी ओमिका साहू एवं नम्रता निषाद तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा कुउमोदनी साहू एवं पिंकी यादव शामिल है। इसके अलावा जल

# आदिवासी बालक क्रीडा परिसर में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

- बैटरी टेस्ट 18 से 19 जून को पी.एम. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गरियाबंद में

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

आदिवासी बालक क्रीडा परिसर गरियाबंद में प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी छात्रों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत खिलाड़ी छात्र इस क्रीडा परिसर में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए अधिकतम आयु 14 वर्ष तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए अधिकतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। छात्र के आयु की गणना 01 जून 2025 की स्थिति में की जायेगी। चयन हेतु छात्र को 10-10 अंक का दस बैटरी टेस्ट देना होगा, कुल 100 अंक के टेस्ट में प्रत्येक छात्र को प्रत्येक टेस्ट में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। छात्रों का चयन सूची मेरिट के आधार पर जारी होगी। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के खेल में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। बैटरी टेस्ट 18 से 19 जून तक प्रातः 08:00 बजे से पी.एम. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गरियाबंद के प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र बैटरी टेस्ट 18 जून 2025 तक आदिवासी बालक क्रीडा परिसर गरियाबंद में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। गौरतलब है कि आदिवासी बालक क्रीडा परिसर गरियाबंद में शासन द्वारा संचालित 04 विधा स्वीकृत है, जिसमें व्हालीबाल, बास्केटबॉल, हॉकी एवं एथलेटिक्स शामिल है। इसके अलावा अन्य प्रतियोगिताओं में भी अच्छे खिलाड़ियों को शामिल कराया जाता है। प्रत्येक विधा के लिए अनुभवी व्यायाम अनुदेशक की नियुक्ति शासन द्वारा की गई है। क्रीडा परिसर में छात्रों को निःशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# श्री शंकरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने रचा सफलता का इतिहास

## कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com






श्री शंकरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल उरकुरा, बिरगांव, रायपुर के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अत्यंत सराहनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी कक्षा 12 वीं में कॉमर्स, बायोलॉजी एवं मैथ्स तीनों संकायों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉमर्स संकाय की शालू सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान सुनिश्चित किया। विवेक वर्मा ने 94.8%, तेक्षा राहंगडाले ने 92.2%, स्वाति विश्वकर्मा ने 90.6% अंक प्राप्त किया। बायोलॉजी संकाय से पूर्वा वर्मा ने 82.2%, जानवी त्रिपाठी ने 79.6%, पलक गोस्वामी ने 79.4%, मौसमी मंडल ने 79% अंक प्राप्त किए। मैथ्स संकाय से अमन वर्मा ने 86.8%, सचिन ने सिंह 86.6%, कार्तिक रेडडी ने 85.8%, दीपांशु साहू ने 84.4% अंक प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में सौरभ केसरवानी ने 95.2%, पवन प्रजापति ने 92.4%, रानी साहिबा ने 91.8%, युवराज विश्वकर्मा ने 91.2%, अंजली गोस्वामी ने 91% ने उत्कृष्ट अंकों के साथ अपना स्थान सुनिश्चित किया। विद्यालय के प्रबंधन समिति, विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई दी तथा छात्रों की इस उपलब्धि को उनके समर्पण, अनुशासन एवं सहयोग का परिणाम बताया एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डिजिटल सशक्तिकरण क्रांतिकारी कदम : शिवराज सिंह चौहान

## अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों की केंद्रीय मंत्री चौहान ने की सराहना

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विभाग के कार्यों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में राज्य और केंद्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई और भावी विकास रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य ने कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए उन्नत गांव और खुशहाल किसान की अवधारणा को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण विकास और कृषि को राज्य की रीढ़ मानती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि गांवों की समग्र समृद्धि सुनिश्चित करना है। किसानों की आय बढ़ाना, रोजगार के अवसर पैदा करना और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के सुदूर और वंचित क्षेत्रों तक विकास की पहुंच बनाना एक साझी ज़िम्मेदारी है, जिसको पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना, डिजिटल सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना और युवाओं को कौशल आधारित रोजगार देना ही वास्तविक सुशासन है। उन्होंने कहा कि हमारी रणनीति योजनाओं को सिर्फ आंकड़ों तक सीमित रखने की जगह जन-जीवन में बदलाव लाने की है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'अमृत सरोवर' योजना को स्थानीय आजीविका से जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और जलसंरक्षण की दिशा में ठोस परिणाम सामने आएंगे। राज्य सरकार के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत श्रमिक बजट के पुनरीक्षण का आश्वासन दिया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वीकृत आवासों के शीघ्र निर्माण और हो रहे नये सर्वे के भौतिक सत्यापन पर बल दिया। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सराहना करते हुए विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचालित नियद नेलानार योजना के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योजना विकास को राज्य के सुदूर और चुनौतीपूर्ण भूभागों तक पहुंचा रही है। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में शुरू किए गए 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों' की सराहना की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया।

## श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच के तत्वाधान में नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच रघुनाथ साहू के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मंगलवार को प्रातः 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक ग्राम पंचायत भवन, सांकरा,रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर चर्चा कर परामर्श प्राप्त किया। जिसमें नेत्र रोग विभाग की डॉ. हराप्रिया साहू, दंत रोग विभाग की डॉ. कृतिका भक्ते, जनरल मेडिसिन विभाग से डॉ. अभिषेक राज, स्त्री रोग विभाग की डॉ. अदिती जाधव एवं नेत्र चिकित्सा सहायक शुभम पॉल अस्पताल जन संपर्क विभाग से विरेन्द्र खुटेल, सुनील वर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुम्हार, अंजना खेस्स एवं ग्राम सरपंच रघुनाथ साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में बी.पी, ब्लड शुगर, नेत्र रोग, दंत रोग, जनरल मेडिसिन के मरीजों का निःशुल्क जांच कर परामर्श प्रदान किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी, निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु अस्पताल का एवं निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने हेतु समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

## नगरीय प्रशासन विभाग ने वर्षा ऋतु के पहले नालों व नालियों की सफाई तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरी व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने वर्षा ऋतु के पहले नालों और नालियों की सफाई तथा संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरी व्यवस्थाओं के निर्देश दिए हैं। विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर नालों एवं नालियों पर कच्चे व पक्के अतिक्रमणों तथा अवरोधों को हटाने को कहा है। पेड़ों में लगे बोर्ड्स, साइन-बोर्ड्स, साइनेजेस, विज्ञापनों, बिजली के तारों तथा हाइटेंशन लाइन्स को भी हटाने के निर्देश विभाग ने दिए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेजे परिपत्र में कहा है कि वर्षा ऋतु में प्रायः यह देखने में आता है कि शहरों में बारिश के पानी के निकासी के लिए निर्मित नालियों की समय पूर्व समुचित सफाई न होने तथा पानी निकासी के रास्तों के अवरोधों को दूर नहीं करने के कारण आकस्मिक वर्षा से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस स्थिति से बचाव के लिए बरसात के पहले सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर लें। विभाग ने संचालनालय से निकायों को जारी परिपत्र में नगर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ गलियों व चौराहों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। नगर के सभी नालों व नालियों की पूर्ण एवं नियमित साफसफाई अंतिम छोर तक गहराई से किए जाएं। इस कार्य से किसी भी प्रकार से नदी या जल प्रदूषित न हों, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। विभाग ने निर्माणाधीन नालों एवं नालियों में पानी बहाव के रास्ते से निर्माण सामग्रियों को हटाने को कहा है, जिससे पानी के बहाव में निरंतरता बनी रहे। नालों व नालियों में निर्मित कच्चे-पक्के अतिक्रमणों और अवरोधों को भी हटाने के निर्देश दिए गए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निकायों को बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर आवश्यक अमले, टूल, मशीन आदि के साथ ही नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति करने को कहा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की 24 घंटे वर्किंग सुनिश्चित करते हुए इसके फोन नम्बर आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार करने भी कहा है। निचली बस्तियों एवं संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के चिन्हांकन के साथ ही वहां प्रभावितों का अनुमान लगाकर प्रभावितों के लिए अस्थाई रूप से सुरक्षित स्थल भी चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं।




## भूपेश ने उठाए सवालः नक्सल मामलों पर गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने किए अलग-अलग दावे

प्रथम पेज का शेष

चारों ओर सवाल उठे, शव मोर्चुरी में सड़ने लगे तब पुलिस ने 12 मई को शाम में रिलीज़ जारी कर बताया कि बीजापुर में ऑपरेशन संकल्प में कुल 31 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत विगत दिनो में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में बरामद नक्सलियों के शवों में से अब तक कुल 20 नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली गई है। पहचाने गए 20 नक्सलियों के शवों में से 11 शवों को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मुठभेड़ में बरामद शेष 11 नक्सलियों के शवों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, उनके शव भी परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। इस प्रेस रिलीज़ में भी विरोधाभास है। अगर 20 की पहचान कर ली गई है तो सिर्फ़ 11 क्यों सौंपे गये। अगर 20 की पहचान हो गई तो 11 की पहचान की प्रक्रिया कैसे जारी हो सकती है? भूपेश बघेल ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या ऑपरेशन संकल्प चल रहा है? अगर हां तो इसका क्या विवरण है? ऐसा कैसे हो सकता है कि पुलिस कोई ऑपरेशन चला रही है और गृहमंत्री को इसकी जानकारी नहीं है? बघेल ने कहा कुल कितने शव बरामद किए गए? अगर 31 नक्सली मारे गए तो बीजापुर में 22 शव ही कैसे पहुंचे हैं? बाक़ी के शव कहां हैं? उन्होंने कहा अगर सुरक्षा बलों को इतनी बड़ी सफलता मिली तो इसकी घोषणा करने में इतना समय क्यों लगा? जिनकी पहचान की गई उनके क्या-क्या नाम हैं? जिन शवों को पहचानकर हैंडओवर किया गया, जिनको हैंडओवर किया गया उनके क्या नाम हैं? और मृतकों से उनका क्या क्या रिश्ता है? कितने शव को पहचानना अभी बाक़ी है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403